# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

वर्ष 39 | चंडीगढ़, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 | वैशाख कृष्ण पक्षः पंचमी/षष्ठी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 118 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12





सुबह वाणी



जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है और जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है।











## न्यूज ब्रीफ

### आप से गठबंधन पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा



**नई दिल्ली (अप्रस)।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखी। चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# शहजादे ने राजाओं-महाराजाओं का अपमान किया पर औरंगजेब के अत्याचारों को भूल गए : पीएम मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**दावणगेरे (कर्नाटक), 28 अप्रैल।** राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी कि राजा-महाराजा 'जमीन हड़पने वाले' हुआ करते थे, को लेकर उन पर कड़ा प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और अत्याचारों को भूलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब जैसे लोगों ने सैकड़ों मंदिरों को नष्ट कर दिया। पीएम मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में रैली को संबोधित करते कर रहे थे। पीएम ने कहा कि 'कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि भारत के राजा-महाराजा अत्याचारी थे, उन्होंने गरीबों की जमीन छीन ली। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी हस्तियों का अपमान किया। उनका शासन, उनकी देशभक्ति आज भी हम सभी को प्रेरित करती है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के शहजादा की टिप्पणी तुष्टीकरण के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया बयान है। उन्होंने राजाओं और महाराजाओं का उल्लेख किया, लेकिन उन्होंने भारतीय इतिहास में निजाम-नवाब और सुल्तानों द्वारा किए गए अत्याचारों का भी उल्लेख नहीं किया।



### अंतर्कलह से जूझ रही कांग्रेस, लड़ाई जल्द आएगी सड़कों पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है। पीएम मोदी ने कांग्रेस के विभिन्न गुटों के बीच आंतरिक कलह के बारे में लोगों को आगाह करते हुए कहा कि जल्द ही यह झगड़ा सार्वजनिक हो जाएगा और प्रत्येक समूह संभावित चुनावी हार के लिए दूसरे को दोषी ठहराएगा। पीएम मोदी ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के विभिन्न गुटों में चल रही आंतरिक लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी। सभी गुट हार के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते नजर आएंगे। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में पार्टी के महत्वपूर्ण लाभ हासिल करने की संभावना कम है।

### इस बार कांग्रेस की दिल्ली में खाता खेलने की संभावना खत्म

पीएम मोदी ने कहा कि कहा कि इस बार उनकी (कांग्रेस की) दिल्ली में खाता खोलने की संभावना खत्म हो गई है। दावणगेरे में यह भारी जनसमर्थन दिखाता है कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सजा देगी। पीएम मोदी ने पांच वर्षों में अपने सहयोगियों के बीच प्रधानमंत्री पद को घुमाने के इंडिया समूह के प्रस्ताव की व्यवहार्यता और लाभों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने राष्ट्रीय शासन पर ऐसी योजना के संभावित प्रभावों के बारे में चिंता जताई और सवाल उठाया कि क्या यह वास्तव में दीर्घकालिक रूप से देश के हितों की सेवा करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि इंडिया समूह एक नया फॉर्मूला लेकर आया है। पांच साल में सभी सहयोगियों के किसी एक नेता को एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। यानी एक साल में एक प्रधानमंत्री, दूसरे साल में दूसरा प्रधानमंत्री, तीसरे साल में तीसरा प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। ऐसे में क्या देश को फायदा होगा, क्या आपको या आपके बच्चों को फायदा होगा?

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ओडिशा में फूंका चुनावी बिगुल, सरकार को घेरा

# प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक चुनिंदा लोगों के लिए चला रहे सरकार : राहुल गांधी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**भुवनेश्वर, 28 अप्रैल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के सालेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। राहुल गांधी ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पटनायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नौकरशाह से नेता बने पांडियन (वी के पांडियन) ओडिशा में सरकार चला रहे हैं।

राहुल ने कहा कि पीएम मोदी और पटनायक दोनों कुछ चुनिंदा लोगों के लिए केंद्र और ओडिशा में सरकार चला रहे हैं। जहां श्री मोदी दिल्ली से करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं पटनायक सरकार ओडिशा के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।



**ओडिशा सरकार ने खनन घोटाला और भूमि कब्जा करके कराड़ों लूटे:** राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) आपस में साझेदारी कर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ओडिशा के लोगों को 'पान' (इसे पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक के रूप में समझाते हुए) दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि ओडिशा सरकार ने खनन घोटाला और भूमि कब्जा योजना जैसे विभिन्न घोटालों के माध्यम से करोड़ों रुपये लूटे हैं। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लूटे गए पैसे को लोगों को वापस करने का वादा किया।

**किसानों का करेंगे कर्ज माफ:** राहुल गांधी ने किसानों का कर्ज माफ करने और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो गरीबों की एक सूची बनायी जायेगी और प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये प्रति माह की दर से एक लाख रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन को दोगुना करेंगे

राहुल गांधी ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन को दोगुना करने के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और सरकारी कार्यालयों में एक लाख शिक्षित युवाओं को नौकरी देने के लिए 'पहली नौकरी पक्की' योजना शुरू करने का वादा किया। उन्होंने मनरेगा के तहत श्रमिकों की दिहाड़ी बढ़ाकर 400 रुपये करने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने का भी वादा किया।

# 'आप' अपना कैंपेन सॉन्ग बदले : इलेक्शन कमीशन

कहा- इससे न्यायपालिका की हो रही छवि खराब

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** इलेक्शन कमीशन ने आम आदमी पार्टी (आप) को अपने इलेक्शन कैंपेन सॉन्ग में बदलाव करने को कहा है। ईसी ने केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 और ईसीआई गाइडलाइन्स का हवाला देते हुए आप को सॉन्ग में बदलाव करके उसे दोबारा सब्मिट करने को कहा है। सॉन्ग को चेक करने के बाद ही उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

ईसीआई ने कहा कि सॉन्ग की लाइन 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' के साथ आक्रोशित भीड़ नजर आ रही है। इस भीड़ के हाथ में जेल की सलाखों के पीछे अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है। इस तरह के पिक्चराइजेशन से न्यायपालिका की छवि खराब होती है। इसके अलावा ईसीआई ने ये भी कहा कि जेल के जवाब में वोट वाली लाइन कई बार दोहराई गई है, जो कि केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 के तहत प्रोग्राम एंड एडवर्टाइजिंग कोड की ईसीआई गाइडलाइन और रूल (1(जी) का उल्लंघन करता है।

# शंभू बॉर्डर खोलने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा- पंजाब के बंद शंभू बॉर्डर को खोलने का मामला पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। प्रदेश के व्यापारियों ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और भारतीय चुनाव आयोग को इसकी शिकायत की है। जिसमें व्यापारियों ने लिखा है कि 10 फरवरी 2024 से शंभू बॉर्डर बंद होने और अब शंभू के पास रेलवे ट्रैक बंद होने का असर अंबाला, पंचकूला, करनाल और आसपास के जिलों की प्रमुख बाजारों पर पड़ा है। खासकर इलेक्ट्रिकल डीलरों, ज्वैलर्स, ट्रांसपोर्टरों और कपड़ा बाजार व्यवसाय को 70 फीसदी तक नुकसान होने का व्यापारियों ने दावा किया है।

हरियाणा के प्रमुख जिलों के व्यापारियों ने संयुत रूप से मुख्य न्यायाधीश और ईसीआई से मांग की है कि राज्य सरकार को सीमाएं खाली कराने के निर्देश जारी करें। व्यापारियों ने बताया है कि अगले सप्ताह तक उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका भी वह दायर करेंगे।

पंजाब में अकाली दल के आखिरी उम्मीदवार की घोषणा

# खडूर साहिब से विरसा सिंह वल्टोहा को टिकट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर। पंजाब में अकाली दल ने खडूर साहिब सीट से उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। यहां से पार्टी के प्रवक्ता विरसा सिंह वल्टोहा को उम्मीदवार बनाया गया है। विरसा सिंह वल्टोहा खडूर साहिब से विधायक भी रह चुके हैं। खडूर साहिब पंथक सीट है। विरसा सिंह वल्टोहा का नाम पंथक नेताओं में आता है। वल्टोहा पंजाब सरकार में सीपीएस में भी रह चुके है। बता दें



कि खडूर साहिब से असम जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। तब चर्चा थी कि अकाली दल अमृतपाल को सपोर्ट कर सकता है। हालांकि, अकाली दल यहां अब अकेले चुनाव लड़ेगा।

**सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार चुका अकाली दल:** अकाली दल ने गुरदासपुर से डॉ. दलजीत चीमा, अमृतसर अनिल जोशी, आनंदपुर साहिब से प्रेम सिंह चंदूमाजरा, फतेहगढ़ साहिब से बिक्रमजीत खालसा, फरीदकोट से राजविंर सिंह, संगरूर से इकबाल सिंह झूंदा, पटियाला सीट एनके शर्मा, बठिंडा से हरसिमरत कौर बादल, जालंधर से मोहिंदर सिंह केपी, लुधियाना से रणजीत सिंह ढिल्लों, होशियारपुर से सोहन सिंह ठंडल, फिरोजपुर से नरदेव सिंह (बॉबी मान) और चंडीगढ़ से हरदीप सिंह सैनी को टिकट दिया है।










मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर से उम्मीदवार मीत हेयर के लिए किया चुनाव प्रचार, पुराने अंदाज में नजर आए सीएम, उमड़ा मोटरसाइकिलों और लोगों का जनसैलाब

# संगरूर आम आदमी पार्टी की राजधानी है और हमेशा रहेगी: भगवंत मान

कहा-अरविंद केजरीवाल भी मुझसे हमेशा संगरूर के बारे में पूछते रहते थे, पिछली बार जेल में मिलने गया तो सबसे पहले संगरूर के बारे में ही पूछा

अगली सरकार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना नहीं बनेगी, हम तय करेंगे कि देश की सरकार कैसी होगी

अकाली भाजपा और कांग्रेस को लोकसभा के लिए 13 उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं

अर्थ प्रकाश/ चेतन ठाकुर



**बरनाला/चंडीगढ़, 28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को संगरूर लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार गुरमीत सिंह मीत हेयर के लिए प्रचार किया। मान ने बरनाला में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया और लोगों को मीत हेयर को जीताने की अपील की।

लोगों को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि संगरूर आम आदमी पार्टी की राजधानी है और रहेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भी संगरूर की काफी चिंता रहती थी। वह मुझसे हमेशा संगरूर के बारे में पूछते रहते थे।

पिछली बार जब मैं उनसे जेल में मिलने गया तो उन्होंने सबसे पहले संगरूर के बारे में ही पूछा। मैंने उनसे कहा कि अगली बार जब मैं मिलने आऊंगा तो संगरूर का असली हाल बताउंगा और आज यहां लोगों का उत्साह देखकर यह स्पष्ट है कि संगरूर हम भारी अंतर से जीत रहे हैं। अब मैं उन्हें भरोसे के साथ संगरूर की जीत की खबर बता सकता हूं। उन्होंने कहा कि आज ही संयोग से मेरा उनसे मिलने का कार्यक्रम भी 30 तारीख को तय हो गया है।

भाषण के दौरान मान ने अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि तीनों पार्टियों को लोकसभा के लिए 13 उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। इनके नेता चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे है क्योंकि उन्हें पता है कि उनकी हार निश्चित है और आज उनकी यह दुर्गति उनके करतूतों के कारण हुई है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो चरण में देश में करीब 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार इंडिया गठबंधन को करीब 120 से 125 सीटें आ रही है। इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। आम आदमी पार्टी इस सरकार में हिस्सेदार होगी। अगली सरकार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना नहीं बन सकती। हम तय करेंगे कि देश की सरकार कैसी होगी। फिर हम पंजाब को देश का नंबर-1 राज्य बनाएंगे।

उन्होंने अपने काम गिनाते हुए कहा कि पिछले दो सालों में हमने पंजाब में कई ऐतिहासिक लोकहितैषी काम किए हैं। हमने पंजाब के 90 प्रतिशत लोगों की बिजली मुफ्त की। अभी तक हमने 14 टॉल प्लाजा बंद किए, जिससे लोगों को आर्थिक बचत हो रही है। पिछली सरकार पैसे लेकर टॉल प्लाजा की अवधि बढ़ा देते थे।

सड़क पर लोगों की सुरक्षा के लिए हमने सड़क सुरक्षा फोर्स बनाया। पहले पंजाब में सड़क हादसे में रोज 17 लोगों की मौत होती थी। वहीं फरवरी मार्च की रिपोर्ट के अनुसार इस बार दो महीने में सिर्फ 33 लोगों की मृत्यु हुई। इसके अलावा हम पुलिस फोर्स के जवानों को भी सम्मान दे रहे हैं। उनके जन्मदिन पर हम मुख्यमंत्री के नाम के पत्र के माध्यम से उनको जन्मदिन की बधाई देते हैं। इससे उनको और उनके परिवार के लोगों को काफी खुशी मिलती है और वे मन लगाकर काम भी करते हैं।

इसके अलावा हमने किसानों की सुविधा के लिए उन्हें दिन में ही 11 घंटे निर्बाध बिजली की व्यवस्था की जिससे उनकी परेशानी काफी कम हुई है और समय की भी बचत हुई है। वहीं रात में हमनें कई राज्यों को बिजली बेचकर करीब 90 करोड रुपए की कमाई की है। इसके अलावा हमने बिजली और भूजल बचाने के लिए पंजाब के करीब 60 प्रतिशत इलाके में नहरी पानी पहुंचाया। अक्टूबर तक यह आंकड़ा 70 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने किसानों का धन्यवाद किया कि उन्होंने उनकी अपील पर पूसा -44 की जगह गेहूं की अन्य वेरायटी को बोया।

### यह पंजाब की पहली सरकार जिसने चुनाव के दौरान जो वादे किए उससे ज्यादा काम किएः मीत हेयर

जनसभा को संबोधित करते हुए आप उम्मीदवार मीत हेयर ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और केन्द्रीय पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बेहद सौभाग्य की बात है कि आम आदमी पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण सीट संगरूर के लिए पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि यह पंजाब की पहली सरकार है जिसने चुनाव के दौरान लोगों से जो वादे किए उससे ज्यादा काम करके दिखाया है। जैसे - हमने टोल प्लाजा बंद किए, सड़क सुरक्षा फोर्स बनाया, शहीदों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी, प्राइवेट थर्मल पावर प्लांट खरीद आदि। उन्होंने कहा कि पिछले सरकार के वित्तमंत्री मनप्रीत बादल हमेशा बोलते थे कि खजाना खाली है। वहीं हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। इसीलिए पंजाब में इतने सारे काम हो रहे हैं। पहले जिस क्षेत्र में सरकार को 5-6 प्रतिशत कमाई होती थी, मान सरकार में अब उन्ही क्षेत्रों में 13 से 14 की कमाई हो रही है और इन पैसों से सरकार लोकभलाई के काम कर रही है। ऐसा इसलिए संभव हो सका क्योंकि मान सरकार ईमानदारी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान की नीयत पर कोई शक नहीं कर सकता।

## मुख्यमंत्री ने लुधियाना में अशोक पराशर पप्पी के लिए मांगे वोट, जनता का मिला रहा जबरदस्त समर्थन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत मान को लुधियाना के लोगों से बहुत जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली जब वह लुधियाना लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार अशोक पराशर पप्पी के लिए प्रचार कर रहे थे। मान ने कहा कि लुधियाना में उनके रोड शो में लोग पूरे दिल से और इतने उत्साह से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां आप की जीत का 100 प्रतिशत यकीन है। इस रोड शो में सीएम के साथ आप प्रत्याशी अशोक पाराशर पप्पी भी थे।

यहां एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि लुधियाना पंजाब का दिल है और लुधियाना से जीतने का मतलब पंजाब का दिल जीतना है। उन्होंने कहा, 'असि त दिल वी जित्ते ते दिल्ली वी जित्ती आ।' इसके बाद वह जगह 'इंकलाब जिंदाबाद', 'आम आदमी पार्टी जिंदाबाद' और 'भगवंत मान जिंदाबाद' के नारों से गूंजने लगा। मान ने लोगों को इतना प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लुधियाना उनकी कर्मभूमि है, क्योंकि मान पहली बार 1991 में लुधियाना में रहे और एक हास्य कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया। मान ने लुधियाना में बिताए अपने समय को भी याद किया। उन्होंने कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें लुधियाना के लोगों की सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मैं यहां आप लोगों से एक बार और जनादेश मांगने के लिए आया हूं।

मान ने कहा कि वह पिछले दिनों जहां भी गए, वहां से उन्हें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। लेकिन लुधियाना में लोगों का उत्साह सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वह अब लुधियाना को लेकर पूरी तरह से टेंशन फ्री हैं। यह भीड़ और उनके जोरदार नारे इस बात का सबूत हैं कि हम यह सीट भारी अंतर से जीत रहे हैं। अब मुझे कुछ कहने की जरूरत ही नहीं है। यहां हर कोई आम आदमी पार्टी की वकालत कर रहा है। उन्होंने कहा कि लुधियाना के लोग एक जून को 'झाड़ू' का बटन दबाएंगे और एक नई कहानी लिखेंगे।

## पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वाट्सऐप चैनल किया जारी

चैनल के द्वारा वोटर नियमित चुनावी अपडेट हासिल कर सकेंगे: सिबिन सी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 28 अप्रैल।** एक अलग प्रयास के अंतर्गत पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ़्तर ने एक समर्पित वाट्सऐप चैनल, 'मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब' की शुरुआत की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने जानकारी देते हुए बताया कि वाट्सऐप चैनल का उद्देश्य मतदान सम्बन्धी आम जनता और चुनावी अमल के भागीदारों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी को प्रसारित करना है, जिसमें चुनावी प्रक्रियाएं, स्वीप (सिस्टेमैटिक वोटर्ज एजूकेशन और इलैकटोरल पार्टीसीपेशन) गतिविधियां, महत्वपूर्ण तारीकें, अलग-अलग आंकड़े और लोक सभा चुनाव-2024 से सम्बन्धित अन्य बहुत सी जानकारियां शामिल हैं। इसके अलावा यह चैनल 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर द्वारा महत्वपूर्ण पहलों को भी वोटरों तक पहुँचाएगा।

यह प्रयास सार्वजनिक शमूलियत के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर के पहले से जारी प्रयासों का हिस्सा है। सिबिन सी ने बताया कि जानकारी और अन्य गतिविधियों का प्रसार करने और वोटरों के सवालों का जवाब देने के लिए इससे पहले नियमित पोडकास्ट शुरू किया गया है और ''फेसबुक लाइव'' सैशन भी करवाए जा रहे हैं। ज़िक्रयोग्य है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर द्वारा @TheCEOPunjab हैंडल के साथ फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनल भी चलाए जा रहे हैं।

सिबिन सी ने वाट्सऐप इस्तेमाल करने वालों को लोक सभा चुनाव-2024 संबंधी नियमित और प्रामाणिक अपडेट प्राप्त करने के लिए आधिकारित चैनल के साथ जुड़ने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने वाट्सऐप इस्तेमाल करने वालों को अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए इस चैनल की जानकारी को अन्य समूहों में साझा करने की अपील भी की है।

## अबोहर में आचार संहिता का उल्लंघन: आप कार्यकर्ताओं ने लगाए उम्मीदवार के पोस्टर

चुनाव अधिकारी की टीम ने हटाया

पोस्टर को रातोंरात ही फाड़ दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**अबोहर, 28 अप्रैल।** अबोहर में आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आया है। हालांकि, सूचना मिलते ही चुनाव अधिकारी की टीम ने इस पर कार्रवाई की और शहर में लगे सभी पोस्टरों को रातों-रात फाड़ दिया गया।

जानकारी के मुताबिक रविवार को अबोहर की अरोडवंश धर्मशाला में आम आदमी पार्टी के फिरोजपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जगदीप सिंह काका बराड़ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसके स्वागत के लिए स्थानीय आम आदमी पार्टी नेता पंकज नरूला और ब्लॉक प्रधान अरविंदर शेरा खुद नेहरू से मिले।

पार्क की दीवारों के अलावा अन्य जगहें पोस्टरों से भरी हुई थीं, जिन पर प्रत्याशी काका बराड़, सीएम भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल की तस्वीरें लगी हुई थीं।

सरकारी इमारतों पर तो पोस्टर लगाया ही नहीं जा सकता जबकि प्राइवेट इमारतों पर लगाने के लिए जहां इमारत मालिक की सहमति के अलावा चुनाव अधिकारी से भी मंजूरी लेनी होती है लेकिन इस बाबत किसी तरह की कोई मंजूरी नहीं ली गई व नेहरू पार्क की दीवारों पर पोस्टर लगाकर जमकर चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गई।

इस बात का पता चलते ही चुनाव अधिकारी द्वारा कोड आफ कंडक्ट टीम को आदेश देकर नेहरू पार्क की दीवार के अलावा अन्य जगहों पर बिना मंजूरी लगाए गए पोस्टर को रातों रात ही फाड़ दिया गया। हैरानी की बात यह है कि पोस्टर लगाने वाले आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी पोस्टर लगाने के बाद सोशल मीडिया पर लाइव होकर इसे स्वागत की तैयारियां बता रहे थे।

### कारण बताओ नोटिस जारी

इस बाबत पंकज नरूला व अरविंदर शेरा ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि इसके लिए मंजूरी लेनी होती है। इस बाबत चुनाव अधिकारी पंकज बांसल से बात करने पर उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्हें इस बात की जानकारी मिली तो माडल कोड आफ कंडक्ट की टीम ने इसे रिमूव कर दिया व पोस्टर लगाने वाले व्यक्तियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया गया है।

## पंजाब विधान सभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने सरबजीत सिंह पंधेर के देहांत पर जतया दुख

**चंडीगढ़, 28 अप्रैल (अप्रस)।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने सीनियर पत्रकार श्री सरबजीत सिंह पंधेर के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

रविवार को यहाँ से जारी बयान में विधान सभा स्पीकर ने कहा कि सरबजीत सिंह पंधेर न केवल नामवर पत्रकार थे, बल्कि एक सुलझे हुए, स्याने और ज़िंदादिल व्यक्ति थे। वह बतौर पत्रकार 'द हिंदु' अख़बार के साथ जुड़े हुए थे।

स. संधवां ने कहा कि श्री पंधेर का चले जाना मीडिया भाईचारे और समाज के लिए बहुत बड़ा घाटा है। उन्होंने कहा कि श्री पंधेर को पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए गए कीमती योगदान के लिए हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

स्पीकर ने ईश्वर के समक्ष प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को आत्मिक शांति और अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करें और परिवार को ईश्वरीय आदेश मानने का बल प्रदान करें।


**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS DRAW DATE:28/04/2024

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 IRON SUNDAY WEEKLY LOTTERY

**MRP Rs 10/- Per Ticket**

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

3463

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

5722

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1123 | 3241 | 3508 | 3683 | 4326 | 4888 | 5909 | 6637 | 8121 | 8705 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0220 | 0591 | 0711 | 1345 | 2697 | 3526 | 4167 | 5178 | 8826 | 8999 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0008 | 0042 | 0047 | 0155 | 0172 | 0202 | 0265 | 0468 | 0547 | 0550 |
| 0594 | 0626 | 0643 | 0682 | 0689 | 0701 | 0734 | 0762 | 0897 | 0983 |
| 0990 | 0994 | 1035 | 1089 | 1233 | 1251 | 1285 | 1313 | 1316 | 1427 |
| 1438 | 1509 | 1542 | 1552 | 1698 | 1761 | 1767 | 1900 | 1909 | 1930 |
| 2052 | 2061 | 2063 | 2179 | 2191 | 2205 | 2217 | 2225 | 2234 | 2289 |
| 2306 | 2315 | 2384 | 2397 | 2444 | 2550 | 2552 | 2598 | 2652 | 2714 |
| 2851 | 2869 | 2948 | 2976 | 2993 | 3073 | 3086 | 3195 | 3197 | 3204 |
| 3221 | 3306 | 3317 | 3340 | 3410 | 3507 | 3571 | 3657 | 3660 | 3691 |
| 3738 | 3810 | 3935 | 3941 | 3982 | 4018 | 4181 | 4183 | 4189 | 4254 |
| 4256 | 4313 | 4314 | 4337 | 4368 | 4385 | 4495 | 4530 | 4605 | 4616 |
| 4632 | 4681 | 4686 | 4695 | 4730 | 4737 | 4777 | 4800 | 4845 | 4913 |
| 5058 | 5092 | 5098 | 5107 | 5138 | 5160 | 5352 | 5482 | 5517 | 5530 |
| 5582 | 5641 | 5692 | 5827 | 5836 | 5887 | 5928 | 6010 | 6121 | 6147 |
| 6153 | 6179 | 6181 | 6227 | 6235 | 6321 | 6333 | 6359 | 6368 | 6390 |
| 6538 | 6563 | 6609 | 6669 | 6742 | 6755 | 7010 | 7011 | 7042 | 7117 |
| 7185 | 7220 | 7232 | 7262 | 7269 | 7322 | 7394 | 7448 | 7456 | 7478 |
| 7544 | 7576 | 7602 | 7615 | 7657 | 7682 | 7688 | 7724 | 7727 | 7762 |
| 7766 | 7791 | 7807 | 7926 | 7986 | 8178 | 8246 | 8321 | 8330 | 8364 |
| 8372 | 8443 | 8528 | 8832 | 8887 | 8908 | 8943 | 9001 | 9075 | 9126 |
| 9159 | 9171 | 9414 | 9423 | 9425 | 9435 | 9490 | 9586 | 9618 | 9662 |

Issued by Directorate of PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly Check The Final Result With Official Gazette Notification


समराला में एसीपी और गनमैन की हादसे में हुई मौत का मामला

## पुलिस ने पकड़ा मुख्यारोपी, टक्कर के बाद कार में जले थे जिंदा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खन्ना, 28 अप्रैल।** 25 मार्च की रात को समराला में लधियाना चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में एसीपी संदीप सिंह और उनके गनमैन परमजोत सिंह की मौत हो गई थी। स्कॉर्पियो गाड़ी से टक्कर के बाद एसीपी की फॉर्च्यूनर गाड़ी ने आग पकड़ ली थी। जिसमें दोनों जिंदा जल गए थे। इस हादसे के बाद अब पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक अमनवीर सिंह निवासी गांव अलीचक (जालंधर) को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले अमनवीर के दो अन्य दोस्तों को गिरफ्तार किया गया था जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गए थे और आरोपी का साथ दिया था।



### चंडीगढ़ से आ रहे थे एसीपी

लुधियाना जिले के समराला के दयालपुरा गांव के पास फ्लाईओवर पर 25 मार्च की देर रात को करीब 1 बजे यह हादसा हुआ था। लुधियाना ईस्ट के एसीपी संदीप सिंह अपने गनमैन और ड्राइवर के साथ चंडीगढ़ से आ रहे थे तभी समराला के पास दयालपुरा गांव के पास फ्लाईओवर पर ओवरटेक कर रही स्कॉर्पियो गाड़ी से उनकी फॉर्च्यूनर गाड़ी जोरदार टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी भयानक थी कि फॉर्च्यूनर गाड़ी में मौके पर ही आग लग गई थी और कुछ ही मिनटों में गाड़ी जलकर राख हो खाक हो गई थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से गुरदासपुर में 2 बच्चों के पिता की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर, 28 अप्रैल।** गुरदासपुर के गांव धारोवाली रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव गाजीनांगल निवासी गुरविंदर सिंह के रूप में हुई है। थाना कोटली सूरत मल्ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जिला बटाला के अंतर्गत गांव धारोवाली से उद्दोवाली जाने वाली सड़क पर यह हादसा हुआ है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

मृतक गुरविंदर सिंह के बड़े भाई जसपाल सिंह ने बताया कि गुरविंदर सिंह एक प्राइवेट बस में कंडक्टर का काम करता था। पता चला कि उदोवाली से धारोवाली रोड पर उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि गुरविंदर सिंह की मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे 2 बच्चे और पत्नी छोड़ गया है। उनके परिजनों ने पुलिस प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच और न्याय की मांग की है।

## रेलवे लाइन के बीच आए सांड ने रेलवे फाटक तोड़ दिया



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 28 अप्रैल।** अंबाला कालका रेल मार्ग पर स्थानीय ईस्सापुर- तहसील रोड का बंद हुआ रेलवे फाटक संख्या सी-115 अचानक रेलवे लाइन के बीच आए सांड ने तोड़ दिया । एहतियात के तौर पर गेटमैन ने इमरजेंसी स्लाइड गेट लगाकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया। इस दौरान एक घंटे से अधिक समय तक बंद रहे रेलवे फाटक के दोनों तरफ यातायात बंद रहा और फाटक के आर पार जाने वाले लोग परेशान नजर आए। जानकारी मुताबिक सुबह करीब 7 बजकर 18 मिनट पर ट्रेन निकलने के लिए गेट बंद था तो घग्गर रेलवे स्टेशन की तरफ झाड़ियों से अचानक सांड निकल आया। जिसने बंद रेलवे फाटक से बाहर निकलने के लिए बूम बैरियर के ऊपर से छलांग लगा दी। इसी दौरान सांड बूम बैरियर में फंस गया और निकलने के प्रयास में बैरियर को डैमेज कर दिया। इसी बीच ट्रेन आती देख गेटमैन ने तुरंत इमरजेंसी स्लाइड गेट लगाया और ट्रेन को सुरक्षित निकाला। ट्रेन निकलने के बाद गेटमैन ने इसकी सूचना उच्च अफसरों को दी। इसके बाद मैकेनिक मरम्मत के लिए आए। डेराबस्सी शहर में आने वाले वाहन चालकों को फाटक की मरम्मत होने तक चिलचिलाती धूप में काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। करीब 11.30 बजे तक टूटे बैरियर को बदल कर पूरी तरह दुरुस्त कर दिया गया।




# कांग्रेस के अनेक नेता कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे: नायब सैनी

## तीसरी बार 'मोदी सरकार' बनने पर 70 वर्ष आयु के हर व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड मिलेगा

**रादौर विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा - नायब और नवीन को एक ही समझे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रादौर/यमुनानगर, 28 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस के अनेक नेता कांग्रेस में घुटन महसूस कर बाहर निकलने का रास्ता देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के कांग्रेस छोड़ने की घोषणा का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा के भी कई कांग्रेसी नेता वर्तमान में रास्ता देख रहे हैं कि किस रास्ते से उन्हें निकलना है। मुख्यमंत्री रविवार को रादौर में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल के पक्ष में 'विजय संकल्प रैली' को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि नवीन और नायब को एक ही समझें और दोनों की राशि भी एक ही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 55 साल के शासनकाल में गरीब और भी गरीब हुआ है, जबकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कल्याणकारी नीतियां बनाकर उसे ऐसे योजनाबद्ध तरीके से उन्हें लागू करने का काम किया है कि देश के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकलने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 10 साल में जो कहा वह किया है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस का काम केवल केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का विरोध करना रहा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास आज न नेता है, न नीति है और न ही नीयत है। जबकि भाजपा के पास नरेन्द्र मोदी के रूप में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ नेता हैं, जिनकी नीयत देश को विकसित बनाने की है और उनके पास शानदार नीति है, जिससे हर भारतीय का भला हो रहा है।

### कांग्रेस झूठ बोलकर वोट लेने का काम करती

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ बोलकर वोट लेने का काम करती है। उसे इस बात से कोई मतलब नहीं है कि उसके झूठ से लोगों के जीवन पर क्या असर पड़ेगा? उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने किसानों के कर्ज माफी का नारा देकर उनसे वोट तो लिया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। जिस कारण 16000 से ज्यादा किसानों की जमीन कुर्क हो गई और 4500 किसानों ने आत्महत्या कर ली। अब कांग्रेस के लोग एक दिन में गरीबी हटाने की बात करते हैं,जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने कभी किसानों का भला नहीं सोचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना,जनधन खाता योजना,हर नल से जल योजना,उज्ज्वला योजना जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने का काम किया है। लोगों को रोजगार के साधन मुहैया करवाने के लिए प्रधानमंत्री ने काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी और गति से विकास के कार्य करेंगे। देश को और मजबूत करने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है। देश के लोगों के लिए अनेकों योजनाएं प्रधानमंत्री ने बनाई है और इन योजनाओं को संकल्प पत्र में शामिल करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन देने का प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है और यह भी संकल्प किया है कि तीसरी बार सरकार बनने पर देश के 70 वर्ष की आयु के हर व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा, ताकि उन्हें अपने इलाज के लिए किसी की तरफ देखना ना पड़े।

### विकसित भारत में हर व्यक्ति होगा खुशहाल: नवीन जिंदल

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के लिए जो कार्य किया है वह बेमिसाल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का सपना देखा है और जिसके लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में हर व्यक्ति के पास रोजगार होगा। हर व्यक्ति खुशहाल होगा। किसानों की आय ज्यादा होगी। महिलाएं स्वाबलंबी बनेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। नवीन जिंदल हरियाणा सरकार द्वारा पारदर्शिता दिखाते हुए बिना खर्ची-बिना पर्ची नौकरी देने की सराहना की और कहा कि इससे युवाओं को काफी लाभ हुआ है।

### सुभाष सुधा ने मनोहर लाल को बताया संत

हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को संत बताते हुए कहा कि मनोहर लाल ने अपने हिस्से की पुश्तैनी तीन एकड़ जमीन और मकान दान कर दिया। उन्होंने कहा कि यही नहीं मनोहर लाल ने खुद कुर्सी छोड़ दी ताकि युवा आगे आएं और काम करें। जबकि राजनीति में इसके अलावा कोई दूसरा उदाहरण इस प्रकार का देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा धारा 370 हटाने, किसानों को फ्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिफ्र देने की भी प्रशंसा की।

### ओबीसी सिखाएगा अभय चौटाला को सबक: कांबोज

हरियाणा के पूर्व मंत्री और भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के संयोजक करण देव कंबोज ने इनेलो विधायक तथा कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अभय चौटाला द्वारा मुख्यमंत्री को छोटी जाति का बता कर उनका अपमान करने की निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष के लोग जातिवाद का जहर घोलकर वोट हथियाना चाहते हैं। जबकि भाजपा ने पूरे रादौर का विकास करवाने का काम किया है। इस अवसर पर नगर निगम के मेयर मदन चौहान,राजेश सपरा,पूर्व विधायक ईश्वर पलाका,बंता वाल्मीकि,कृष्ण सिंगला,हरबंस सैनी,नगर पालिका अध्यक्ष धनपत सैनी, देवेंद्र चावला,नितिन कंबोज,प्रीति जौहर,डॉक्टर ऋषिपाल सैनी मौजूद रहे।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा साहिब में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने माथा टेका

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री नायाब सैनी रविवार को गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर गुरुद्वारा साहिब गोबिंदपुरा भंभोली में पहुंचकर माथा टेका। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर और भाजपा के नेताओं ने भी मुख्यमंत्री के साथ गुरुद्वारा में माथा टेका। कार्यक्रम के आयोजक बाबा जसदीप सिंह ने सभी नेताओं का सिरोपा पहना कर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस अवसर पर हरियाणा की प्रगति, खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस मौके पर कहा कि गुरु महाराज उन्हें इतनी सामर्थ्य दे कि वह विकसित हरियाणा बनाने के अपने उद्देश्य को हासिल कर सके। सभी के चेहरों पर खुशी लाने के लिए लगातार काम करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की खुशहाली के लिए हम सबको मिल कर मेहनत करनी होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शब्द कीर्तन सुनकर जो शांति मिलती है, उसे शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं। पिछड़ों की सेवा करने के प्रयासों और अपने साहस के लिए दुनिया भर में उनका सम्मान है। नायब सैनी ने कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान हम सबको शक्ति और प्रेरणा देता है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद चेयरमैन रमेशचंद ठसका,पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरमैन राम निवास जी,पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी,भाजपा नेता जोनी राणा, भाजयुमो प्रदेश सचिव पुनीत बिंदल,दाता राम बिलासपुर, नितिन कपूर, प्रद्युम्न सिंह लाड्डी, मनोज गुप्ता, हरमोहिंदर सेठी, विपुल गर्ग, मुकुल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### सीएम पहुंचे संतों के दरबार वर्कर पहुंचे सीएम के द्वार

**पिहोवा (पौलसत्य)।** मुख्यमंत्री नायब सैनी आज पिहोवा के सचखंड ईसर दरबार जुरासी खुर्द में पहुंचे तथा गुरुद्वारा में जाकर शीश नवाया। उन्होंने संत बाबा मनी सिंह संत बाबा मोहन सिंह सहित दरबार के सेवादारों से मुलाकात की तथा भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के लिए आशीर्वाद मांगा। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जनता परिवार वादी पार्टियों से छुटकारा पाना चाहती है । यही कारण है कि कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। क्योंकि पिछले 60 सालों से कांग्रेस जनता को लूट रही थी। आज कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है तथा कांग्रेस को लोग छोड़ छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अब जनता देश को आगे बढाने वालों का साथ देने के लिए आगे आ रही है। भाजपा के राज् में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर ओर विकास किया । पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। हर तरफ तिरंगे व भारत की चर्चा हो रही है ।प्रधानमंत्री मोदी जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे तथा देश को आगे ले जाने के लिए कार्य करेंगे। शराब घोटाले पर पूछे गए सवाल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जब भी कोई विधायक इस बारे शिकायत करेगा तो उसकी जांच अवश्य की जाएगी । क्योंकि जजपा विधायक ही इस शराब कांड को उठा रहे हैं। वहीं इसके पश्चात मुख्यमंत्री नायब सैनी ब्रह्म अखाड़ा मांड़ी साहब में भी गए तथा वहां पर भी उन्होंने शीश नवा कर संत बाबा गुरविंदर सिंह जी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने वहां एकत्रित संतो श्रद्धालुओं व जनता से भी पार्टी प्रत्याशी नवीन जिंदल को आशीर्वाद देने व उनके पक्ष में वोट डालने की भी अपील की । इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल मंत्री सुभाष सुधा पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका युधिष्ठिर बहल मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती सहित अनेक नेता व वर्कर मौजूद थे । जहां मुख्यमंत्री नायब सैनी संतो के दरबार में पहुंचे। वहीं पर भाजपा के पुराने कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री को मिलने के लिए उनके द्वार पर पहुंचे। भाजपा वर्करो के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी ने डेरा प्रमुखों से बातचीत की। दर्जनों भाजपा वर्कर मुख्यमंत्री नायब सैनी को अपना दुख दर्द सुनाने गए थे कि चुनाव के दौरान उनकी अनदेखी की जा रही है ।किसी भी प्रकार से कोई तवज्जो नहीं दी जा रही। पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव से दूरी बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि अनदेखी के लेकर भाजपा कार्य कर्ताओं की जिला में भी बैठक हुई थी । उस बैठक में भी जिला अध्यक्ष के सामने वर्करों ने अपनी अनदेखी का दुखड़ा सुनाया था।

## अब रण होगा संघर्ष बड़ा भीषण होगा करनाल की जमीन पर

### करनाल में जोरदार एंटी कर माहौल को गर्म किया कांग्रेस प्रत्याशी ने

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 28 अप्रैल।** अब करनाल में रण होगा, संषर्ष बड़ा भीषण होगा। करनाल में कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने जोरदार एंट्री मारी। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी मनोहर लाल को रिजेक्टिड बताते हुए कहा कि साढ़े नौ साल का जबाब करनाल की जनता को दें। उसके बाद वह वोट की बात करें। उन्होंने कहा कि वह भगोड़ नहीं हैं। वल्कि सवालों से भागने वाले भजपा के प्रत्याशी मनोहर लाल हैं। करनाल पानीपत संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार करनारल पानीपत संसदीय क्षेत्र में पवहुंचे। यहां उन्होंने दनिर्मल कुटिया जा कर गुरुओं का आशीर्वाद लिया। उनका पूर्व सी.एम मनोहर लाल से पहला टकराव नहीं हैं। वह कई बार टकरा चुके हैं। उन पर इसके कारण कई मुकदमें लादे। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत शुभ कर्मन से कबहु ना डरू से की। उन्होंने कहा कि वह साधारण क्लर्क पिता और अध्यापिका माता के बेटे हैं। उन्होंने पोस्टर लगाने से अपने सफर की शुरूआत की। उन्होंने चार चुनाव लड़े। उनके घर में कोई आज तक पंच तक नहीं बना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अब तक चार चुनाव लड़े हैं। उनकी पहचान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ दीपक बाबरिया, राहुल गांधी प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी ने पहचान की। उन्होंने कहा कि जिस मामले में उन्हें भगोड़ा घोषित किया हैं। उस मामले को उन्होंने हाई कोर्ट में क्वेश किया हैं। वह कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। उनका स्वागत समालखा से लेकर करनाल तक हजारों लोगों की भीड़ ने किया। करनाल में मधुवन चौक से लेकर निर्मल कुटिया चौक तक किया। मेरठ चौक पर उनका स्वगत बुलजोर से फूल बरसा कर किया। उनको आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व एमएलए नरेंद्र सांगवान, राकेश सांगवान भीम सैन मैहता हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य रामशरण भोला, रघुबीर संधु, राजेश वैद्य, जोगिंदर चौहान, पराग गाबा, पंकज गाबा, रणपाल संधु, अशुंल लाठर, अनिल शर्मा, अमित बराना, सचिन बुडनपुर डा. गीता रानी, रामफल कमालपुर, गुरविदर कौर सहित सैकड़ों वर्कर पहुंचे।

### डीएवी पीजी कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह में विद्यार्थियों ने ताजा की पूरानी यादें

**करनाल (अप्रस)।** डीएवी पीजी कॉलेज में पूर्व मिलन छात्र समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व छात्रों का कॉलेज द्वारा पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। एलुमिनाई एसोशिएसन और कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह में सभी क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों का एकत्रित होना बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पूर्व मिलन समारोह एक ऐसा मंच है जंहा पर पूर्व छात्र अपने समय के अनुभव को नए छात्रों के साथ सांझा करते हैं। जंहा पर पूर्व छात्र और वर्तमान मे शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र शिक्षा के स्तर और विकास को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

## इनैलो की सरकार आम जनता के हित में काम कर चुकी: सुरजीत

अर्थ प्रकाश/कृष्ण



**निसिंग, 28 अप्रैल।** इनैलो नेता सुरजीत पहलवान ने कहा कि इनैलो की सरकार आम जनता के हित में काम कर चुकी है चाहे वो युवा वर्ग हो या व्यापारी वर्ग हो या किसान व मजदूर वर्ग व आम जनता के साथ इनेलो का जुड़ाव रहा है और इनेलो ने सभी कार्यकर्ताओं से लेकर आम जनता तक की सुनवाई की है।

रविवार को इनैलो नेता सुरजीत पहलवान गांव रसीना में सुरेश आंहू, कंवर पाल बुटाना व इनैलो एससी सैल के जिला अध्यक्ष बलवान वाल्मीकि की अध्यक्षता में बोल रहे थे। सुरजीत पहलवान ने कहा कि इनैलो सरकार के समय में प्रदेश में खुशहाली थी,शांति ,अमन , पूरे इलाके में भाईचारा बना हुआ था,जब से भाजपा आई है प्रदेश में ना तो शांति है,व्यापार बिलकुल खत्म हो चुका है,युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है और प्रदेश में इतनी दयनीय हालत बन चूके है कि ढुंढने से भी पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। कंवर पाल बुटाना ने कहा कि गांव के ग्रामीण आज भी इनेलो राज को याद करते है। उनका कहना है कि जनहित के काम व विकास इनेलो की सरकार ने प्रदेश में किए थे वह आज तक किसी सरकार ने नहीं किया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि सरकार ने हमेशा झूठ की राजनीति की है और विकास के नाम पर लोगों को बहकाया जा रहा है। प्रदेश में आज चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है और अब प्र्रदेश की जनता भाजपा से छुटकारा चाहती है।

उन्होंने कहा कि इनैलो उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से भारी मतों से विजय होगे और करनाल लोक सभा से इनैलो के समर्थन से मराठा विरेंद्र वर्मा जीत हासिल करेंगे। उन्होंने दावा किया की आने वाला समय इनैलो का होगा। एससी सैल के जिला अध्यक्ष बलवान सिंह ने कहा कि इनैलो उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करें। जिससे अभय सिंह चौटाला के ाथि मजबूत हो सकें।

## जिस सोहरे से डरती अलग हुई वही बांड में आ गया

अर्थ प्रकाश/पौलसत्य

**पिहोवा, 28 अप्रैल।** हरियाणा में एक कहावत है कि जिस सोहरे से डरती अलग हुई वही बांड में आ गया । यानि कि अपने ससुर से परेशान होकर एक पुत्रवधू ने अलग रहने का फैसला कराया परंतु बंटवारे में ससुर उसी की बांट में आ गया । यही हाल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे आम आदमी पार्टी व कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता के साथ हुआ । सुशील गुप्ता फरीदाबाद गुड़गांव से चुनाव लड़ना चाहते थे । गठबंधन के तहत एक सीट आम आदमी पार्टी के हिस्से में आई थी । उनकी नजर कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर पड़ी तथा वहां पर उनके समुदाय के वोटो की संख्या व वहां से चार बार उनके समुदाय के ही सांसद बनने को लेकर उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट को एक आसानी से जीत वाली सीट समझ लिया । उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने का मन बना लिया । चुनाव से पहले उन्होने पूर्व सांसद नवीन जिंदल से बात की तो नवीन जिंदल ने खुद के चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया तथा उनके साथ देने की बात बोल दी । इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने की बात की परंतु नवीन जिंदल ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया । इसके पश्चात सुशील गुप्ता अग्रोहा धाम की शरण में गए तथा वैश्य गुप्ता समुदाय के सभी संगठनों से बात की तथा उन्होंने भी नवीन जिंदल से इस बारे चर्चा की । सभी से आशीर्वाद लेकर सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से टिकट की मांग की । गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट दे दी गई । यहां से सुशील गुप्ता आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी बने तथा वह चुनाव में बड़ी तेजी से आगे बढ़े । परंतु अचानक बीच में ही भाजपा की ओर से नवीन जिंदल प्रत्याशी बनकर आ गए जिससे उनकी आशाओं पर पानी फिर गया । कांग्रेसी नेता भी इस बारे खुलकर चर्चा कर रहे हैं । वहीं आम आदमी प्रत्याशी अपने दिल का दर्द सभी को सुना रहे है। इतना ही नहीं इन नेताओं का कहना है कि प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने अभय चौटाला से भी बात की थी परंतु अब अभय चौटाला भी कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं । इसे कहते हैं हरियाणा में कि जिस शोहरे ससुर से डर कर अलग हुई वही बांड में आ गया । जिनसे बात करके अपने बचाव के लिए सुशील गुप्ता चुनाव में उतरे उन्हीं लोगों से उनका मुकाबला हो गया।

## ट्रेजेडी किंग वीरेंद्र सिंह फिर करेंगे सीएम की कुर्सी पर अपना दावा

### अपने साथियों की 25 सीटों की करेंगे कांग्रेस उच्चकमान से मांग

**कार्यकर्ताओं से 6 महीने साथ देने की अपील की**

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला



**जींद, 28 अप्रैल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा की राजनीति में ट्रेजडी किंग के नाम से विख्यात वीरेंद्र सिंह ने अपने साथी कार्यकर्ताओं से 6 महीने का समय मांगा है और कहा है कि हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव आएगा और वह रोड़ रोलर के साथ चंडीगढ़ जाएंगे। रोड़ रोलर रास्ते के सारे रोड़े हटाता हुआ निकल जाएगा। वह अपने बेटे की टिकट कटने के बाद पहली बार अपने कार्यकर्ताओं के साथ रूबरू हो रहे थे।

वीरेंद्र के साथी बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह ने अपने साथियों से कहा कि उनके बेटे को टिकट मिले या ना मिले इससे उनका कोई सरोकार नहीं है लेकिन वह आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने 20 से 25 साथियों की टिकट की लड़ाई जोरदार तरीके से लड़ेंगे। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि वह 10 साल भारतीय जनता पार्टी में रहे लेकिन इस दौरान वह अपने एक भी कार्यकर्ता को न तो सरकारी नौकरी लगवा पाए और नहीं किसी का तबादला करवा पाए। उन्होंने कहा कि आखिरी दम तक भाजपा के लोग हमें बाहरी लोग समझते रहे।

उन्होंने कहा कि राजनीति में उन्होंने कभी एक पैसा नहीं कमाया। इस बात को उनके साथी अच्छे से जानते हैं। जब 2 अक्टूबर को जींद में रैली करने की बात आई तो उन्होंने अपने साथियों से कहा कि उनके पास केवल 40 लाख रुपए हैं। रैली बड़ी करनी है तो इन पैसों में काम नहीं चलेगा। वीरेंद्र सिंह ने रहस्योद्घाटन किया की 10 मिनट में 2 करोड रुपए इकट्ठा हो गए और रैली की गई। उन्होंने कहा कि उनके बेटे बृजेंद्र को भाजपा टिकट देने के लिए तैयार थी। लेकिन विचारधारा की लड़ाई है जहां गरीब और किसान तथा कमेरे की सुनवाई ना हो वहां वह नहीं रह सकते। बृजेंद्र ने भी उनसे यही कहा था कि बीजेपी में उनके विचार नहीं मिलते इसलिए वह कांग्रेस में जा रहे हैं।

वीरेंद्र सिंह ने भाजपा के अबकी बार 400 पार नारे पर कहा कि लोग भाजपा को वोट नहीं देना चाहते और पहले चरण के चुनाव के तुरंत बाद जब भाजपा ने देखा कि इस बार स्थिति खराब है तो वह अपने विकास के एजेंडे से नीचे उतरकर हिंदू मुसलमान के एजेंडे पर आ गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा कुछ भी कर ले लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना निश्चित है। और भाजपा 200 से कम सीटों पर रह सकती है।

देश के विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के भाजपा के प्रचार पर उन्होंने पूछा कि इस अर्थव्यवस्था में देश की उसे 75 प्रतिशत आबादी को क्या मिला जो गरीब किसान और कमेरा वर्ग है। उन्होंने कहा कि पहले भी जब वह भाजपा में थे उस समय भी किसानों के साथ थे और आज भी किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में रहते हुए वह पलवल और हिसार में किसानों के धरने में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जिस दिन किस से मुंह मोड़ लूं तो उस दिन मुझे राजनीति करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

अपने बेटे को टिकट नहीं मिलने को उन्होंने बहुत छोटी घटना बताया। वीरेंद्र सिंह का दर्द उनकी जुबां पर भी आया। उन्होंने कहा कि दो बार वह मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए। एक बार उनके अपने लोगों ने साथ नहीं दिया और दूसरी बार उनके नेता राजीव गांधी की हत्या कर दी गई। उन्होंने अपने साथी कार्यकर्ताओं से कहा कि 6 महीने और साथ दे दो हरियाणा की राजनीति में बड़ा परिवर्तन होगा और चंडीगढ़ आपका होगा। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता बृजेंद्र के नेतृत्व में काम करेंगे जबकि वरिष्ठ कार्यकर्ता सीधे उनके संपर्क में काम करेंगे। उन्होंने मंच से ऐलान किया कि हिसार और कुरुक्षेत्र में वह पार्टी के लिए मुख्य रूप से काम करेंगे।




# चुनाव जीतने के लिए झूठ बोल रहे कांग्रेसियों को जनता सबक सिखाएगी : मनोहर लाल

## मनोहरलाल ने हुड्डा के 'घर' किलोई में कांग्रेस को कहा झूठ बेचने वाली पार्टी, कांग्रेस की सौदाबाजी को भाजपा ने खत्म किया

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल



**रोहतक/जसिया, 28 अप्रैल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के शासन में हुए विकास कार्यों से कांग्रेस में बौखलाहट है। बौखलाई हुई कांग्रेस अब झूठे सपने बेचने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता कांग्रेस द्वारा दिखाए जा रहे झूठे सपनों पर कभी विश्वास नहीं करेगी। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा ने 10 सालों में विकास के इतने काम किए हैं जितने कांग्रेस 55 सालों में भी नहीं कर पाई।

मनोहर लाल रविवार को रोहतक लोकसभा के किलोई विधानसभा के गांव जसिया में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने हरियाणा में विकास के काफी काम किए हैं। रोहतक लोकसभा क्षेत्र में भी बिना भेदभाव के विकास के काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। पूर्व सीएम ने अरविंद शर्मा को भारी बहुमत से जिताकर संसद भेजने का आग्रह किया।

मनोहर लाल ने कहा कि दस साल के शासनकाल में एनसीआर में पड़ने वाले सोनीपत, रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद आदि शहरों में काफी उद्योग लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि रोहतक, सोनीपत को विकास के मामले में गुरुग्राम से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खरखौदा में मारूति का प्लांट लगा है, उसमें भी 10 हजार युवाओं को काम मिलेगा। मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार ने हरियाणा में ऐसा वातावरण तैयार किया है कि देश दुनिया के उद्योगपति हरियाणा में अपना उद्योग लगाने की इच्छा रखते हैं।

कांग्रेस पर तंज कसते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में सौदबाजी होती थी। कांग्रेस का एजेंडा था आए हो तो क्या लेकर आए हो और जा रहे हो तो क्या देकर जाओगे? पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की सौदेबाजी को खत्म कर पारदर्शी शासन व्यवस्था दी है।

पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा-370 को खत्म किया। मोदी के नेतृत्व में राममंदिर बना। जनता से सवाल करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि ये काम कांग्रेस की सरकारें कभी कर सकती थी क्या?

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राहुल गांधी पर भी तंज कसा। उन्होंने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था देश आजाद हो गया है अब कांग्रेस पार्टी को खत्म कर देना चाहिए, लेकिन नेहरू ने ऐसा नहीं किया। अब राहुल गांधी कांग्रेस को खत्म करके महात्मा गांधी के सपने को साकार करने में जुटे हैं।

कांग्रेस नेताओं के बारे में बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि इनमें ना संस्कार है और ना ही इन लोगों को हिसाब- किताब आता है। कांग्रेस के नेता सिर्फ झूठ बोलने में ही माहिर है और चुनाव जीतने के लिए झूठ बोल रहे हैं कि हम गरीबी हटाएंगे। मनोहर ने कहा कि इससे पहले इंदिरा गांधी गरीबी हटाने का झूठा नारा देकर सत्ता में आई थी और अब कांग्रेस के लोग झूठ बोल रहे हैं कि गरीब महिलाओं और युवाओं के खातों में एक-एक लाख रुपये भेजेंगे।

मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा देश के युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। स्वयं सहायता समूह के जरिए ड्रोन दीदी, लखपति दीदी बनाया जा रहा है। भाजपा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। ड्रोन के जरिए खाद छिड़कना, दवाई छिड़कना सीखकर महिलाएं लाखों रुपये कमा रही हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस सालों में आखिरी टेल तक पानी पहुंचाया, गांवों को लाल डोरा से मुक्त किया। जाति पाति से ऊपर उठकर मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरियां दी। सर छोटूराम की 65 फुट ऊंची मूर्ति लगाई। धन्ना जाट की जन्म शताब्दी भाजपा सरकार ने मनानी शुरू की। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने तो घिनौने खेल खेले हैं, लोगों को जाति पाति में बांट कर रखा है। जबकि भाजपा सरकार ने चौधरी चरणसिंह को भारत रत्न दिया। भाजपा का लक्ष्य जनता की सेवा करना है।

**कांग्रेस सरकारों में योजनाएं नेताओं के खाने कमाने का साधन होती थी:** रैली को संबोधित करते हुए बाबा बालक नाथ ने कहा कि 10 सालों में विकास को घर–घर तक पहुंचते सभी ने देखा है। योजनाओं को धरातल पर उतरते देखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों में यह मशहूर था कि योजनाएं नेताओं और अधिकारियों के खाने कमाने का जरिया होती है, लेकिन भाजपा ने ईमानदारी से काम कर योजनाओं का लाभ घर– घर पहुंचाने का काम किया है। बाबा बालक नाथ ने कहा कि 2024 का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। देश को आगे बढ़ाने और युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव देश की दशा और दिशा तय करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है जिसे आप सभी लोगों ने 25 मई को वोट की ताकत देकर पूरा करना है। महंत बाबा बालक नाथ ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के वोट की ताकत से भगवान राम लला का मंदिर बनाने का 500 साल का सपना पूरा हुआ है। वोट की ताकत से धारा 370 समाप्त हुई। देश में राम राज्य की स्थापना के लिए, युवा पीढ़ी के सुखी जीवन के लिए कमल पर बटन दबाकर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करें। इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा, लोकसभा चुनाव प्रभारी राजीव जैन, संयोजक पूर्व विधायक नरेश कौशिक, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह–प्रभारी शमशेर सिंह खरक, महासम्पर्क अभियान प्रदेश प्रमुख नागेन्द्र शर्मा डॉ दिनेश धिलोड भारतीय कब्बड्डी के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा, वीर सिंह हुड्डा, राजेश भालौठ, जसिया के सरपंच ओमप्रकाश हुड्डा, डॉ प्रेम सिंह हुड्डा, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुडा, जिला महामंत्री आशा शर्मा सुनील भालौठ पूर्व विधायक सरिता नारायण जिला तरुण सत्री शर्मा के अलावा सभी जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। विजय संकल्प रैली में कांग्रेस व जजपा के सैकड़ों लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की उपस्थिति में भाजपा ज्वाइन की। पूर्व सीएम ने सभी नए साथियों का भाजपा में स्वागत किया। सांघी गांव से रामनिवास आर्य, राकेश, कप्तान हुड्डा, चांद हुड्डा, रामपाल पटवारी, बलवान हुड्डा, सतबीर हुड्डा, राम निवास हुड्डा, हरिओम हुड्डा, संजय हुड्डा, कैप्तान बेनीवाल, नरेंद्र हुडा बीजेपी में शामिल हुए।वहीं जजपा पार्टी से भी ऋषि हुड्डा, राहुल हुड्डा, सुनीलहुड्डा, कृष्ण हुड्डा, भूप सिंह हुड्डा, तेजवीर, कुलबीर, राजबीर पंडित, सुरेश पंडित, जयभगवान पंडित, राम ऋषि सैनी, प्रवीन सैनी, रामबीर सैनी, महेश सैनी रौनक सैनी, रमेश, राजबीर, राहुल हुडा, कृष्ण हुड्डा, सोमबीर हुड्डा, सुरेंद्र हुड्डा, मुकेश पहलवान,नवरतन प्रजापति, सुरेंद्र हुड्डा आदि अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

### मोदी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा हैः जेपी दलाल

रैली को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा ने 10 सालों में युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के हितों के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उनका लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवा नौकरी लग रहे हैं। श्री दलाल ने कहा कि भाजपा किसान हितैषी पार्टी है। किसानों की भलाई का जितना काम डबल इंजन सरकार में हुआ है उतना काम कभी नहीं हुआ। श्री दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भावांतर भरपाई योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 6 हजार रुपये सालाना की किस्त गरीब किसानों को मिल रही है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में देश और प्रदेश का किसान खुशहाल हुआ है और गरीबों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम मोदी सरकार ने किया है।

### आसौदा तक मेट्रो लाना मेरा संकल्प, मेट्रो नहीं ला पाया तो आगे नहीं लड़ूंगा चुनावः डा. अरविंद शर्मा

भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जो 14 फसलें एमएसपी पर खरीद रहा है। 2014 और 2019 में जनता ने मोदी को वोट देकर प्रधानमंत्री बनाया और प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया है। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि मैंने वादा किया था बहादुरगढ़ से सांपला तक मेट्रो लेकर आएंगे जिसे हमने पूरा किया। उन्होंने कहा कि अब मैं एक संकल्प और लेता हूं कि मैट्रो को आसौदा तक लेकर आऊंगा। इससे भी आगे ब?कर श्री शर्मा ने कहा कि अगर मैं ऐसा नहीं पाया तो आगे चुनाव नहीं लड़ूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक को खत्म किया। करतारपुर कॉरिडोर बनाया। मोदी के ही नेतृत्व में राममंदिर बना। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं का मान ब?ाया है। डा. शर्मा ने पूर्व सीएम हुडा पर सवाल करते हुए कहा कि जनता हुड्डा से पूछे कि उन्होंने विधानसभा में किलोई के विकास के कितने मुद्दे उठाए हैं? डा. शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनता की जमीन को प्राइवेट बिल्डरों, ठेकेदारें को बेचने का काम किया गया है। भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि सांपला को सब डिविजन बनाने का काम मनोहर लाल ने किया। भाजपा की सरकार में रोहतक के चारों ओर हाइवे, एक्सप्रेस वे जाल बिछा है। पीएम मोदी ने देश का नाम दुनिया में रोशन किया है। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। उन्होंने कहा रूस–यूक्रेन युद्ध में से भारत के छात्रों को सुरक्षित लाना, कतर से नौसैनिकों की फांसी की सजा माफ करवाकर सकुशल भारत लाने जैसे कार्य मोदी ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब एक देश एक कानून भी मोदी ही लागू करेंगे।

# लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में ही पीएम मोदी सौ सीटें जीत चुके हैं: अमित शाह

अर्थ प्रकाश/टीडी पांडेय



**मैनपुरी/उत्तर प्रदेश, 28 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सौ सीटें जीत चुके हैं।

सात चरणों के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी।

उन्होंने कहा, 'दोनों प्रधानों का खाता नहीं खुला है। लोगों ने देश की विकास और समृद्धि को चुना है। राम मंदिर का निर्माण पांच साल में हुआ। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने राम मंदिर को लटकाए रखा था।'

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव वोट बैंक के डर से राम मंदिर नहीं गए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'यह चुनाव राम भक्तों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है।'

अमित शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा दी गई, जबकि कांग्रेस ने कहा था कि वह धारा 370 को हटाने की अनुमति नहीं देगी। हमने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

'मुझे बताओ कि कश्मीर भारत का हिस्सा है या नहीं। जब हमने धारा 370 हटाई, तो 'राहुल बाबा' ने कहा कि खून की नदियां बहेंगी, लेकिन पीएम मोदी के शासन में एक कंकड़ भी नहीं हिला। पहले आतंकवादी हमले होते थे। पीएम मोदी ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर करारा जवाब दिया।'

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण के समर्थन में है और 'आरक्षण को कोई हटा नहीं सकता'।

उन्होंने लोगों से भाई-भतीजावाद को हराने और पीएम मोदी को जिताने की अपील करते हुए कहा, 'हम किसी को आरक्षण नहीं हटाने देंगे। विपक्ष ने झूठ की फैक्ट्री खोल रखी है। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में पलायन हुआ था। पीएम मोदी ने भाई-भतीजावाद खत्म किया। साथ ही इस देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा।'

पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है।

उन्होंने सवाल किया, 'वे पिछड़ों के बारे में बात करते हैं, लेकिन जब कल्याण सिंह की मृत्यु हुई, तो ये लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने नहीं गए। वहीं, मुख्तार अंसारी के घर चले गए। क्या वे पिछड़े समुदाय के लोगों का सम्मान करेंगे?'

# राहुल गांधी को लेकर कोई प्रमाण नहीं है कि वह प्रभावशाली लीडर होंगे या नहीं : सुरजीत भल्ला

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 28 अप्रैल।** भारत के जाने माने अर्थशास्त्री, लेखक और स्तंभकार, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य रहे और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत रह चुके सुरजीत भल्ला ने आईएएनएस से देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर खास बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत में अपनी राय रखते हुए बताया कि वह क्यों राहुल गांधी को एक राजनेता के रूप में नहीं देखते हैं।

उन्होंने आईएएनएस के साथ साक्षात्कार में राहुल गांधी के सवाल पर जवाब देते हुए कहा, 'लीडरशिप बहुत बड़ी बात होती है। राहुल गांधी को लेकर कोई प्रमाण नहीं है कि वह प्रभावशाली लीडर होंगे या नहीं। 2013 में उन्होंने अपनी सरकार का ऑर्डिनेंस फाड़ दिया था सबके सामने। जो लीडर होते हैं, वह ऐसा नहीं करते हैं। तब, मनमोहन सिंह की सरकार थी। वह तब अपनी सरकार के खिलाफ हो गए थे। इस समय जो भी चुनाव होता है, वह चेहरे के ऊपर होता है। इस समय विपक्ष का चेहरा कौन है। मुझे तो कोई दिखता नहीं है। विपक्ष में 50 चेहरे हैं। वहीं, भाजपा का एक चेहरा है पीएम मोदी। यह एक और वजह है कि बीजेपी अच्छा करेगी।'

उन्होंने कहा, 'आज सारी दुनिया में एजुकेशन बढ़ गई है। आपके परिवार में कोई लीडर था ऐसे में आपको यह जॉब मिलना चाहिए। चुनाव के बाद कांग्रेस के अंदर चर्चा होनी चाहिए कि क्या कोई डायनेस्ट्स है, उसको हम चुनाव के लिए उतारेंगे और वोट देंगे। मेरे ख्याल से वह जमाना गया। अब वक्त लगता है, 70 सालों से एक डायनेस्टी चल रही है। लेकिन, अब मेरिट के ऊपर चुनाव होगा और वह इसी पर बेस होगा।

देखिए मैं यही कहता हूं कि प्लीज आप डाटा को देखिए, वह डाटा को नहीं देखते। वह अपनी आईडियोलॉजी देखते हैं। इंडिया में कभी कोई इनकम डिस्ट्रीब्यूशन सर्वे हुआ नहीं है। मेरे ख्याल से होना चाहिए। जब भी मुझसे पूछते हैं तो मैं कहता हूं जरूर करिए और चुनाव के बाद अगर करेंगे तो बहुत अच्छी बात है। यह आईडियोलॉजी की बात है। आईडियोलॉजी हम सब की होती है। हमें देखना चाहिए कि डाटा क्या कहता है और उसके मुताबिक हमें फैसला लेना चाहिए। यह मुद्दा कांग्रेस के लिए कमजोर साबित हो सकता है।'

उन्होंने 'विरासत कर' पर कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर भी अपनी राय रखते हुए कहा, 'देखिए अमेरिका में 50 स्टेटस हैं, जिनमें से 6 राज्यों में विरासत कर लागू है। बाकी के राज्यों ने इसे वहां भी लागू नहीं किया है। सैम पित्रोदा ने जो वहां का रेट बताया है 50 प्रतिशत, वह भी गलत है। वहां इस कर की दर 20 प्रतिशत है। अमेरिका अमीर देश है। ये जरूरी नहीं कि जो यूएस कर रहा है, वह हम भी करेंगे। जब हम डेवलप देश हो जाएंगे तब देखा जाएगा।'

# राष्ट्र के विकास, तरक्की और बेहतर भविष्य के लिए नरेंद्र मोदी जी जरूरी : सुमन सैनी

**करनाल में कई कार्यक्रमों में पहुंची मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी, मनोहर लाल और नायब सैनी के लिए की वोट की अपील**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 28 अप्रैल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि राष्ट्रहित और देश की मजबूती के लिए जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। दो चरणों के मतदान के बाद अब यह स्पष्ट हो चुका है कि देश के लोगों ने मोदी को फिर से लाने का फैसला कर लिया है। उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति, गरीबी से मुक्ति। युवाओं को एक ऐसा मंच देना जिससे वे दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें और एक महान भारत का निर्माण कर सकें।

सुमन सैनी रविवार को राधा स्वामी सत्संग भवन कंबोपुरा, नाम चर्चा घर कंबोपुरा, नमस्ते चौक एग्रो मॉल के सामने, आनंद विहार कालोनी, गप्पू वाला बाग हांसी रोड सेक्टर-7 में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। सुमन सैनी ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को ऐतिहासिक जीत दिलवाएगी। करनाल के विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी विधायक बनकर करनाल के विकास को गति देने का काम करेंगे। 2024 में नरेंद्र मोदी जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और देश को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, परमजीत कश्यप, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, परमजीत कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के जनहित में किए वादे खोखले साबित हुए : सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 28 अप्रैल।** पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि भाजपा सरकार के चुनाव से पूर्व जनहित में किए गए सभी वादे व घोषणाएं हवाहवाई व खोखले साबित हुए है। जनता अब भाजपा के झूठे जुमलों के झांसों में नहीं आऐगी और भाजपा को इस चुनाव में सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रिकार्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेंगे और देश में गठबंधन की सरकार बनेगी। कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों से मतदान की अपील कर रहे थे। जडौला ने कहा कि सरकार के प्रति हर वर्ग में भारी आक्रोश है। मंडियों में फसलों की बेकद्री होने के साथ उठान सही ढंग से ना होने के कारण किसानों के साथ आढ़तियों को परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। किसानों की खराब हुई फसलों के मुआवजे के नाम पर सरकार चुप्पी साधे बैठी है। भाजपा राज में हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सडक़ों पर उतरा हुआ है, लेकिन सरकार निरंतर जनभावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ झूठे वादों के अलावा कुछ नहीं मिल है। आसमान छू रही महंगाई ने हर वर्ग की कमर तोडक़र रख दी है। कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि अब समय आ चुका है कि जनता अपने साथ भाजपा सरकार द्वारा की गई हर ज्यादती व जुल्म का वोट की चोट पर करारा जवाब देते हुए भाजपा को सबक सिखाने का काम करते हुए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के सिर जीत का सेहरा बांधेगी। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता जनता के आशीर्वाद से रिकार्ड तोड़ मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

# भाजपा किसानों को प्रताड़ित करने में नहीं छोड़ रही कोई कसर : अभय चौटाला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 28 अप्रैल।** इंडियन नेशनल लोकदल के कुरुक्षेत्र से प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला ने आरोप लगाते हुए किसान विरोधी भाजपा सरकार प्रदेश भर में किसानों को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। धरतीपुत्र अपनी मांगों को लेकर सडक़ों पर उतरा हुआ है, लेकिन गूंगी बहरी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। किसान सहित हर वर्ग इस चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे। चौ. अभय चौटाला गांव ढांड व पबनावा में अपने जनसंपर्क अभियान के तहत चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, जिलाध्यक्ष राजा राम माजरा, ईश्वर मैहला प्रेम गांगल एस.डी.एम. इंद्र पाई आदि मौजूद थे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह चुनाव किसान व कमेरे वर्ग का है। उनके सामने चुनाव लड़ रहे दोनों नेता बड़े उद्योगपति हैं, लेकिन जागरूक जनता भाजपा व कांग्रेस के भ्रामक प्रचार में नहीं आऐगी और वोट की चोट पर कांग्रेस व भाजपा का सफाया करने का काम करेगी। सरकार से हर वर्ग दुखी है और जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का संकल्प कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है और झूठे वादे कर सत्ता हथियाना भाजपा का मकसद रहा है, लेकिन जनता अब भाजपा के किसी बहकावे में नहीं आऐगी। हरियाणा भाजपा राज में हर क्षेत्र में बुरी तरह से पिछड़ चुका है। युवाओं को रोजगार नहीं है और जनता की कोई सुनवाई नहीं है। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। भाजपा के राज करने के दिन हवा हो चुके है। इस मौके पर फूल सिंह, तेजवीर गुर्जर, सुरजीत पबनावा, महेंद्र पाबला, सतीश शर्मा, महाबीर जडौला, देवेंद्र पुजारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।





# कमल पर पड़ा आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगा: मुख्यमंत्री योगी

**बिना रुके 365 दिन परिश्रम करते हैं प्रधानमंत्री मोदी**

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**एटा/लखनऊ।** 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। यहां के हस्तशिल्पियों व कारीगरों ने 21 टन का घंटा ले जाकर अयोध्या में जलेसर की आवाज को पहुंचाने का कार्य किया। जलेसर का घंटा जब गूंजता है तो पूरे देश की आस्था फिर से जागृत होकर आपको धन्यवाद देती है। कांग्रेस ने 65 वर्ष और सपा-बसपा ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन उन्होंने न जलेसर की सुध ली और न ही उन्हें रामलला के मंदिर के बारे में अता-पता था। कांग्रेस ने कहा कि राम हुए ही नहीं। रामभक्त जब कहते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तो सपा कहती थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। परिंदा तो क्या, अब वहां प्रतिदिन लाखों रामभक्त आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि कमल निशान पर पड़ने वाला आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगा।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे रविवार को एटा के जलेसर में आगरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के पक्ष में मतदाताओं से जनसभा के जरिए संवाद स्थापित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की कृपा से एसपी सिंह बघेल की जीत पक्की है पर इस बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाना है।




मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि होली खेलने के साथ ही 500 वर्षों के बाद वहां रामलला का पावन जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान सूर्य देव ने भी सूर्यवंश मणि भगवान राम का रामनवमी पर दोपहर 12 बजे तिलक किया। यह अवसर भाजपा सरकार के कारण आया है। सपा, बसपा व कांग्रेस के लोग आस्था व सुरक्षा के साथ खेलने वाले हैं। यह नहीं चाहते थे कि रामलला विराजमान हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि भारत के अंदर व्यक्तिगत कानून यानी तालिबानी व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं। क्या भारत में तालीबानी शासन होना चाहिए। कांग्रेस व सपा के लोगों को आखिर क्या हो गया है। यह लगातार आस्था, राष्ट्रीय संप्रभुता व सुरक्षा से खिलवा? कर रहे हैं। अराजकता पैदा करने वालों को प्रश्रय देते हैं।

**देश मोदी जी चलाएंगे, सपा के लोग पांच वर्ष और फातिहा पढ़ने जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहाकि कल्याण सिंह जी ने अपना जीवन प्रदेश के विकास व रामजन्मभूमि के लिए समर्पित किया। जब वे दिवंगत हुए तो सपा की तरफ से उनके प्रति संवेदना के एक भी शब्द व्यक्त नहीं किए गए, मुलायम सिंह दिवंगत हुए तो मैं उनके गांव गया था। प्रधानमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त किया। एक तरफ रामभक्त कल्याण सिंह का अपमान होता है तो दूसरी तरफ सपा के लोग माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने गए थे। आपके पास अवसर है, चुनाव के समय सपा प्रत्याशियों से बोलिए कि देश मोदी चलाएंगे, तुम लोग पांच-दस साल फातिहा पढ़ लो।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बिना रुके, बिना थके, बिना झुके, बिना डिगे प्रधानमंत्री मोदी ने दस वर्ष तक लगातार 24 घंटे, 365 दिन लगातार परिश्रम किया, तब दुनिया में भारत का सम्मान बड़ा। सीमाएं सुरक्षित हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार में कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। हम घर-घर तक आरओ का मीठा पानी पहुंचाएंगे और जलेसर के घंटे को पूरे देश में बजाएंगे। यहां का घंटा पूरे देश के धर्मस्थलों पर बजता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय रसोई गैस के लिए मारपीट होती थी। त्योहार के दिन सिलेंडर समाप्त हो गया तो घर के मुखिया की हालत बड़ी खराब होती थी। मेहमान आ गए तो अपमान, सिलेंडर लेने गए तो पुलिस की लाठी और खाली सिलेंडर लेकर आए तो घर में बेलन से मार पड़ती थी। अब 10 करोड़ गरीबों को देश में सिलेंडर मिल रहे हैं। यूपी में होली-दीपावली में उपहार स्वरूप फ्री में सिलेंडर दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बसपा, सपा व कांग्रेस के समय रंगदारी वसूली होती थी, अब स्वनिधि का लाभ दिया जा रहा है। गरीबों की जमीन पर कब्जा करते थे। अब जिस जमीन पर गरीब का मकान बना है, उसका मालिकाना हक उसी का होगा। सपा के समय घर् के बाहर बहन-बेटियां नहीं निकलती थी।

# बिहार: सड़क हादसे में चुनाव ड्यूटी पर जा रहे दो पुलिसकर्मियों की मौत, 12 घायल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पटना।** बिहार के गोपालगंज जिले में एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की एक खड़ी बस से टक्कर हो गई। हादसे में दो पुलिस कर्मी मारे गये और 12 अन्य घायल हो गये। दुर्घटना के शिकार सभी पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी के लिए सुपौल जा रहे थे। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान पवन महतो और अशोक उरांव के रूप में हुई है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पुलिस लाइन गोपालगंज के लगभग 45 सिपाही चुनाव ड्यूटी के लिए सुपौल की ओर जाने वाली बस में यात्रा कर रहे थे। जब बस सिधवलिया थाने के बरहिमा मोड़ पर पहुंची, तो चालक ने नाश्ते के लिए सड़क किनारे ढाबे पर बस रोक दी।

अधिकांश सिपाही बस से उतरकर नाश्ता करने चले गये जबकि कुछ लोग बस के अंदर ही बैठे रहे। इसी बीच एक कंटेनर ट्रक ने बस में टक्कर मार दी।

उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में दो सिपाहियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 सिपाही घायल हो गए। हमने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। अधिकारी ने बताया, हमने ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है और कंटेनर ट्रक को जब्त कर लिया है।

# चुनाव की तैयारियों में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें: के. रवि कुमार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

श्री कुमार ने आज गिरिडीह के समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव की अब तक की तैयारियों में जो भी कमी रही हो उन्हें शीघ्र दूर करना सुनिश्चित करें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए हरेक स्तर पर सभी की सजगता आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए अलर्ट रहते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिए जाने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए गठित सभी टीमों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहने का निदेश दिया, साथ ही विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों, वारंटियों को गिरफ्तार करने संबंधी कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं। उन्होंने बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाले वोटर इनफार्मेशन स्लिप को

घर-घर जाकर वितरण करने का निदेश दिया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर सख्त निगाह रखे जाने का भी निदेश दिया। उन्होंने अबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं के नाम की सूची के अद्यतन किए जाने के साथ - साथ शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्र जागरूकता समूहों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्साहवर्धन को मतदाताओं की जागरूकता के लिए आवश्यक बताया। वहीं मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सहित अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रखे जाने का भी पदाधिकारियों को निदेश दिया।

**स्मृति ईरानी ने किया रामलला का दर्शन, बोलीं-**

# धर्म व धैर्य की धरा पर आना पुण्य का फल




अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**अयोध्या।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने भगवान रामलला का दर्शन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का भी दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपालदास से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आज मैं अपने आप को भाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग में जन्मी हूं, जब हमारे रामलला टेंट से भव्य मंदिर में आए हैं। मेरे जीवन के संचित पुण्य का फल है कि आज संतों का आशीर्वाद मिला।

उन्होंने कहा कि हमारा मनोबल और आत्मबल बढ़ा है। संतों का आशीर्वाद हमेशा कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र की प्रगति और वैभव के साथ प्रधानसेवक मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। स्मृति ईरानी ने कहा कि धर्म और धैर्य, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भव्य भूमि पर आना गौरव का विषय है। रामलला की करुणा हर मन को छू रही हैं। रामभक्तों का सबसे बढ़ा सौभाग्य है कि भगवान रामलला को हम भव्य मंदिर में देख पा रहे हैं।

# विपक्ष, दलितों का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहता है : स्वतंत्रदेव

**गोण्डा। (टी.डी. पाण्डेय)।** उत्तर प्रदेश के गोण्डा में जल शक्ति मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को कहा कि, विपक्ष दलितों का आरक्षण मुस्लिम को देना चाहता है। इस लोकसभा सीट से चुनाव ल? रहे भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को रविवार को सम्बोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले यूपी सहित श्रीनगर, अयोध्या, काशी, संसद में बम फटते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद अब जवान पाकिस्तान में घुस कर मारते हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार हम जनता जनार्दन के बीच में जा रहे हैं। यूपी में पहले सपा - बसपा ही होती थी लेकिन 2014 के बाद से देश प्रदेश में बीजेपी के आते ही दलितों गरीबों को आज पक्का मकान मिल रहा। श्रीसिंह ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष दलितों का आरक्षण मुस्लिम को देना चाहता है जबकि भाजपा सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है ।

# यह चुनाव देश में सुशासन व अत्याचारों के अंत का है: यादव

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि इस बार का चुनाव देश में सुशासन, उन्नति, प्रगति लाने के साथ ही देश से अत्याचार, आतंकवाद, नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का चुनाव है। यह चुनाव मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण को मुस्कान देने का चुनाव है। डॉ यादव ने बैतूल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके के समर्थन में घोड़ाडोंगरी विधानसभा के मलाजपुर, देवास-शाजापुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में कालापीपल विधानसभा के पोलायकला एवं राजग? लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में सुसनेर विधानसभा के सुसनेर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने शाजापुर जिले के ग्राम पोलायकला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्व. शालिगराम तोमर के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की ओर भोजन किया। डॉ यादव ने नलखेड़ा स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी देवी के दर्शन



व पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना भी की।

डॉ यादव ने कहा कि जिस तरह से शिशुपाल की 100 गलतियों के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से उसका अंत किया था। उसी प्रकार अब देश से कांग्रेस के अंत करने का भी समय आ गया है। कांग्रेस ने देश की आजादी से लेकर अब तक कई महापाप किए हैं। सबसे पहले तो कांग्रेस ने देश का बंटवारा करने का कलंक अपने माथे पर लिया था। उसके बाद देश के आदिवासियों, दलितों, गरीबों के साथ कई अत्याचार करने का महापाप भी कांग्रेस ने किया था। आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी ने वर्षों देश की सत्ता पर राज किया, लेकिन वे भगवान श्रीराम को गर्भगृह में विराजमान नहीं करवा पाए। इसके बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्रीराम को गर्भगृह में विराजमान करवाया तो कांग्रेस ने उनका यह आमंत्रण भी ठुकरा दिया। कांग्रेस के भी पापों का घड़ा भरा गया है और अब समय आ गया है कि कांग्रेस का देश से पूरी तरह सफाया हो।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भगवान श्रीराम के अस्तित्व का पूछ रही है। देश के बच्चे-बच्चे को पता है कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था, लेकिन कांग्रेस के लोगों को यह नहीं पता है कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था। वे उनका अस्तित्व पूछ रहे हैं। अयोध्या के श्रीराम मंदिर के मामले में जब उच्चतम न्यायालय का निर्णय आया तो देश के क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सभी ने उसे स्वीकार किया, लेकिन कांग्रेस ने सबसे ज्यादा अड़ंगे लगाए। डॉ यादव ने कहा कि वर्ष 2014 में पहली बार देशवासियों का वोट श्री मोदी को मिला तो देश से आतंकवाद खत्म हो गया। इसके बाद वर्ष 2019 में दोबारा वोट दिया तो भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई और अब वे अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। इस बार का वोट मथुरा को जाना चाहिए।

# रेलवे ने 8400 करोड़ से अधिक अर्जित किया राजस्व

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कोटा।** पश्चिम-मध्य रेलवे ने कोटा मंडल सहित तीनों मंडलों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8400 करोड़ से अधिक ओरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पश्चिम-मध्य रेलवे को यह आय प्रारंभिक (ऑर्जिनेटिंग) राजस्व , अन्य रेल राजस्व, स्क्रैप बिक्री एवं जीएसटी संग्रहण आदि से हुई। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम-मध्य रेलवे के वित्तीय वर्ष 2022-23 में रूपये 7218 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रूपये 10275 करोड़ का रिकॉर्ड कैपेक्स के साथ 42 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे अधोसरंचना कार्यो में वृद्धि के साथ गति भी मिल रही है। यह पश्चिम-मध्य रेल का उच्चत्तम कैपेक्स रिकॉर्ड है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के 7808 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8492 करोड़ रुपये का ऑर्जिनेटिंग राजस्व हासिल किया है, जो कि 9 प्रतिशत अधिक है। इस वित्तीय वर्ष में पश्चिम मध्य रेल ने अब तक का रिकॉर्ड ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में यात्री यातायात, माल यातायात, संड्री एवं अन्य रेल राजस्व शामिल है।

सूत्रों ने बताया कि कोटा मण्डल ने वर्ष 2023-24 के दौरान 1537 करोड़ रुपये ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू अर्जित किया, जो वर्ष 2022-23 में 1518 करोड़ रुपये अर्जित रेवन्यू की तुलना से एक प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा पश्चिम-मध्य रेलवे ने यात्री यातायात, माल यातायात एवं संड्री आय में शानदार उपलब्धि हासिल कर राजस्व अर्जित किया है।

सूत्रों के अनुसार यात्री यातायात के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के 2072 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 2335 रुपये का रेल राजस्व हासिल किया है जो कि 13 प्रतिशत अधिक है। माल यातायात के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के 5370 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 5763 करोड़ रुपये का रेल राजस्व हासिल किया है जो कि 7 प्रतिशत अधिक है।

# अब लालटेन की कोई जरूरत नहीं है, इसे तालाब में डाल दीजिये: मांझी

**अररिया में महागठबंधन पर जम कर उबले एनडीए के नेता**

अर्थप्रकाश/मुकेश कुमार सिंह

**पटना / बिहार।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अभियान अब परवान पर है। 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में भरगामा प्रखंड के श्री दरबारी राय उच्च विद्यालय के परिसर में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने अररिया लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर मौजूद भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह सहित एनडीए कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन यादव, नरपतगंज विधायक जयप्रकाश यादव, पूर्व विधायक देवयंती यादव, रानीगंज विधायक अचमित ऋषिदेव, सिकटी विधायक विजय मंडल के अलावे भाजपा नेता राजन तिवारी, विजय यादव, अशोक सिंह, कौशल सिंह, दीपक कुमार मुन्ना, नित्यानंद मेहता आदि मौजूद थे।



पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को आज तक नहीं मिला था। रूस और यूक्रेन युद्ध के समय यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को, सकुशल वापस लाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश की साख विदेशों में बढ़ी काफी है। उन्होंने महागठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए कहा कि इस गठबंधन को देश की कोई चिंता नहीं है। इसलिए अब लालटेन की जरूरत नहीं है, इसे अब तालाब में डाल दें।

जीतन राम मांझी ने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए सात मई को एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव माँ, बहन को गाली देने का काम करते हैं। राजद के कार्यकाल में राज्य में जंगलराज कायम था। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। उज्ज्वला योजना के तहत जरूरतमंद घरों तक गैस कनेक्शन निःशुल्क दिया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत, राशन कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज मेरी जो पहचान है, वह नीतीश कुमार की देन है। ना नीतीश कुमार हमें मुख्यमंत्री बनाते और ना ही मैं यहाँ तक पहुंच पाता। वहीं बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की 40 सीटों पर एनडीए को जीत दिलानी है और पूरे भारत में एनडीए को 400 के पार पहुँचाना है। बिना किसी रुकावट के, तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। इस दौरान उन्होंने राजद को मुख्य निशाने पर रखा। वोटरों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आएँ। आगे उन्होंने कहा कि राजद ने अपने परिवार और संपत्ति कमाने की राजनीति की है। वर्ष 2005 के पहले बिहार की कल्पना कीजिए। बिहार को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का कार्य सिर्फ और सिर्फ एनडीए ने किया। उन्होंने कहा कि हम शासक नहीं बल्कि सेवक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संकल्प लिया है कि 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के मामले में, विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सबका साथ सबका विकास के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**मंगल पांडेय ने गिनवाई मोदी सरकार की उपलब्धि**

सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास हो रहा है। लोगों को पक्का मकान, आधुनिक अस्पताल, बिजली, पक्की स?क की सुविधा मिल रही है। मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने के बाद बिहार तरक्की पर है लेकिन कुछ लोगों को विकास दिख ही नहीं रहा है।

**ये विकास बनाम विनाश की लड़ाई**

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि ये विकास बनाम विनाश की लड़ाई है। एक धारा के लोग सिर्फ परिवार की चिंता करते हैं। वे परिवार की चिंता में सारी सीमाएँ लाँघ चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में 40 में 39 सीटें मिली थी, एक सीट छूट गयी थी।. इस बार 40 की 40 सीट, एनडीए की झोली में डाल दीजिए ।

# ऑल इंडिया क्वान की डो में चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी

**अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव ने मेजबान यूनिवर्सिटी को सौंपी ओवरऑल ट्राफी**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने तीन दिन तक चली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में 9 गोल्ड मैडल, 2 सिल्वर मैडल व 3 ब्रांज मैडल जीतकर महिला व पुरूष वर्ग में पहला स्थान हासिल किया और ओवरऑल चैपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ विनोद टिबडेवाला व वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल की उपस्थिति में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने ट्राफी व मैडल देकर सम्मानित किया।

झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में देश की 34 यूनिवर्सिटीज के 250 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे एआईयू के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने कहा कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ देश में 1000 से अधिक यूनिवर्सिटीज में खेल व संस्कृति क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा तराशने का काम करता है। उनकी जिम्मेदारी एक अभिभावक, एक मां की भांति हो जाती है, जिसे सभी को बराबर अवसर उपलब्ध करवाने होते हैं। उन्होंने कहा श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग देशभर के युवाओं के लिए होना चाहिए। उन्होंने इस कडी में आगामी राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले युवा महोत्सव की मेजबानी यूनिवर्सिटी को देने की घोषणा की, ताकि राजस्थान के इलाके की समृद्ध संस्कृति का देश के हर कोने के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ आदान-प्रदान करवाया जा सके। 3 दिवसीय चैंपियनशिप के परिणाम की घोषणा करते हुए यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि महिला वर्ग में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं 5 गोल्ड मैडल, 1 सिल्वर मैडल व 2 ब्रांज मैडल जीतकर पहले स्थान पर रही, जबकि महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी बीकानेर 3 गोल्ड मैडल, 1 सिल्वर मैडल व 2 ब्रांज मैडल जीतकर दूसरे स्थान व डॉ राममनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी अयोध्या ने 1 गोल्ड मैडल, 1 सिल्वर मैडल व 4 ब्रांज मैडल जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने 4 गोल्ड मैडल, 1 सिल्वर मैडल व 1 ब्रांज मैडल जीतकर पहला स्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी वाराणसी ने 3 गोल्ड मैडल, 1 सिल्वर मैडल व 1 ब्रांज मैडल जीतकर दूसरा स्थान व कुमाउं यूनिवर्सिटी नैनीताल ने 2 गोल्ड मैडल 1 ब्रांज मैडल जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।



सम्पादकीय

# जोशीमठ के बाद रामबन की धंसती जमीन बेहद चिंताजनक

उत्तराखंड के जोशीमठ में जिस प्रकार जमीन धंसने से सैकड़ों घर तबाह हो गए हैं, वैसी ही स्थिति जम्मू संभाग के रामबन की हो गई है, जोकि बेहद चिंताजनक बात है। रामबन में आजकल जमीन लगातार धंस रही है और यहां अब तब 56 मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इस कारण से सैकड़ों परिवारों को विस्थापित होना पड़ रहा है। प्रशासन के अधिकारी एवं भूविज्ञानी यहां के हालात पर नजर रख रहे हैं, लेकिन किसी के भी पास ऐसा कोई उपाय नहीं है, जिससे मकानों को हो रहे नुकसान को रोका जा सके। निश्चित रूप से ऐसे हालात क्षणिक नहीं हैं, अपितु जमीन के नीचे लगातार हो रहे बदलावों का नतीजा हैं। इस समय इलाके में बचाव कार्य ही जारी हैं, जब प्रशासन ने प्रभावित करीब डेढ़ किलोमीटर के इलाके को रेड जोन घोषित कर दिया है।

**गौरतलब है कि इससे पहले उत्तराखंड का जोशीमठ भी ऐसी ही स्थिति झेल चुका है। विकास और पर्यावरण के बीच जोशीमठ एक ऐसा घटनाक्रम बनकर उभरा है, जिसने न केवल इस शहर के लोगों अपितु उत्तराखंड और पूरे देश को मानसिक रूप से आंदोलित कर दिया। बहुत सारे सवाल हैं, जोकि आजकल हवाओं में हैं। जोशीमठ के मकानों में पड़ी दरारें यहां के निवासियों के दिलों पर पड़ चुकी दरारों का प्रतिबिंब हैं। यह पहाड़ों का दर्द बयां करने वाला मामला है, जोकि दीर्घकाल का दर्द देने जा रहा है।**

गौरतलब है कि इससे पहले उत्तराखंड का जोशीमठ भी ऐसी ही स्थिति झेल चुका है। विकास और पर्यावरण के बीच जोशीमठ एक ऐसा घटनाक्रम बनकर उभरा है, जिसने न केवल इस शहर के लोगों अपितु उत्तराखंड और पूरे देश को मानसिक रूप से आंदोलित कर दिया। बहुत सारे सवाल हैं, जोकि आजकल हवाओं में हैं। जोशीमठ के मकानों में पड़ी दरारें यहां के निवासियों के दिलों पर पड़ चुकी दरारों का प्रतिबिंब हैं। यह पहाड़ों का दर्द बयां करने वाला मामला है, जोकि दीर्घकाल का दर्द देने जा रहा है। जोशीमठ के हालात ऐसे हैं, अब रामबन के हालात ऐसे हो गए हैं। संभव है, कल कहीं किसी ओर जगह के हालात ऐसे बन सकते हैं। तब सरकारों को यह समझना ही होगा कि आखिर इस नई मुसीबत से कैसे निपटा जाए।

गौरतलब है कि जोशीमठ में वर्ष 1976 में मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट से लेकर साल 2022 तक ऐसी पांच वैज्ञानिक रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिनमें न सिर्फ भूधंसाव की स्थिति को स्पष्ट किया गया है, अपितु इसके कारण और बचाव के उपाय भी सुझाए गए हैं। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर सरकारों ने इस तरफ ध्यान क्यों नहीं दिया। यह तय है कि किसी भी प्राकृतिक घटना को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उसके प्रभाव को कम जरूर किया जा सकता है, तब यहां के बिगड़ते हालात के संबंध में सरकारों ने क्यों नहीं संज्ञान लिया। आखिर जब पानी गले तक पहुंच गया, तभी क्यों बचने के लिए दौड़ लगाई जा रही है। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि जोशीमठ में इस समय जैसे हालात हैं, कमोबेश ऐसे सभी उच्च हिमालय के नगरों की स्थिति यही है। पहाड़ों पर बसे शहर मलबे के ढेर पर खड़े हैं। हिमाचल प्रदेश के शिमला में बरसात के दिनों में पहाड़ का दरकना अब आम बात हो गई है। प्रति वर्ष लाखों पर्यटकों के स्वागत करने वाले इस पहाड़ी शहर पर आबादी का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। क्या इसकी निगरानी हो रही है कि आखिर यहां के हालात कैसे हैं। क्या किसी हादसे के बाद ही सरकार का अमला यह पता लगाएगा कि बेहताशा हो रहा निर्माण पहाड़ी शहरों के लिए कितना खतरनाक होता जा रहा है।

दरअसल, रामबन, जोशीमठ के हालात हमें यह समझने को बाध्य कर रहे हैं कि हम प्रकृति की अनदेखी अब और नहीं कर सकते। हमें प्रकृति से जुड़कर ही अपने विकास के ढांचे को तैयार करना होगा। चाहे वह पहाड़ हो या फिर भूभाग वह सीमित है, लेकिन लगातार बढ़ती जनसंख्या इसका दबाव बना रही है कि ज्यादा से ज्यादा हाईवे बनाए जाएं, बांध बनें ताकि बिजली तैयार की जा सके। घर बनें, पहाड़ों से पत्थर निकाल कर उन्हें खोखला कर दें, चाहे जितनी मर्जी पेड़ों को काट दें और बदले में एक पौधा न लगाएं। आखिर यह विकास की दौड़ किस तरफ जा रही है। देश में हरित प्राधिकरण है, न्यायपालिका है, जोकि रह-रहकर सरकारों को सचेत करती रहती हैं कि पर्यावरण को बचाओ। लेकिन हालात ऐसे हैं कि राजनीतिक दलों को सत्ता में आना है, इसलिए वे मनचाहे मुद्दे तैयार कर रहे हैं, वे पर्यावरण नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। उद्योग-धंधे चाहे कितना तेजाब उगलते रहें, नदियों में जहर बहाते रहें, लेकिन कोई सरकार तुरंत कार्रवाई नहीं करती। वास्तव में रामबन और जोशीमठ के हालात यह बता रहे हैं कि भविष्य में और क्या-क्या हो सकता है। यह समय सावधान होने और अपनी बेहिसाब होती चाहतों को नियंत्रित करने का है, वरना प्रकृति अब फोटो एलबमों तक ही सीमित रह सकती है। रामबन और जोशीमठ के हालात कल किसी और प्रदेश के हो सकते हैं, ऐसे में जरूरत है स्थायी समाधान की। हालांकि इसमें पर्याप्त संशय है कि ऐसा संभव हो सकेगा।

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली




विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हालांकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली।

झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गई। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे। रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। 'उलगुलान' शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था।

हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है।

देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है। जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है।

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है। प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।÷ हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही।

उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें। उलगुलान रैली में शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रैली में शामिल नहीं हुए राहुल गांधी। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत अचानक खराब हो गई है। इस वजह से वे रैली में शामिल नहीं हुए।

सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया। मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया। दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका। न नहीं सभी दलों द्वारा सर्व सम्मत नेता ही चुना गया।

दरअसल विपक्षी दलों का यह गठबंधन, उन दलों का भी गठबंधन कहां जा सकता है, जो दल भाजपा के साथ नहीं जा सके। अवसर नहीं मिला। इस विपक्षी दलों के आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन को खड़ा करने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान रहा। ये सब उन्ही की मेहनत से खड़ा हुआ। किंतु मौके की तलाश में बैठे नीतीश कुमार अवसर मिलते ही इस गठबंधन से किनारा करके बिहार में भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। भाजपा के साथ मिलकर अपनी सरकार बना ली। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने किया। भाजपा से बात पक्की होने तक वे सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं के साथ थे। बात पक्की होते ही उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। 28 दलों वाले इस एलायंस में प्रायः वह ही दल हैं जिनकी अपने प्रदेश में सरकार है। प्रदेश में सरकार होने के कारण वह भाजपा से गठबधंन नही कर पा रही।

चुनाव का एक चरण बीत गया। दूसरा 26 को है। इसके बाद पांच चरण शेष हैं। लगता है कि ये भी जल्द ही हो जाएंगे, विपक्ष के 28 दलों के एलाइंस इंडिया का मिनिमम कार्यक्रम तय हुआ। ये बैठकर कोई ऐसा एजेंडा भी नही बना पाए कि बहुमत में आने पर किस कार्यक्रम पर वे सरकार चलाएंगे। दूसरा उनका संयुक्त प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या कुछ प्रदेशों की तरह तीन या छह-छह माह में अब प्रधानमंत्री भी बदले जांएगे। जो भी हो विपक्षी गठबंधन इंडिया का जैसे अच्छा नाम मिली था, वैसा कुछ आगे नही हुआ। उसने निराश ही किया। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 दलों के गठबंधन से उम्मीद काफी ज्यादा थीं, किंतु वह एक पर भी खरा नही उतर सका। ये सारे दल अलग-अलग विचार और सिद्धांतों के मानने वाले हैं। ऐसे में एकजुट होने के लिए इनका कॉमन एजेंडा भी होना चाहिए। ऐसा न होने पर इनकी एकजुटता छलावा है। धोखा है। अब तो इनका का उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करना रह गया।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## एक ही समुदाय के 8 लोगों की जलाकर हत्या

**चंडीगढ़ा।** पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान खाड़कुओं ने एक ही समुदाय के आठ व्यक्तियों व पांच सुरक्षा कर्मियों सहित 18 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि इसी दौरान एक खाड़कू मारा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अमृतसर के गांव पण्डौरी वर्ची में खाड़कूओं ने एक ही समुदाय के आठ व्यक्तियों को उनके घर से निकालकर एक दुकान में बंद करके दुकान को आग लगा दी जिससे वे सभी मारे गये। मरने वाले में दुकान के मालिक सतपाल के अलावा मदन लाल, कृष्णचन्द, दलीप कुमार दलजीत कुमार, प्रकाश राम, बलदेवराम व सुखदेव राम शामिल है। इसी दौरान खाड़कुओं ने जिला लुधियाना के गांव पवीना में भी आग लगाकर दो होमगार्ड के जवानों व एक एसपीओ तथा दो नागरिकों की हत्या कर दी जबकि एक एएसआई तथा एक महिला को जख्मी कर दिया। मारे गए जवानों में करतार चन्द, सुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, जगजीवन सिंह व बलजिंदर सिंह शामिल है। फरीदकोट जिला के एक गांव में जरनैल सिंह व मेजर सिंह की खाड़कुओं ने हत्या कर दी। इसी दौरान मजीठा के गांव तंग में सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ के दौरान दिलबाग सिंह खाड़कू मारा गया।।

## पंजाब में नगरपालिका चुनावों की तैयारियां शुरु

चंडीगढ़। बेअंत सरकार द्वारा राज्य में नगरपालिका चुनाव करवाये जाने की प्रक्रिया की घोषणा होते ही पंजाब के विभिन्न नगरों में नगरपालिका के चुनावों की तैयारियां आरंभ हो गई है। इस संबंध में विभिन्न पार्टियों द्वारा अपने सदस्यों व कार्यकर्त्ताओं की बैठकें बुलाए जाने के समाचार मिल रहे है। इन बैठकों का उद्देश्य अपने कार्यकर्त्ताओं के दम खम का जायजा लेना ही बताया जाता है। इधर चूंकि पंजाब में विधानसभा चुनावों को भी कोई ज्यादा समय नहीं हुआ अतः नेता लोगों का संपर्क आम जनता से पूर्ववत बना हुआ है। नए विधायक नगर समितियों में बहुमत पाने में प्रयासरत है जबकि पराजित उम्मीदवार विधानसभा चुनावों में पराज्य के कारणों की छानबीन करके उन्हें दूर करने व अपने समर्थकों को नए सिरे से उत्साहित करने का प्रयत्न कर रहे है वे लोग अपने मकसद में कितने फीसदी कामयाब रहते है, यह तो नगर समितियों के नतीजें ही बताएंगे लेकिन इतना तय है कि विभिन्न पार्टियां इन समितियों में अपने अधिक से अधिक सदस्य भेजने के लिए एड़ी-चोटी का जोर अवश्य लगाएंगी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1661- चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया।

1639- दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई।

1813- मेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया।

1848- सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म।

1930- ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत।

1939- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया।

1954- प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए। भारत में इसे पंचशील संधि कहते हैं। यह संधि 3 जून को लागू हुई थी।

1978- अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए हैं।

1991- बांग्लादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए।

1993- पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा।

1999- नई दिल्ली में बारटेंडर जेसिका लाल की मनु शर्मा ने एक बार में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जेसिका लाल हत्याकांड एक चर्चित केस बना। 2006 में शर्मा को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा सुनाई गई। 2011 में इस पर एक फिल्म भी बनी- 'नो वन किल्ड जेसिका'।

2005- सीरिया ने लेबनान से अपनी सेना को वापस बुलाया।

2006- पाकिस्तान ने हत्फ-6 का परीक्षण किया। 2008- भारत और ईरान के बीच 7 बिलियन डॉलर की गैस पाइपलाइन का मुद्दा एजेंडे में टॉप पर था, जब अमेरिका की प्रोजेक्ट पर आपत्तियों के बावजूद इरान के प्रेसिडेंट भारत आए थे।

2010- भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों ने डिप्लोमैट्स के बीच शांति वार्ता पर बातचीत शुरू करने पर सहमति दी। 2008 के मुंबई हमले के बाद बढ़े तनाव को शांत करने की कोशिश पहली बार दोनों देशों के नेताओं ने की।

2011- लंदन के ऐतिहासिक चर्च वेस्टमिंस्टर एबे में ब्रिटिश राजकुमार विलियम और केट मिड्लटन का विवाह हुआ।

2020: बॉलीवड अभिनेता इरफान खान का निधन हुआ।

## बोल ब्यूटीफुल



**ऋतिका चंदोला:** अपने आप को दलितों एवं वंचितों के हितैषी बताने वाले मार्क्सवादी कामरेड भी आज प्रताड़ित दलितों-वंचितों को न्याय दिलाने वाले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ खड़े हुए है।

**अभिजीत अय्यर मित्रा:** भविष्य में यदि कभी कांग्रेस का कायाकल्प हुआ तो वह तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी जैसे नेताओं की वजह से ही हो सकता है, क्योंकि रेड्डी नकारात्मक को न्यून कर सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाले नेताओं में से है।

**आदेश रावल:** हरियाणा में भाजपा और दुष्यंत चौटाला की जनायक जनता पार्टी-जजपा का समझौता टूटना दोनों पार्टियों के लिए सुखद है। दोनों पार्टियों को वोट बैंक अलग है। अब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जजपा सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अधिक आसार इसी बात के है कि वह जाट वोटों में ही सेंध लगाएगी।

**विकास सारस्वत:** कांग्रेस के चुनावी वादों को देखकर लगता है कि पार्टी उस स्थिति में पहुंच गई है कि वह चुनाव जीतने के लिए हर भारतीय नागरिक को दस करोड़ रुपये और सौ तौले सोना देने का वादा भी कर सकती है।

सबसे अलग

# राखी गढ़ी में मिले आठ हजार साल पुरानी सभ्यता के अवशेष

### आठ हजार साल पुरानी सभ्यता



हरियाणा में हिसार जिले के नारनौंद क्षेत्र के गांव राखी गढ़ी में आठ हजार साल पुरानी हडप्पा कालीन सभ्यता के सबूत मिले हैं। खुदाई के दौरान मिले कंकालों की कार्बन डेटिंग रिपोर्ट से यह साबित हो गया है कि यह अवशेष आठ हजार साल पुराने हैं।

पुरातत्व विभाग इस रिपोर्ट से उत्साहित है. खुदाई के दौरान यहां तीन कंकालों के साथ ही चूल्हा, हारा, दूध गर्म करने के बर्तन, चारकोल, पादरी और ईंटें मिली थीं। भारतीय भूतत्व सर्वेक्षण विभाग ने इन्हें कार्बन डेटिंग के लिए दिल्ली भेजा था. खुदाई के दौरान जमीन के नीचे मानव जीवन के भी प्रमाण मिले हैं।

यह अवशेष राखी गढ़ी में टीला 7 की खुदाई के दौरान मिले थे। पुरातत्व विभाग के अपर महानिदेशक डॉ. संजय कुमार मंजुल को अभी कंकालों की डीएनए रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। उम्मीद की जा रही है कि रिपोर्ट मिलने पर इस क्षेत्र के कई रहस्यों से पर्दा उठ जाएगा।

### देवी ने सपने में मांगी बलि



क्या कोई देवी सपने में किसी बड़े कारोबारी की बलि मांग सकती है? अगर किसी को ऐसा कोई सपना आ भी जाए तो क्या उस पर अमल किया जा सकता है? भले ही किसी को भरोसा हो या नहीं, अंबाला में ऐसा एक मामला सामने आया है।

अंबाला छावनी के प्रसिद्ध कारोबारी महेश गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि नवरात्रों में माता किसी बड़े आदमी की बलि मांग रही थी, ऐसे में उन्हें गुप्ता की हत्या करनी पड़ी।

गिरफ्तार की गई प्रिया और उसके भाई हेमंत व भाभी दीप्ति ने कहा कि महेश गुप्ता उनका परिचित था, इसलिए उस को जाल में फंसा कर घर बुलाया गया और माता को बलि देने के लिए उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि माता पिछले करीब एक हफ्ते से नर बलि की मांग कर रही थी।

हेमंत ने महेश गुप्ता का गला दबाया और उसकी पत्नी दीप्ति ने उसके दोनों हाथ जकड़ लिए. इसके बाद प्रिया ने उसके गुप्तांगों पर चोट मार कर बलि ले ली। अंबाला छावनी के सुंदर नगर स्थित एक घर से गुप्ता का शव बरामद किया गया था।

हत्या की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पाया कि वहां मिठाई, दुल्हन के हाथों में पहनाए जाने वाले कलीड़े,सिंदूर, लाल चूड़ियां, तुलसी के पत्ते, हवन की सामग्री, नींबू और मेहंदी पड़ी थी।

### सिर मुंडाते ही पड़े ओले



यह कहावत तो सबने ही सुनी है कि सिर मुंडाते ही ओले पड़ गए। हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। करनाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया है. कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ उन्हें करनाल से चुनाव मैदान में उतारा ही था कि वे अदालत से भगोड़े घोषित हो गए।

दिव्यांशु हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर पंचकूला में प्रदर्शन किया था। बिना जिला प्रशासन की मंजूरी लिए पंचकूला में साइन बोर्ड और फ्लैक्स लगाए गए थे. इस मामले में दिव्यांशु के खिलाफ पंचकूला के पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

इसी मामले में दिव्यांशु को 20 अप्रैल को अदालत में पेश होना था, लेकिन वे हाज़रि नहीं हुए। अदालत ने उनकी संपत्ति की सूची भी जमा कराने के लिए कहा था. पंचकूला की अदालत की तरफ से भगोड़ा घोषित करने के आदेश पर रोक के लिए उन्होंने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए छह जुलाई की तारीख तय की है।

एनएसयूआई के भी अध्यक्ष रह चुके दिव्यांशु पंजाबी समुदाय से हैं, इसीलिए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें भाजपा के कद्दावर नेता खट्टर के खिलाफ टिकट दिया है।

### बृज शर्मा को जिम्मेदारी



राजनीति में कब किस की लाटरी खुल जाए, कुछ कहना मुश्किल है। चुनावों के दौरान ऐसा कुछ ज्यादा ही देखने को मिलता है। करनाल में जजपा नेता बृज शर्मा भी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा चुनावों के मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिल गई है।

बृज शर्मा जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नए अध्यक्ष बना दिए गए हैं। जजपा के राष्ट्रीय महासचिव रहे बृज शर्मा को निशान सिंह की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है. पूर्व विधायक निशान सिंह ने पिछले दिनों जजपा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने आज यहां यह नियुक्ति की। बृज शर्मा करनाल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन जीत नहीं पाए थे। उम्मीद है कि बृज शर्मा को जजपा करनाल लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर मैदान में उतार सकती है।

भाजपा सरकार से अलग होने के फौरन बाद जजपा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे कर निशान सिंह ने पार्टी नेतृत्व की परेशानी बढ़ा दी थी। इसके बाद जजपा में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया था, जो आज भी जारी है।

### भव्य बिश्नोई की भी ताजपोशी



हरियाणा में आदमपुर क्षेत्र के विधायक भव्य बिश्नोई को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। भव्य पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पौत्र हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही दिल्ली में कुलदीप बिश्नोई से उनके घर पर मुलाकात की थी। बिश्नोई हिसार क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन भाजपा ने बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला को टिकट दे दिया।

इसके बाद बिश्नोई परिवार ने खुद को चुनाव प्रचार से दूर कर लिया था। ऐसे में मुख्यमंत्री सैनी को उनसे दिल्ली में घर जा कर मुलाकात करनी पड़ी. साथ ही बिश्नोई का बयान भी आ गया कि वे भाजपा उम्मीदवार की मदद करेंगे।

देखना अब यही है कि कुलदीप बिश्नोई, उनकी पूर्व विधायक पत्नी रेणुका बिश्नोई और विधायक बेटे भव्य बिश्नोई भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला की मदद के लिए कब चुनाव मैदान में उतरते हैं।

**प्रस्तुतिः सुमित्रा**

# गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश में सर्वाधिक 25 लाख से अधिक हैं मतदाता

## हीट वेव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर की जाएगी अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने शुरू की हैं कई अनूठी पहल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए मतदान प्रतिशतता 70 प्रतिशत थी और इस बारे इसे कम से कम 75 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिए विभाग द्वारा कई अनूठी पहल की गई हैं, जिनमें वोटर इन क्यू एप, मतदाताओं को शादी-ब्याह की तरह मतदान के निमंत्रण कार्ड तथा ग्लोबल सिटी गुरुग्राम की बहुमंजिला सोसाइटियों में 31 पोलिंग बूथ बनाया जाना शामिल है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल से चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी और प्रदेश 10 लोकसभा क्षेत्रों के 1 करोड़ 99 लाख 81 हजार 982 मतदाता 10 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। उन्होंने बताया कि अंबाला विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख 51 हजार 443 पुरुष, 9 लाख 35 हजार 635 महिला तथा 76 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसी तरह से कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 9 लाख 38 हजार 29 पुरुष, 8 लाख 50 हजार 439 महिला, 23 ट्रांसजेंडर, सिरसा लोकसभा क्षेत्र में 10 लाख 20 हजार 510 पुरुष, 9 लाख 11 हजार 339 महिला, 41 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में 9 लाख 52 हजार 598 पुरुष, 8 लाख 32 हजार, 569 महिला, 11 ट्रांसजेंडर, करनाल विधानसभा क्षेत्र में 11 लाख 3 हजार 606 पुरुष, 9 लाख 92 हजार 721 महिला, 37 ट्रांसजेंडर, सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में 9 लाख 40 हजार 969 पुरुष, 8 लाख 20 हजार 483 महिला तथा 44 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

श्री अग्रवाल ने बताया कि रोहतक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 18 लाख 83 हजार 383 है, जिनमें 9 लाख 96 हजार 702 परुष, 8 लाख 86 हजार 660 महिला, 21 ट्रांसजेंडर पंजीकृत मतदाता हैं। इसी प्रकार भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कुल पंजीकृत 17 लाख 86 हजार 942 मतदाता हैं, जिनमें 9 लाख 42 हजार 692 पुरुष, 8 लाख 44 हजार 237 महिला तथा 13 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 25 लाख 46 हजार 916 मतदाता हैं, जिनमें 13 लाख 47 हजार 521 पुरुष, 11 लाख 99 हजार 317 महिला, 78 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं, जबकि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 24 लाख 14 हजार 168 है, जिनमें 13 लाख 10 हजार 206 पुरुष, 11 लाख 3 हजार 844 महिला, 118 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

### हीट वेव के चलते मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की जाएगी व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हिट वेव को देखते हुए सभी उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में हिट वेव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें, जिनमें ठंडा पानी, कूलर-पंखों और टेंट की व्यवस्था शामिल है। इसी प्रकार 85 वर्ष से ज्यादा आयु के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलिंटियर के साथ-साथ व्हील चेयर व धूप से बचाव के लिए छातों की व्यवस्था कराई जाए।

# चंडीमंदिर छावनी में बड़ी भव्यता के साथ मनाई अपनी रजत जयंती

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

यह इकाई भारतीय सेना की बेहतरीन पर्वतीय युद्ध विशेषज्ञ इकाइयों में से एक है

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**पंचकूला, 28 अप्रैल।** तीसरी बटालियन, लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट, जिसे ज़ेडांग सुम्पा के नाम से भी जाना जाता है, ने चंडीमंदिर छावनी में अपनी रजत जयंती बड़ी भव्यता के साथ मनाई। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने लेफ्टिनेंट जनरल एमकेएस कटियार, एवीएसएम जीओसी-इन-सी मुख्यालय पश्चिमी कमान के साथ बटालियन की रजत जयंती ट्रॉफी का अनावरण किया।

तीसरी बटालियन, लद्दाख स्काउट्स को मूल रूप से 1948 में नुब्रा गार्ड्स के रूप में स्थापित किया गया था, बटालियन वर्ष 2000 में अपने वर्तमान स्वरूप में आई, तब से यह इकाई भारतीय सेना की बेहतरीन पर्वतीय युद्ध विशेषज्ञ इकाइयों में से एक बन गई है। पिछले ढाई दशकों में, यूनिट ने सीमाओं और भीतरी इलाकों में विभिन्न अभियानों के दौरान सिविल अथॉरिटी के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता के रूप में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम के दौरान तीसरी बटालियन, स्काउट्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आशीष मोहंती और पश्चिमी कमान में नागरिक सैन्य मामलों के सलाहकार कर्नल जसदीप संधू ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय का गर्मजोशी से स्वागत किया। सेना कमांडर मुख्यालय पश्चिमी कमान ने यूनिट की सराहना की और इसके भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### फरीदाबाद में यूपी के शिक्षक का शव पेड़ से लटका मिला

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** तीन दिन पहले दूल्हा बने यूपी के शिक्षक का शव पेड़ से लटकते हुए मिला है। परिजनों ने शिक्षक दूल्हे का अपहरण कर हत्या की आशंका जताई है। मृतक दूल्हे की पहचान गांव शिवाचली करीम, तहसील सिकंदराराऊ जिला हाथरस यूपी निवासी विकास (28) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। हैरानी की बात ये है कि हाथरस निवासी विकास शादी के महज तीन दिन बाद ही फरीदाबाद कैसे पहुंच गया, इस बारे में किसी को पता नहीं है। परिजनों के मुताबिक फरीदाबाद से उसका कोई लेना देना नहीं था। परिजनों का कहना है कि वह शादी की रस्म पूरी करने के बाद किसी का फोन आने पर पड़ोस के गांव में जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने यूपी पुलिस से मदद भी मांगी लेकिन कोई मदद नहीं मिली। फरीदाबाद पहुंचे मृतक के भाई नीरज ने बताया कि विकास प्राइवेट स्कूल में इंग्लिश पढ़ता था। उसकी शादी 24 अप्रैल को यूपी के जिला एटा के गांव पिलवा की रहने वाली शिल्पा से हुई थी। नीरज के अनुसार 24 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से बारात निकाली। 25 अप्रैल को दुल्हन को लेकर सुबह घर लौटे थे।

# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी डाला जा सकता है वोट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता है।

उन्होंने ने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट स ी इ ॅ अ ो . इ ॅ स ी अ ा इ ॅ हरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपना वोट चैक कर सकते हैं।

# दस साल के राज के बाद भी विपक्ष को कोस रहे हैं प्रधानमंत्री : रामपाल माजरा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 28 अप्रैल।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने दस साल के शासनकाल के बाद भी विपक्ष को कोस रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भी पूर्व प्रधान मंत्रियों सहित देश के महान नेताओं को कोस रहे हैं जबकि उन्हें यह बताना चाहिए कि दस साल में भाजपा ने क्या किया है। दस साल के शासनकाल में 2 करोड़ लोगों को हर साल नौकरी देने वाले वायदे का क्या हुआ, सैकड़ों स्मार्ट सिटी बसाने के वादे का क्या हुआ, विदेशों में जमा काला धन वापस लाने के वादे का क्या हुआ। रामपाल माजरा ने गांव कसान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा व प्रधानमंत्री बताएं कि प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि वे अपने हर पांच साल का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जाएंगे। अब वे अपने पांच साल के लेखा-जोखा पर बात करने की बजाए मंगलसूत्र, साड़ी व ऐसी बातें क्यों कर रहे हैं। यह सब वे लोगों का असली मुद्दों से ध्यान बांटने के लिए कर रहे हैं। भाजपा व पीएम यह भूल गए हैं कि लोग अब भाजपा की असलियत जान गए हैं। इस पार्टी ने किसी भी वर्ग को नहीं बख्शा। सरकारी नौकरियां खत्म कर दीं। माजरा ने कहा कि सरकारी विभागों में लाखों के पद खाली पड़े हैं। फौजियों को भी भाजपा ठेके पर भर्ती कर रही है। एक एमएलए का कार्यकाल भी पांच साल का होता है। भाजपा बताए कि चार साल के कार्यकाल में फौजी कैसे गुजारा करेगा। उसके परिवार के भविष्य में रोजगार के लिए क्या गारंटी होगी। युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। इसी कारण जनता भाजपा से तंग आ चुकी है। भाजपा को इस चुनाव में पता चल जाएगा कि जनता की ताकत क्या है और जनता भाजपा से किस कदर नाराज है। माजरा ने लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएं और 25 मई को होने वाले चुनाव में इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।

# एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मैराथन दौड़े 508 प्रतिभागी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 28 अप्रैल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के तत्वावधान में एक मैराथन का आयोजन सर छोटू राम इंडौर स्टेडियम पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन मनोज कुमार बॉक्सर ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. डॉक्टर शमीम अहमद ने की। यह मैराथन दौड़ सुबह 7 बजे इंडोर स्टेडियम से शुरू होते हुऐ पेहवा चौक, गौशाला, हिंद सिनेमा, कमेटी चौक, फिर वापस पिहोवा चौक, सचिवालय, किसान चौक, न्यू बस स्टैंड, ढांड चौक, अंबाला बाईपास चौकी, से होते हुए वापस छोटू राम इंडौर स्टेडियम में पहुंचकर संपन्न हुई। इस मैराथन में 600 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 508 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा नगद इनामी राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए ओलंपियन मनोज कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन लेकर आते हैं और हम शारीरिक रूप से भी स्वस्थ एवं मजबूत रहते हैं। इसलिए हम सबको इस प्रकार की गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेना चाहिए। उन्होंने इस मैराथन दौड़ के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया एवं बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है जो हमें स्वस्थ तो रखता ही है।

# दो दर्जन मरीजों के दांतों का किया थ्री डी स्कैन

## अब दांतों के टेड़ेपन को दूर करने के लिए लिया जाएगा थ्री डी स्कैन तकनीक का सहारा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 28 अप्रैल।** करनाल में पहली बार सेहत मंद मुस्कान और दांतों के टेड़ेपन से मुक्ति दिलाने के लिए थ्री डी स्केन तकनीक को करनाल में इआज शिविर लगा कर किया गया। ट्रोड्युज किया जा रहा हैं। करनाल में 1990 से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहे डा. अनूप जैन लेकर आए हैं। वह इस तकनीक और दांतों की देखभाल दांतों को चेहरे के हिसाब से सुदर एलानइमैंट में सुंदर बनाने के जैन डैंटल क्लीनिक कुंजपुरा करनाल में एक निशुल्क दंत चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुफ्त थ्री डी स्केन , के बाद सुंदर मुस्कान के लिए डिजाइन की सुविधा दी गई। इस शिविर में 25 मरीजों के दांतों का फ्री थ्री डी स्केन किया गया। । इसय अवसर पर डा. नीतेश जैन डा. टिमसी जैन ने भी जानकारी दी। डा. जैन ने बताया कि बताया कि चेहरे की सुंदरता दांतों के विन्यास पर निर्भर करती हैं। आज कल चेहरे की सुंदरता के लिए दांतों के टेड़ेपन को दूर करने के लिए तकनीक का सहारा लिया जाता हैं। डा. अनुप जैन ने बताया कि उन्होंने करनाल में 1990में आकर जैन डैंटल क्लीनिक शुरू की। वह 1990 से डेंटल हैल्थ अवेयसरनेस की शुरुआत की उन्होंने बताया कि उन्होंने ब्रैसेसेज और आर्थोनोटडि तकनीक की शुरआत की। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में उन्होंने इंटनैशनल तकनीक को शुरू करा रहे हैं। उन्होंने बतमाया कि उस तकनीक को पेटर्न बिसेज तारें लगती हैं। मेटी बेसेज और सिरेमिक ब्रसेज लगाते हैं। क्लीनियर एलाइनर्स तकनीक के द्वारा दांतों के टेड़ेपन को दूर करते हैं। उन्होंने इसके माध्यम से थ्री डी डिजाइन से दांतों की प्लेट बनाते हैं। एक डेढ़ साल बाद गिसेज से मुक्ति मिल जाती हैं।

# बूथ और पन्ना प्रमुख है भाजपा की ताकत : अजय गौड़

## लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का पढाया पाठ

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फ़रीदाबाद, 28 अप्रैल।** भाजपा जिला फरीदाबाद की संगठनात्मक बैठक में लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर फ़रीदाबाद लोकसभा से कृष्णपाल गुर्जर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इतिहास रचेंगे । बूथ और पन्ना प्रमुख भाजपा की ताकत है व बूथ एवं पन्ना प्रमुखों के माध्यम से फरीदाबाद की एक-एक वोट कमल पर डलवाकर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे ।

लोकसभा फरीदाबाद की चुनावों की तैयारियों के निमित फ़रीदाबाद जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में फरीदाबाद जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने भाजपा फ़रीदाबाद के जिला पदाधिकारियों, विधानसभा प्रभारियों, विधानसभा संयोजकों, बी.एल.ए-1 भाजपा मंडल प्रभारियों, भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और बूथ प्रबंधन के कार्य की समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की । बैठक में जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांग?ा एवं मनोज वशिष्ठ, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल एवं आर एन सिंह, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचन्द शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे ।

बैठक में फरीदाबाद लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीता, चुनाव जीता' का पाठ पढाया और बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और त्रिदेव के माध्यम से बूथों को सशक्त करने, माइक्रो बूथ मैनेजमेंट, चुनाव मैनेजमेंट आदि महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की । अजय गौड़ ने कहा कि बूथ व पन्ने तक के सभी कार्यकर्ताओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम घर नहीं बैठेंगे और 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मत पेटी के अंदर एक-एक वोट कमल पर डलावायेंगे । जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और कहा कि लोकसंपर्क के माध्यम से कार्यकर्ता बूथ पर घर घर जाकर वोट के सत्यापन का कार्य करें और बूथ की व्यूह रचना मजबूत करते हुए आगामी 25 मई को एक एक वोट कमल पर पड़े, यह सुनिश्चित करें।

### 'मुश्किलों में मुस्कुराना सीख, गम पराये अपनाना सीख'

**कैथल (अप्रस)।** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की जिला इकाई कैथल की प्रथम मासिक काव्य गोष्ठी अमरगढ़ गामड़ी स्थित गुर्जर भवन में हुई। गोष्ठी का संचालन जिला अध्यक्ष राजेश भारती काकौत ने किया। गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अध्यापक व कवि सतीश शर्मा माजरा ने की। गोष्ठी का आगाज राजेश भारत नौच की कविता मां भारती करता रहूं मैं सदा तेरा वंदन, मेरा हृदय गाता रहे दिन रात वंदे मातरम से हुई। विनोद छौक्कर टीक ने गीता की महिमा यूं बताई कि गीता के प्रथम अध्याय का सार सुनाता हूं, गीता का अमृत ज्ञान आपके सम्मुख लाता हूं। अनिल गर्ग धनौरी ने कहा कि जिसको चाहे जेल डाले, जिस को चाहे शपथ दिलाएं, अजब सियासत है। राजेश भारती का एक शेयर देखिए, बच्चों की सब जरूरतें पूरी हों भारती, मेहनत का हाथ थाम कर इतना कमाइए।

# मनोहर लाल को जन्मदिन पर 21 हजार ब्राह्मण देंगे प्रचंड विजयश्री का आशीर्वाद

## पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अगुवाई में 5 मई को मनेगा भगवान परशुराम जयंती महोत्सव

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 28 अप्रैल।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के जन्मदिन पर 21 हजार ब्राह्मण उन्हें प्रचंड विजयश्री का आशीर्वाद देंगे। यह भव्य आयोजन भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अगुवाई में 5 मई को करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में होगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर पंडित विनोद शर्मा व कार्तिकेय शर्मा लगातार प्रदेशभर में दौरा कर निमंत्रण दे रहे हैं। इस आयोजन को लेकर प्रदेशभर के ब्राह्मण समाज में भारी उत्साह है। करनाल के सेक्टर-12 निवासी शीशपाल राणा ने बताया कि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए पलवल से नगाड़ा टीम को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा हरिद्वार से करनाल पहुंचकर 51 ब्राह्मण मनोहर लाल की प्रचंड जीत का शंखनाद करेंगे। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 वर्षों में जिस तरह से ब्राह्मण समाज के लिए काम किया है इसके लिए पूरे प्रदेश से ब्राह्मण समाज इस कार्यक्रम में पहुंचेगा और मनोहर लाल को देश की सबसे बड़ी जीत के लिए आशीर्वाद देगा। यह कार्यक्रम रविवार को होने जा रहा है। रविवार का दिन भगवान सूर्यदेव का दिन होता है। अपने प्रकाश से भगवान सूर्यदेव भी मनोहर को जीत के लिए आशीश देंगे। मनोहर लाल की नीतियों की पारदर्शिता का प्रकाश पूरे देश में फैलेगा। मनोहर लाल की नीतियां से ब्राह्मण समाज प्रभावित है। उनके शासन में प्रदेश में किए गए कार्यों और पारदर्शिता से किए गए विकास के लिए ब्राह्मण समाज का आशीर्वाद मनोहर लाल के साथ है। देश में सबसे बड़ी जीत मनोहर लाल को दिलाने के लिए ब्राह्मण इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं।

### प्रदेशभर में दिया जा रहा निमंत्रण, समाज में उत्साह

भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा प्रदेशभर में पहुंचकर ब्राह्मण समाज को आमंत्रित कर रहे हैं और हर जगह ब्राह्मणों का पूरा साथ मिल रहा है। ब्राह्मण समाज में इस समारोह को लेकर भारी उत्साह है और समाज ने कार्यक्रम में बढ़ चढकर पहुंचने की बात कही।

### पलवल के नगाड़ों की ध्वनि से गूंजेगी कर्णनगरी

5 मई को पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जयंती महोत्सव में नगाड़ों की ध्वनि पूरे शहर में गूंजेगी। इस टीम को पलवल से आमंत्रित किया गया है। इसके साथ अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। 51 ब्राह्मण करेंगे मनोहर की जीत के लिए शंखनादभगवान परशुराम जयंती महोत्सव के लिए प्रदेश के ब्राह्मण इस कार्यक्रम में पहुंचकर मनोहर लाल को बड़ी जीत दिलाने के लिए एकत्रित होकर आशीर्वाद देंगे। हरिद्वार से 51 विद्वान पंडित इस महोत्सव में पहुंचेंगे और मनोहर लाल को देश की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए शंखनाद करेंगे। मनोहर लाल की जीत ऐतिहासिक जीत होगी। मनोहर से बड़ा समाज का कोई शुभचिंतक नहीं- पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साढ़े 9 वर्षों का कार्यकाल हरियाणा के सबसे बेहतरीन साढ़े 9 वर्ष रहे हैं। इन साढ़े 9 सालों में मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए ब्राह्मण समाज के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए और निस्वार्थ भाव से काम किया। मनोहर लाल से बड़ा ब्राह्मण समाज का कोई शुभचिंतक नहीं है। जिसके लिए ब्राह्मण समाज यहां पहुंचकर मनोहर लाल का धन्यवाद और आभार व्यक्त भी करेगा।

### किन्नौर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर कंगना के लिए मांगे वोट

# देश के कोने-कोने से आ रही है आवाज़ कि आएंगे तो मोदी ही : जयराम ठाकुर

अबकी बार चार सौ पार, हिमाचल देगा चार की चार

मैं सीएम होता तो राज्य सभा की हार के बाद पद से इस्तीफ़ा दे देता

प्रदेश में क़ानून व्यवस्था ध्वस्त, विधायकों और विपक्ष के नेताओं की जासूसी में लगाई है पुलिस

किन्नौर से जुड़ी यादें की साझा, कहा यहां आकर होती है बहुत ख़ुशी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**किन्नौर, 28 अप्रैल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में इस समय मोदी की लहर चल रही है। दस साल के काम को देखकर देश के कोने-कोने से आवाज़ आ रही है कि आएगा तो मोदी ही। देश के लोग किसी नेता पर इस तरह से विश्वास अकारण ही नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे नरेन्द्र मोदी के दस साल की मेहनत हैं। उनके द्वारा देश के लोगों के लिए किए गए काम हैं। दस साल में जो हुआ वह पिछले सत्तर सालों में भी नहीं हो पाया। चाहे आज किन्नौर और बॉर्डर एरिया की सड़के हों या नेटवर्क से लेकर अन्य तरह की कनेक्टिविटी। हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। किन्नौर के लोग भी इसके गवाह हैं। प्रधानमंत्री की योजनाएं लोगों तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पहुँची हैं। पहले के प्रधानमंत्री कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो 85 पैसे बिचौलिये खा जाते हैं लेकिन मोदी ने ऐसा प्रबंध किया की एक भी पैसा बिचौलिये नहीं ले सकते। जो दिल्ली से आता है वह किन्नौर के दूर से दूर बैठे व्यक्ति को पूरा का पूरा मिलता है। उनके इसी कामों से देश के लोग इस बार भाजपा को चार सौ से ज़्यादा सीटें दे रहे हैं हिमाचल भी चार की चार सीटें देकर प्रधानमंत्री को मज़बूती देगा।उन्होंने किन्नौर से जुड़ी यादे साझा करते हुए कहा कि यहां आकर बहुत ख़ुशी मिलती है।

किन्नौर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हैं। ऐसे-ऐसे मामले सामने आए हैं जो पहले कभी नहीं हुए थे। लेकिन मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपने विधायकों की रखवाली करवाने और विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवाने में लगा रखा है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ-साथ कांग्रेस के मंडी संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी से पूछा कि जब किन्नौर के संस्थान मुख्यमंत्री बंद कर रहे थे आप उसका विरोध करने की बजाय उनका समर्थन क्यों कर रहे थे? जब वह रोते हुए मंत्रीमण्डल त्यागपत्र दिया तो सरकार पर सवाल उठाए, आख़िर फिर उन्हीं की नीतियों नाम पर वोट माँग रहे हैं, जबकि प्रतिभा सिंह ने तो सरेआम चुनाव लड़ने से मना कर दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने एफ़आरए (वनाधिकार क़ानून) के 344 अधिकार दिए जबकि कांग्रेस ने एक भी नहीं दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब किन्नौर के लोग भी काम करने वाले लोगों को जिताएं, न कि काम को बंद करने वाले लोगों को। इस मौक़े पर कंगना रनौत, किन्नौर ज़िला अध्यक्ष यशवंत नेगी समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पंद्रह महीनें की सरकार में 15 पैसे का काम नहीं किया है। अपनी नई योजनाएँ नहीं चलाई तो कोई बात नहीं लेकिन जो पुरानी योजनाएं चल रही थी, उन्हें भी बंद कर दिया। हिमकेयर की योजना से प्रदेश के लाखों लोगों को बीमारी के समय 5 लाख का मुफ़्त इलाज मिल रहा था वह भी बंद कर दिया। एक लाख नौकरियां देने के लिए कहा था, एक नौकरी नहीं दी, 11 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नौकरी से निकाल दिया। गोबर ख़रीदने से लेकर 300 यूनिट बिजली देने का वादा किया, महिलाओं को 1500 रुपए देने की बात कहीं थी, लेकिन दिया कुछ नहीं। हमने बिना कहे, बिना गारंटी दिये बस का किराया महिलाओं के लिए आधा किया, 30 हज़ार असहाय लोगों को हर महीनें 3 हज़ार रुपए की पेंशन दी। कहा कि कांग्रेस ने बंद करने के लिए अब कुछ नहीं छोड़ा। अब बारी आप लोगों की हैं कांग्रेस को सबक़ सिखाने की।

#### कंगना को भारी मतों से जिताने की अपील की

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चाहे मैं हूं या कंगना आप के जैसे परिवार से निकल कर आए हैं, जीवन भर संघर्ष किया है। ग़रीबी देखी है और उससे लड़ने की शक्ति है। विक्रमादित्य को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। हर दिन लोगों से सोशल मीडिया में आकर सुझाव माँगते रहे, जब लोगों ने सुझाव दिए तो कह दिया कि मैं डाकिया नहीं हूँ। आप सभी लोग कंगना रनौत को भारी मतों से जिताकर दिल्ली भेजिए वह आपका डाकिया बनेंगी। आपके हर सुख-दु:ख को नरेन्द्र मोदी तक पहुचाएंगी और उनके समाधान होगा क्योंकि यह मोदी की गारंटी है।

## आरिफ मोहम्मद खान ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से की भेंट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला 28 अप्रैल।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान अपने तीन दिवसीय हिमाचल दौरे के दौरान रविवार को राजभवन शिमला पहुंचे। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उनका स्वागत किया।

आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

## नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान कर्मियों की पहली चरण की रिहर्सल पूरी

अर्थ प्रकाश/संजीव कौशल



**बद्दी, 28 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के दृष्टिगत आज 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी मतदान कर्मियों की पहले चरण की रिहर्सल राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में आयोजित की गई। इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी (ना.) नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल ने की।

दिव्यांशु सिंगल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करने के लिए मतदान कर्मियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) के सुचारू संचालन की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों का आह्वान किया कि वे मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशां का अच्छे से अध्ययन कर लें। उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के दौरान किसी भी तरह की शंका के निवारण के लिए मास्टर प्रशिक्षक एवं अन्य प्रशिक्षकों से सहायता अवश्य लें।

इस अवसर पर निर्वाचन विभाग के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा मतदान प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

इस पूर्वाभ्यास में निर्वाचन क्षेत्र से 617 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर तहसीलदार नालागढ़ निशा आज़ाद, नायब तहसीलदार इन्द्र देव शर्मा, नायब तहसीलदार निर्वाचन गोपी चंद डोगरा, मास्टर ट्रेनर कश्मीरी लाल ठाकुर तथा योगेश कुमार सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# कम बंदेया तेरे मुकणे नहीं, बन्दा मुकदा मुकदा मुकी गया

बरठी के विशाल भगवती जागरण में कलाकारों की गूंजी स्वर लहरियां

अर्थ प्रकाश/देशराज



**बरठी, 28 अप्रैल।** व्यापार मंडल बरठीं एवं ग्राम पंचायत बरठीं की समस्त जनता के संयुक्त सहयोग से बरठी में विशाल भगवती जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि इस जागरण में प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वाला देवी से मां की पावन ज्योति मां के दरबार में स्थापित करके विशाल भगवती जागरण का शुभारंभ पंकज शास्त्री (शास्त्री नगर चकमोह) द्वारा सर्वप्रथम गणपति वंदना से किया गया द्ध इस अवसर पर उन्होंने एक से एक बढ़कर गणपति के चरणों में हाजरी लगाकर भक्तों को भक्ति रस में डुबोकर सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर नीलकंठ बिलासपुर के कलाकारों द्वारा अघोरी बाबा शिव का तांडव नृत्य, कृष्ण सुदामा, शेर पर सवार होकर मां भगवती,व अन्य मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश जिला चम्बा के प्रसिद्ध कलाकार मिस्टर काकू राम एंड पार्टी में मशहूर गायक काकू राम ने अपनी बेहतरीन गायकी से पंडाल में उपस्थित हजारों भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने बाबा बालकनाथ जी के भजन चिमटे दी झंकार, कम बंदेया तेरे मुकणे नहीं, बन्दा मुकदा मुकदा मुकी गया, काली कलकत्ते वाली की मधुर भेंट व अन्य भजनों के साथ जिला चम्बा की मशहूर चमम्बयाली भाषा में शिव पार्वती, बाबा मणिमहेश भजन सुनाकर बाह- बाही बटोरी। जागरण का समापन तारा रानी की कथा सुनाकर किया गया।

इस अवसर पर जागरण कमेटी के सदस्य विकास गौतम,ग्राम पंचायत बरठीं के उपप्रधान राकेश मैहता, सतीश गौतम( मुन्ना) नरेश धीमान, सुशील गौतम, अश्विनी गौतम, बिनोद गौतम, अशोक कुमार, रमेश चंद, अजय ठाकुर, पंकज खुल्लर, विट्टू शर्मा, धर्मेंद्र सोनी चन्द्रशेखर गौतम, पंकज खुल्लर बिट्टू शर्मा,सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बिलासपुर में टक्कर के बाद पुल से नीचे गिरी एचआरटीसी बस, ड्राइवर कंडक्टर समेत 10 घायल

ब्रह्मपुखर के पास हुआ हादसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बिलासपुर, 28 अप्रैल।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की जंगलबैरी-शिमला रूट पर चलने वाली बस आज दोपहर के समय बिलासपुर के ब्रह्मपुखर के समीप एक ट्रक से टकराने के बाद पुल से नीचे जा गिरी। जिसमे ड्राइवर कंडक्टर समेत बस में स्वार करीब 10 लोग घायल हो गए । सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए बिलासपुर एम्स ले जाया गया जहां पर उन सभी का इलाज चल रहा है। तीन लोगों की हालत जायदा गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है की ट्रक चालक तेज रफ्तार से आ रहा था और उसने बस को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद बस अनियंत्रित हो गई और घ्याना पुल से नीचे खड्ड में पलट गई। घटना के बाद अफरातफरी और चीखपुकार मच गई। वहीं स्थानीय लोगों ने तुरंत हादसा स्थान पर पहुंच कर लोगों को बस से बाहर निकलने का काम शुरू कर दिया। जिला प्रशासन ने सूचना मिलते ही एंबुलेंस सेवाएं भेज कर राहत कार्य शुरू किया और सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में पहुंचाया गया। यह हादसा आज करीब 12 बजे घटित हुआ है। बस में ड्राइवर और कंडक्टर सहित केवल 10 ही स्वरियां बैठी हुई थी जो की इस हादसे में सभी घायल हो गए। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से सभी घायलों को पांच पांच हजार की राहत राशि दी गई है।

बिलासपुर के एसडीएम अभिषेक गर्ग ने एम्स पहुंच कर घायलों का हाल चाल पूछा और एम्स प्रशासन को हर संभव सहायता करने के निर्देश दिए।

## मानव सेवा कल्याण समिति रैली निहाण ने मनाया 15वां स्थापना दिवस

15 वर्षों में 30 लाख रूपये मानव सेवा में लगा चुकी है समिति

अर्थ प्रकाश/देशराज



**बरठीं, 28 अप्रैल।** विकासखंड झंडुता के अंतर्गत असहाय लोगों की सेवा में समर्पित मानव सेवा कल्याण समिति रैली निहान द्वारा अपना 15वां स्थापना दिवस धूमधाम से समिति के कार्यालय में मनाया गया। इस मौक़े पर बीएस पटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । इस मौके पर गांव के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब बाह बाही बटोरी। उन्होंने करेले बिकदे आए, नाटी रा चस्का बड़ा बुरा, सरारारा घूमे रे मेरा घाघरा, खाया माखन सारा और मटकी भी फोड़ी, और पेरां दे घुंघरू वाले मेनू गड्डे ते घुमा दे पानी री टंकी मुझे प्यार हुआ सहित अन्य पंजाबी हिंदी व पहाड़ी नाटी पर पहाड़ी गिद्दा पेश किया। इस मौके पर स्थानीय महिला मंडलों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि बीएस पटियाल ने बताया कि भगवान की कृपा से हम जो कुछ कमाते हैं उसका दसवां हिस्सा हमें सेवा कार्यो में लगाना चाहिए ताकि क्षेत्र में असहाय लोगों की सेवा की जा सके। उन्होंने संस्कारों पर बल देते हुए उपस्थित जनसमूह से बच्चों को सनातन संस्कारों से ओतप्रोत करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जीवन जीने की कला आनी चाहिए जिसमें परिश्रम पुरुषार्थ व भाग्य निहित है। उन्होंने कहा कि तन मन धन से व्यक्ति को पुरुषार्थ करना चाहिए श्री पटियाल ने कहा कि समर्पण की भावना होनी चाहिए समाज का भला करने वाले लोगों को आगे आना चाहिए।

समिति के अध्यक्ष सुंदर राम शर्मा ने बताया कि उनकी समिति द्वारा सेवा, परमो धर्म नर सेवा नारायण सेवा के उद्घोष को अपनाते हुए उन्होंने दीन दुखियों गरीबों असहाय लोगों की सहायता करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने बताया कि यह समिति 2009 से कार्य कर रही है उसके बाद 15 वर्षो में लगभग 30 लाख रुपए से ज्यादा राशि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों में सहायतार्थ दी जा चुकी है।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुंदर राम शर्मा, प्रो लेख राम शर्मा, कैप्टन विजय पाल शर्मा, काली दास, बालकिशन शर्मा, इस्मैल खान, जय सिंह, देशराज, हंस राज, सुनीता देवी, कांगड़ा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सोहन लाल दिव्या ज्योति बाल आश्रम डैहर के अध्यक्ष सत्य प्रकाश सोहन लाल मनोहर लाल चड्डा अरुण मदन लाल वर्मा, कमल किशोर सहित समिति के सदस्य व अन्य गानमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मजबूत लोकतंत्र में सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी अति महत्वपूर्ण



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 28 अप्रैल।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अर्की विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंडी कशलोक व प्राथमिक पाठशाला चंडी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल के समस्त कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को मताधिकार के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया।

उन्होंने वोटर हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से नए मतदाता पंजीकरण की जानकारी भी दी।

उन्होंने कहा कि अर्की क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी अति महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य भूपेंद्र गुप्ता स्वीप टीम के सदस्य डॉ हेमराज सूर्य, प्रो. योगेश कुमार तथा बीएलओ सुपरवाइजर भागीरथ ठाकुर, बीएलओ विमल वर्मा, मीना देवी तथा रीता देवी उपस्थित थीं।

## मतदाताओं को जागरूक करने नाचन विधानसभा के सबसे दुर्गम मतदान केंद्र 'धरवार' पहुंचे एसडीएम गोहर

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 30 अप्रैल।** लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने अपनी स्वीप टीम सहित '22 गोइंग टू 72 मिशन' के तहत मतदान केंद्र 72-धरवार का दौरा किया। यह मतदान केंद्र नाचन विधानसभा का सबसे दुर्गम मतदान केंद्र हैं। गोहर से वाया देवीदढ़ होते हुए बेहद कठिन पथरीले रास्ते से होते हुए और उसके बाद लगभग आधे घण्टे की पैदल यात्रा के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में टीम धरवार के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला खुम्बा पहुंची।

पिछले लोकसभा चुनाव में इस मतदान केंद्र पर 72 त्न से कम मतदान हुआ था। एसडीएम गोहर ने लोगों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव नाचन में 81 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम गोहर ने मतदान केंद्र पर उपस्थित अन्य लोगों को मतदान शपथ दिलाई। एसडीएम ने कहा कि कोई भी मतदाता सूची से पंजीकृत होने से वंचित न हो। अगर ऐसा है तो भी 4 मई तक पंजीकृत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो युवा1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष के हो चुके हैं वो भी 4 मई तक 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा करवा सकते हैं। लोगों से आह्वान किया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। इस अवसर पर स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप, स्वीप टीम सदस्य सुरेश, चुनाव विभाग से टेकचंद, खूबराम, मदन, बीएलओ लता देवी, वार्ड मेंबर तेजराम और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पंजाबी सिंगर शिवजोत ने अभिलाषी यूनिवर्सिटी के 'परिवर्तन 2024' कल्चरल फेस्टिवल में मचाया धमाल

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 28 अप्रैल।** अभिलाषी यूनिवर्सिटी में चल रहे परिवर्तन कार्यक्रम में हुई रात्रि संध्या में पंजाब के मशहूर गायक शिवजोत ने खूब धमाल मचाया। जिला मंडी के चैल चौक स्थित अभिलाषी यूनिवर्सिटी में शिवजोत ने मंच पर पंहुचते ही पंजाबी गानों से सभी का मन मोह लिया और कोई भी खुद को नाचने से रोक नही पाया। उन्होंने मंच संभालते ही पंजाबी गाने शरारा, प्लाजो, प्लाजो 2, पंजेबा, मोटी मोटी अख गाने गाकर खूब समां बांधा। वहीं इसी के साथ हिमाचल के प्रसिद्ध फोक रॉक बैंड अभिज्ञा ने भी अपनी शानदार धुनों और गीतों से सबका मन मोह लिया। अभिलाषी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने 'द ग्लैमर विद कैटवॉक' फैशन शो में विभिन्न परिधानों और आर्मी थीम पर रैंप वॉक करी। इस फैशन शो की प्रतिस्पर्धा के आधार पर मिस्टर परिवर्तन का खिताब दिवांश और मिस परिवर्तन केशिका को चुना गया। वहीं भास्कर मिस्टर पर्सनेलिटी व कृतिका मिस पर्सनेलिटी बने। बेस्ट कपल वॉक में निशांत अभिलाषी एंड अन्वी और अतीक एंड गुंजन को नवाजा गया।

वहीं परिवर्तन 2024 कल्चरल फेस्ट के दूसरे दिन भी छात्रों का विभिन्न प्रतियोगिताओं में भरपूर जोश बना रहा । सभी विभागों के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी जैसे ग्रुप डांस , ग्रुप सॉन्ग, स्किट, पहाड़ी नाटी इत्यादि। इन सभी प्रतिस्पर्धाओं में सोलो सॉन्ग में प्रथम हिमा, द्वितीय हितेश, तृतीय श्रद्धा, सोलो डांस में प्रथम दिशा नड्डा और द्वितीय कशिका, डुएट सॉन्ग में प्रथम ज्योति एंड पल्लवी और द्वितीय श्रद्धा एंड अनीशा ,ग्रुप सॉन्ग में प्रथम आदित्य एंड ग्रुप और द्वितीय कनिका एंड ग्रुप, ग्रुप डांस में प्रथम पूर्णिमा और भुवनेश्वरी और द्वितीय भावना और शिवानी, नाटी में प्रथम आयुर्वेदा विभाग और द्वितीय एग्रीकल्चर, स्किट में प्रथम रितेश ग्रुप (एजुकेशन) और द्वितीय वरधान ग्रुप (फार्म डी), भांगड़ा में प्रथम आयुर्वेदा और द्वितीय फिजियोथेरेपी, बॉलीवुड डांस में प्रथम फार्मेसी और द्वितीय वेटरनरी विभाग रहे।

इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अभिलाषी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. आर.के. अभिलाषी ने शिरकत की और छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कल्चरल फेस्टिवल के आयोजन हेतू अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने विभिन प्रस्तुतियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। इसी मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो चांसलर डॉ एल.के.अभिलाषी और राकेश गुप्ता मौजूद रहे। अभिलाषी विवि के वाइस चांसलर प्रोफेसर एच.एस. बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, डॉ नीलम ने इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए परिवर्तन कार्यक्रम की सभी कमेटियों के अध्यक्षों, सदस्यों व छात्रों को बधाई एवम् शुभकामनाएं दी।




# मोदी की गारंटी ही है भाजपा की गारंटी : अनुराग ठाकुर

## केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ संगरोह पर जनसमूह को किया संबोधित

**कहा, 70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाने का है वायदा**

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 28 अप्रैल।** केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ही भाजपा की गारंटी है। रविवार को भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगरोह बूथ पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता भी भारी बहुमत के साथ मोदी को प्रदेश से 4 कमल सौंपने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने देश के गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वर्ग के लिए बहुत सारी योजनाओं का लाभ दिया है। अगले 5 वर्षों में भी भाजपा के संकल्प पत्र में सभी वर्गों के लिए अपना संकल्प जनता के समक्ष दिया गया है। उन्होंने कहा कि 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के दायरे को बढ़ाकर अन्नदाताओं को जरूरी कृषि इनपुट प्रदान करके पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देंगे। साथ ही प्याज, टमाटर, आलू आदि जैसी आवश्यक सब्जियों के उत्पादन के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। इन क्लस्टर्स में भंडारण और वितरण की सुविधाएं भी प्रदान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी?। वर्ष 2020 से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों तक पी.एम. गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा किया है एवं एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की हैट्रिक लगा तय है एवं देश की जनता भलीभांति जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने बौखलाहट छुपा नहीं पा रहे हैं जिस कारण वे मीडिया के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अकसर बोखलाहट मे नीच टिप्पणी कर आपसी स्पर्धा मे लगे हुए हैं लेकिन जनता सब जानती है एवं इसका जवाब वोट के माध्यम से पहले दो फेज़ मे दे चुकी है और आने वाले सभी फेज़ के चुनाव मे माकुल जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को देश में भाजपा की सरकार बनेगी एवं कांग्रेस को देश की जनता प्रत्येक बूथ से उपयुक्त जवाब देगी एवं आइना दिखाएगी।

सम्बोधन के पश्चात बूथ अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर को उपस्थित अन्य पन्ना प्रमुखों संग पन्ना सौंपा। इस मौके पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी व प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, भोरंज भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, भोरंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कमलेश कुमारी एवं डॉ अनिल धीमान, जिला भाजपा महामंत्री राकेश ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान चंद्र मोहन, जिला भाजपा के प्रवक्ता चमन ठाकुर, सुरजीत ठाकुर, ग्राम केंद्र प्रमुख कैप्टन ध्यान सिंह इत्यादि सहित अन्य मंडल एवं जिला भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का स्थानीय जनता एवं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत भी किया गया एवं संगरोह बूथ ढोल नगाड़ो की थाप पर 'मोदी जी को जय श्री राम', अबकी बार 400 पार' आदि नारों से गूंज उठा।

### बूथ जीतेंगे-कमल खिलायेंगे और फिर मोदी को पीएम बनायेंगे

धर्मपुर पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बोले अनुराग ठाकुर भाजपा सिर्फ़ एक राजनैतिक पार्टी नहीं बल्कि परिवार भी है। मुझे गर्व है कि मेरी पार्टी ज़िम्मेदार कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पन्ना प्रमुख भारतीय जनता पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण ईकाई है। आज अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर विधानसभा के पन्ना प्रमुख के रूप में मैंने अपने बूथ अध्यक्ष से अपने बूथ की ज़िम्मेदारी ली और यहाँ से सर्वोच्च मतदान प्रतिशत का विश्वास दिलाया। मेरा अपने सभी पन्ना प्रमुख साथियों से करबद्ध निवेदन है कि यह चुनाव देश के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पूर्व की भाँति फिर एक बार आप सभी पूरे मनोयोग से अपने पन्नों पर अंकित मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने व भाजपा के पक्ष में मतदान करने की दिशा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# हिमाचल की जनता भी मोदी को सौंपने जा रही चार कमल : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/ राजन पुंछी



**मंडी, 28 अप्रैल।** हिमाचल की जनता भी मोदी जिको 4 कमल सौंपने जा रही है। मोदी सरकार की हैट्रिक बनना तय है। रविवार को धर्मपुर मे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी ही भाजपा की गारंटी है। अनुराग ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने देश के गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वर्ग के लिए बहुत सारी योजनाओं का लाभ दिया है। अगले 5 वर्षों में भी भाजपा के संकल्प पत्र में सभी वर्गों के लिए अपना संकल्प जनता के समक्ष दिया गया है।

3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा किया है एवं एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वं देश की जनता भलीभांति जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने बौखलाहट छुपा नहीं पा रहे हैं जिस कारण वे मीडिया के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अकसर बोखलाहट मे नीच टिप्पणी कर आपसी स्पर्धा मे लगे हुए हैं लेकिन जनता सब जानती है एवं इसका जवाब वोट के माध्यम से पहले दो फेज़ मे दे चुकी है और आने वाले सभी फेज़ के चुनाव मे माकुल जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को देश में भाजपा की सरकार बनेगी एवं कांग्रेस को देश की जनता प्रत्येक बूथ से उपयुक्त जवाब देगी एवं आइना दिखाएगी। अनुराग ने कहा कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी?। वर्ष 2020 से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों तक पी.एम. गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर के अनुराग ठाकुर का स्थानीय जनता एवं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत भी किया गया एवं संगरोह बूथ ढोल नगाड़ो की थाप पर ÷मोदी जी को जय श्री राम÷, अबकी बार 400 पार÷ आदि नारों से गूंज उठा।

# भाजपा रामपुर में जो डेंट डालेगी उसका अंदाजा विक्रमादित्य को शायद नहीं : राकेश जमवाल

**कहा-विक्रमादित्य जी आप रामपुर के डेंट को संभाले, सराज की चिंता छोड़े**

अर्थ प्रकाश/राजन पुंछी



**मंडी, 28 अप्रैल।** भाजपा अबकी बार रामपुर में जो डेंट डालेगी उसका अंदाजा विक्रमादित्य सिंह को शायद नहीं है। सराज के डेंट पर दिए विक्रमादित्य सिंह द्वारा ब्यान पर भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने विक्रमादित्य सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे रामपुर की चिंता करें सराज की चिंता छोड़े। राकेश ने कहा कि पीडब्लूडी मिनिस्टर एक्सपोज हो गए हैं। वह अपनी सत्ता की लड़ाई के लिए, अपने स्वार्थ के लिए, प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ, कांग्रेस के नेतृत्व के खिलाफ बोलते हैं और कभी पद पर बने रहने के कारण उनकी चमचागिरी करते हैं। इसलिए मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता आपसे भली भांति परिचित हो गई है और आपके इन बहकावे में नहीं आने वाली है। इसलिए विक्रमादित्य को मेरी यही सलाह है मुद्दा पर आकर बात करें, आपकी बिना सिर पैर की बातें सुनने के लिए मंडी की जनता के पास समय नहीं है।आप हिमाचल में विधायक हैं,आप सरकार में मंत्री हैं। आप उस बात को जनता के बीच में रखें कि 16 महीने की अपनी उन उपलब्धियों को जनता के बीच रखें जिस के दम पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। विधायक राकेश जमवाल ने कहा मुझे लगता है कि कांग्रेस के प्रत्याशी जो अपना आपा खो गए हैं और जिस प्रकार से वह शब्दों का चयन कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ ब्यान दे रहे हैं उससे साफ जाहिर हैं कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी जनता का ध्यान बांटने का प्रयास कर रहे हैं। आज वह इस तरह ब्यान दे रहे जैसे वह मंडी के सांसद बन गए हों। अभी तो जनता उनसे हिसाब पूछेगी कि आप हिमाचल की सरकार में बतौर मंत्री 15 महीने में आपने मंडी संसदीय क्षेत्र में क्या किया। आप पीडब्लूडी मंत्री हैं। आपने कौन सा प्रोजेक्ट मंडी में लाया है।

# झूठी गारंटियों से सत्ता में आई कांग्रेस, अब बाहर करने का मौका : कंगना रनौत

**कुल्लू के निरमंड में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर भी किया पलटवार**

अर्थप्रकाश/तारा चंद थरमाणी



**कुल्लू, 28अप्रैल/** मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कुल्लू जिला के निरमंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झूठी गारंटियों से सत्ता में आई कांग्रेस अब महिलाओं का अपमान करने पर उतर गई है।

विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 1500-1500 रुपये हर माह देने, 100 रुपये लीटर दूध और दो रुपये प्रति किलो गोबर खरीदने का दिलासा देकर ही कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई थी। इन 15 माह में महिलाओं को न तो 1500-1500 रुपये मिले और न ही दूध और गोबर की खरीद शुरु हुई। आपदा के समय केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये की राहत राशि दी थी कांग्रेस की सरकार उसे भी डकार गई। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधते हुए कंगना ने कहा कि राज महलों में रहने वाला शहजादा जनता का दुःख दर्द नहीं जानता है। हिमाचल की सभ्य संस्कृति में भद्दी टिप्पणी करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। यहां निरमंड में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जब मुझे मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा का टिकट मिला है तो शहजादों का ये गिरोह बहन बेटियों पर तरह तरह की अभद्र टिप्पणी करने लगा।

इससे पूरा देश शर्मसार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र से मिली राहत राशि के एक एक पैसे का हिसाब जनता के समक्ष रखे। कंगना रनौत ने कहा कि जब जनता रजवाड़ो के परिवार को जनता अपनी आवाज उठाने को कहती है तो वह कहते हैं कि मैं डाकिया नहीं हूं। मैं अब मंडी की जनता की डाकिया बन दिल्ली में यहां की आवाज उठाऊंगी। मैने भले ही अभी तक फिल्मी दुनिया में नाम कमाया हो लेकिन अब आपकी सेवा में तत्पर रहूंगी। मैं भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताती हूं।

मैं मंडी जिले के छोटे से गांव भांबला की रहने वाली हूं। मनाली में भी मेरा अपना घर है। छोटी जगह पर रहने का क्या दर्द होता है। उसे अच्छे से जानती हूं। केंद्र सरकार के प्रयास से पिछड़े इलाके आज आगे बढ़े हैं। 2027 में जब विधानसभा का चुनाव होगा तो हिमाचल में 22 महिलाएं चुनकर विधानसभा पहुंचेगी।

ये प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन से ही आज संभव हो पा रहा है जिनको आज भारत ही नहीं दुनिया का हर देश सम्मान देता है।

# भाजपा ने किया शिक्षा का बेड़ा गर्क, हमने किए सुधार : रोहित ठाकुर

**शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों को एक्सपोज़र विज़िट के लिए विदेश भेजा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 28 अप्रैल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रविवार को यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का बेड़ा गर्क हुआ और गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश भर में 18वें स्थान पर पहुँच गई थी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवसायिक शिक्षा में सुधार के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है ताकि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग में 7000 से अधिक जेबीटी, टीजीटी पीजीटी तथा कॉलेज लैक्चरर के पद सीधी भर्ती तथा बैचवाइज के आधार पर भर रही है ताकि अध्यापकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई में बाधा न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए सभी स्तर के स्कूलों में संसाधनों के सांझे प्रयोग के लिए स्कूल क्लस्टर योजना भी आरम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में इसी सत्र से पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई आरम्भ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 6000 से अधिक प्राइमरी स्कूलों में प्री नर्सरी की कक्षाएं शुरू की गई हैं, जिसके लिए नर्सरी टीचर के पद सृजित कर उन्हें भरने की अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा शीघ्र ही प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से एक-एक राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है ताकि विद्यार्थियों को प्रदेश के भीतर ही गुणात्मक शिक्षा दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह स्कूल, आने वाले समय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के अध्यापकों को विदेशी दौरों पर भेजा जा रहा है ताकि वे वहां जाकर शिक्षा क्षेत्र में प्रदान की जा रहे मानकों एवं विधि बारे सीख सकें तथा शिक्षा के क्षेत्र में यहां और सुधार लाया जा सके।

### स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित होंगे 850 स्कूल

रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 850 स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों के सभी स्वीकृत पदों को भरने के साथ-साथ स्मार्ट क्लासरूम तथा अन्य सुविधाएं आरम्भ की जाएंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने एसएमसी अध्यापकों, आईटी अध्यापकों तथा कम्प्यूटर अध्यापकों के मानदेय में समुचित बढ़ौतरी की गई है।

# प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार : कांग्रेस

**चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने 16 हज़ार करोड़ रुपए की फिजूलखर्जी की**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 28 अप्रैल।** मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर व आशीष बुटेल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक बदहाली में झोंकने के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए दुरुपयोग पर राज्य सरकार ने विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी लाया गया था, जिसमें प्रदेश की जनता के सामने सच रखा गया था। सत्य यह है कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए अन्तिम वर्ष में सरकारी ख़ज़ाने का का जमकर दुरुपयोग किया। दोनों ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पूर्व सरकार ने कांग्रेस के विरुद्ध एक चक्रव्यूह रचा था और अमृत महोत्सव, प्रगतिशील हिमाचल, जनमंच और स्थापना दिवस कार्यक्रम पर 16,261 करोड़ रुपए की फिजूलखर्ची की। नतीजा यह हुआ कि हिमाचल पर वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक 92,774 करोड़ का कर्ज व देनदारी चढ़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि यह पिछली भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज प्रत्येक हिमाचली एक लाख रुपए से अधिक का क़र्ज़दार है।

मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने आर्थिक नीतियों में सुधार किया जिसके कारण राज्य सरकार के राजस्व में 2200 करोड़ रुपए की बढ़ौतरी हुई। राज्य सरकार ने शराब ठेकों की नीलामी से अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया। इसके अलावा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी और जनता का पैसा जनकल्याण में इस्तेमाल किया, जिससे आज महिलाओं, किसानों, मज़दूरों व अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आर्थिक सुधारों की नींव अपने पहले ही बजट में रख दी थी और इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। आने वाले समय में ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध होगा।

# बच्चों ने पढ़ाते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया तो गुस्साई अध्यापिका ने दिखाई छुरी

**स्कूल प्रबंधन समिति ने लिया कड़ा संज्ञान, अध्यापिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग**

अर्थ प्रकाश/राजन पुंछी

**मंडी, 28 अप्रैल।** मंडी जिले के एक सरकारी स्कूल में बच्चों ने अपनी अध्यापिका का पढ़ाते हुए एक विडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। पता चलने पर इससे गुस्से में आई अध्यापिका ने कक्षा में बच्चों को बुलाकर मेज पर प्लेट में रखी छुरी दिखाकर कथित तौर पर धमकाया कि बताओ यह विडियो किसने बनाया है और किसने वायरल किया है। छुरी व अध्यापिका का गुस्सा देख बच्चे सहम गए और इसकी भनक मिलते ही स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए। शिकायत प्रिंसिपल तक पहुंच गई। स्थिति गंभीर देख कर प्रिंसिपल ने भी स्कूल प्रबंधन व स्टाफ के समक्ष सारा ब्यौरा रखा। हालांकि पांच सैकंड के इस विडियो में कुछ भी ऐसा नहीं था जिससे अध्यापिका को गुस्सा आता और छुरी दिखाकर बच्चों को धमकाना पड़ता। मामले ने तूल पकड़ा और रविवार को स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने इसकी लिखित शिकायत प्रिंसिपल व अधिकारियों का कर दी।

इस बारे में प्रिंसिपल धनी राम का कहना है कि घटना वाले दिन वह चुनावी ड्यूटी पर थे, 26 अप्रैल को आए हैं, मामले को आपसी बातचीत से निपटाने का प्रयास होगा और जैसा उपर से आदेश आएगा उस पर अमल किया जाएगा।

**-प्रिंसिपल धनीराम**

स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनीता ने कहा कि अध्यापिका के छुरी दिखाने व धमकाने से बच्चे सहमे हुए हैं, ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ने हो, यह सुनिश्चित करने के लिए शिकायत की गई है। उक्त अध्यापिका का कहना है कि वह तो विडियो बनाने वाले बच्चे का नाम जानना चाहती थी, उसकी कोई गलत मंशा नहीं थी। उसका मकसद बच्चों को डराने या दबाव डालने का कतई नहीं था।

**-एसएमसी प्रधान बनीता**

# कोविड से कई गुना भनायक महामारी है नशा : ठाकुर

**सोलन, सिरमौर ,शिमला जिला के 80 लोग ले रहे हैं सम्मेलन में हिस्सा**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 28 अप्रैल।** एससीईआरटी सोलन में नशे के खिलाफ मुखर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने शिमला, सोलन और सिरमौर के कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया। सोमवार तक चलने वाले इस शिविर में 80 से अधिक कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का उद्घाटन हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्यध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भूरेटा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. भूरेटा ने कहा कि नशे के कारण समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित हो रहा है। नशा करने वाले तो इसकी गिरफ्त में आकर बर्बाद हो ही रहे हैं उनके साथ उनका परिवार भी प्रभावित हो रहा है। इसके आलावा नशे के वितरण के जाल में भी युवा धंसते जा रहे हैं। डॉ. भूरेटा ने असंतुलित विकास के कारण समाज में बढ़ती गरीबी, बेरोजग़ारी, असंतोष को भी बढ़ते नशे का एक कारण माना। डॉ. भूरेटा ने कहा कि आने वाले समय में मनोवैज्ञानिक रोग और अवसाद की समस्या बढ़ेगी।

इसके लिए बड़ी संख्या में मनोचिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों और कॉउंसलरों की आवश्यकता होगी, जिसके लिए हमारी व्यवस्था की तैयारियां नहीं हैं।

इस अवसर पर आशा जिंटा अधिवक्ता, अजय कुमार अधिवक्ता, सीता राम ठाकुर, रमेश ठाकुर ,जयंत शर्मा, संतोष कपूर, सुभाष जडेजा, प्रो. टीडी वर्मा, नेहा ठाकुर, वरुण मिन्हास, राजेंद्र कश्यप व जिला सचिव डीसी रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

### नशे से मुकाबला करना सबसे बड़ी चुनौती: डॉ. ठाकुर

शिविर में पहले दिन के स्रोत व्यक्ति एनआर ठाकुर ने सत्र के दौरान कहा कि नशा आने वाले समय में कोविड-19 से भी बड़ी महामारी होगी जिससे मुकाबला करना एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि नशे कि समस्या के लिए केवल युवाओं को दोष देना पर्याप्त नहीं है और न ही उचित है। उन्होंने कहा कि यह विषय जितना गंभीर है उतना ही संवेदनशील भी है।

### समिति ने छेड़ा है नशे के खिलाफ अभियान: पुंडीर

समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुण्डीर ने शिविर के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति नशे के खिलाफ अभियान के तहत पूरे प्रदेश में इस तरह के शिविर आयोजित करके स्रोत व्यक्ति और कार्यकर्ता तैयार करेगी। तथा आगामी समय मे व्यापक मंच बनाकर समाज के विभिन्न हिस्सों को शामिल किया जाएगा। पुण्डीर ने बताया कि शिविर के समापन से पहले आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

'इंडिया' गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने थानेसर विधानसभा में की जनसभाएं

# जनता को 5 साल इंतजार कराने के बाद नायब सैनी को कुरुक्षेत्र की याद आई : डॉ. सुशील गुप्ता

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 28 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को थानेसर विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, प्रदीप सैनी, नरेश सैनी, राकेश सैनी, सुभाष, सुधीर, राजकुमार, पवन, रामस्वरूप, ओमप्रकाश, चंद्रभान, सरपंच सतबीर, विशाल खुबड, सतीश, सेंकी, निशी गुप्ता, पूर्व जज दीनानाथ अरोड़ा, प्रवीन, डॉ. जीत सिंह, सतबीर शर्मा और भूषण सैनी मौजूद रहे।

उन्होंने सीएम नायब सैनी से जनता के 10 सवाल पूछे। उन्होंने कहा मुझे पता चला है कि नायब सैनी को अब कुरुक्षेत्र की याद आई है। 5 साल तक जनता को इंतज़ार करवाने के बाद नायब सैनी कुरुक्षेत्र आ रहे हैं। जो सवाल कुरुक्षेत्र की जनता नायब सैनी से पूछ रही है मुझे उम्मीद है कि वो जनता के इन सवालों का जवाब अपनी रैली के भाषण में जरूर देंगे।उन्होंने कहा जनता नायब सैनी से पूछ रही है कि आज तक कुरुक्षेत्र की मंडियों में सरकार ने स्टोरेज फ़ैसिलिटी क्यों नहीं बनायी? किसान की मेहनत की लाखों क्विंटल फसल खुले में पड़ी सड़ रही है। नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र के किसानों की समस्या को कितनी बार संसद में उठाया? किसानों पर इतना अत्याचार हुआ, क्यों कभी किसानों के हक़ की बात नहीं की? आज बीज की काला बाज़ारी हो रही है, बीज लेने के लिए भी किसानों को संघर्ष क्यों करना पड़ रहा है? नायब सैनी ने केंद्र से मिले पैसे को कहां कहां लगाया, कितना खर्च हुआ, कहां खर्च हुआ और कितना लेप्स हो गया उन्होंने कहा नायब सैनी ये भी बताए कि कुरुक्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जैसे सिटी स्क्वायर, रिंग रोड़, हाईवे प्रोजेक्ट्स, एलिवेटेड रेलवे ट्रैक भ्रष्टाचार कि भेंट क्यों चढ़ गए? अब तो एसआईटी ने भी खुलासा कर दिया है कि हरियाणा में 9500 करोड़ का शराब घोटाला हुआ है जिसके तार कुरुक्षेत्र से जुड़े हैं, भाजपा के सहयोगी इसमें संलिप्त हैं, उन्होंने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? जिन लोगों की वजह से नकली शराब पी कर 50 से ज़्यादा लोगों की मौत हुई वो आज भी खुले में कैसे घूम रहे हैं? कुरुक्षेत्र का युवा बेरोज़गार घूम रहा है नायब सैनी ने उनके रोज़गार का इंतज़ाम क्यों नहीं किया।कुरुक्षेत्र में एक भी नया उद्योग क्यों नहीं लगवाया? कुरुक्षेत्र में एक भी नया स्कूल अस्पताल, कम्यूनिट सेंटर और चिल्ड्रन पार्क क्यों नहीं बनाया? धर्म नगरी कुरुक्षेत्र जो विश्व में प्रसिद्ध है, आज तक पर्यटन को बढ़ाने के लिए क्या किया।उन्होंने कहा कि मैं नायब सैनी को चैलेंज करता हूं इन सब सवालों का जवाब दे और हिम्मत है तो यह कहे कि यदि उन्होंने काम किया है तो भाजपा को वोट देना नहीं तो मत देना। मैं नवीन जिंदल से कहना चाहता हूं कि जिसको उन्होंने अपनी डूबती नैया पार कराने के लिए बुलाया है, उनके आने से जो थोड़े बहुत वोट मिलने थे अब वो भी नहीं मिलेंगे। कुरुक्षेत्र की जनता इन अवसरवादी लोगों से बहुत गुस्से में है इसलिए जुल्म और धोखे का जवाब वोट से देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज पूरे देश में जाति और धर्म के आधार पर चुनाव लड़ रही है और इंडिया गठबंधन काम के आधार पर चुनाव लड़ रहा है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को तोड़ना चाहती है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान में विश्वास रखता है। पिछले 10 साल से भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, लेकिन पूरे देश और प्रदेश में 10 काम ऐसे नहीं गिना सकते जिस आधार पर वोट मांगे।

# श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की ओर से नवनिर्मित शांति कुंज हाल का लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 28 अप्रैल।** श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की ओर से शांतिनगर में नवनिर्मित शांतिकुंज हाल का लोकार्पण आज नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा नेता पंडित जयभगवान शर्मा डीडी के करकमलों से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के प्रमुख व्यवसायी एसके ज्वैलर्स के मालिक सुनील गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित पवन शर्मा पहलवान, प्रसिद्ध समाजसेवी दिलावर सैनी तथा प्रसिद्ध व्यवसायी दीपक शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा, प्रधान श्याम सुंदर तिवारी तथा प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा के नेतृत्व में सभा की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया।सभा के संरक्षक मंडल को पगड़ी बांधकर सभा की ओर से सम्मान दिया गया। जबकि हाल में आर्थिक रूप से सहयोग देने वाले सभी दानवीरों को भी सभा ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वेद मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य नरेश के नेतृतत्व में सभा द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के विद्यार्थियों ने लोकार्पण की रस्म अदा करवाई तथा मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य लोगों का शंख ध्वनि के बीच वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ तिलक कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा की ओर से मुख्यातिथि जयभगवान शर्मा डीडी, कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील गोयल, पवन शर्मा पहलवान, दिलावर सैनी, संदीप मदान एडवोकेट और दीपक शर्मा को शाल भेंट कर व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।अपने संबोधन में मुख्यातिथि जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा नगर की सबसे पुरानी एवं धार्मिक संस्था है जो कि धार्मिक कार्यो के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेती है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा निंदी, सभा के संरक्षक श्रीप्रकाश मिश्रा, निवर्तमान पार्षद नितिन भारद्वाज लाली, राजेश शांडिल्य, पंडित ओम प्रकाश रीतवाल, राजेंद्र जोशी, आरडी शर्मा, सुशील शर्मा शिल्ली, मनोज वशिष्ठ एडवोकेट, चंद्रशेखर गौतम, रामकुमार गौतम, विजय शर्मा कुक्की, सुरेश दानी, अशोक कौशिक, पंडित पवन शर्मा पौनी, केडीबी सदस्य एमके मौदगिल, विजय अत्री, पवन शर्मा लीला, पृथ्वीनाथ गौतम एडवोकेट, अश्वनी शांडिल्य, श्यामाचरण शर्मा, यशपाल शर्मा, डा. मनोज, दीप्ती शर्मा, सरोज शर्मा, राजकुमार शर्मा, मांगेश्वर शर्मा, विशाल मुदगिल, देसराज शर्मा, राजीव अच्चू स्वामी, अनिरुद्ध शर्मा हन्नी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान कमेरे गरीब मजदूर की सच्ची हितैषी इनेलो पार्टी है: बडशामी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/कुलतार)।** थानेसर हल्का के गांव हथीरा में पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी ने जनसभा को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला के लिए वोट की अपील की। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फुल मालाओं से स्वागत किया और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। शेर सिंह बडशामी ने बड़े विस्तार से इनेलो पार्टी की नीतियों और लोकसभा प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला के बारे में बताया ।शेर सिंह बडशामी ने बताया की किसान कमेरे गरीब मजदूर का सच्चा हितैषी केवल अभय सिंह चौटाला है। इस अवसर पर महिला विंग की जिला प्रधान तनुजा कश्यप, दीपक कश्यप, धरमवीर कश्यप,किसान सैल के जिला प्रधान रणधीर सिंह मथाना,पूर्व जिला परिषद सदस्य जगीर सिंह मेहरा, युवा प्रधान आकाश नैन ,थानेसर हल्का प्रधान कृष्ण भूरा,लाडवा हल्का प्रधान राजिंद्र कश्यप दुधला, युवा नेता अनुज ,तुन खान, गुरनाम नैन, धरमपाल हथीरा, वीरेंद्र सिंह हथीरा के इलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारणी घोषित



**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** आज बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका प्रोफेसर चांद दत्ता एवं जिला के सह संयोजक बी एल अरोड़ा ने जिला अध्यक्ष रवि बतान एवं प्रदेश के सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना से चर्चा करके जिला कार्यकारिणी घोषित की ।इस अवसर पर हरियाणा सरकार में डैयरी विकास एवं पशुधन बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ शकुंतला शर्मा, रविन्द्र सांगवान, लोकसभा विस्तारक नरेन्द्र पाल डाबला, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धीरज कुमार एडवोकेट, जिला महामंत्री तजिंदर सिंह गोल्डी, जसविंदर सिंह सैनी उपस्थित रहे ।जिला अध्यक्ष रवि बतान ने अपने संबोधन मे कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट हमें हरियाणा में रिकॉर्ड मतों से जीतनी चाहिए और इसके लिए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सारे बुद्धिजीवी समाज को जोड़ना है और घर-घर जाकर प्रचार करना है ।बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना ने कहा कि आपको जिला की सभी चारों विधानसभा में अपने कार्यक्रम करने हैं ।जिला कार्यकारिणी में डॉ रमणकांता शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, जगमोहन बंसल, शिवदयाल झंगम, प्रोफेसर मोहनलाल ढाका, के सी वर्मा, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर नसीब सिंह, डॉक्टर प्रद्युमन सिंह, विशाल मित्तल, संजय कुमार एडवोकेट, बलकार सिंह, गुरनाम सिंह, ज्ञान सिंह रणवीर कुमार राजपाल, राजवीर राणा, डॉ मीत मोहन सिंह, सोम प्रकाश कौशिक की घोषणा की गई।

### आम आदमी पार्टी को लगा झटका




**पिहोवा (अप्रस/पौलस्त्य)।** आज आम आदमी पार्टी उस समय भारी झटका लगा जब पालिका पूर्व उपाध्यक्ष व आप पार्टी के नेता अनिल धवन भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने उन्हे पटका पहनाकर व बुके देकर पार्टी में शामिल किया। उल्लेखनीय है कि अनिल धवन ने आम आदमी के टिकट पर पालिका के प्रधान पद का चुनाव लडा था तथा मात्र 50 वोट से भाजपा प्रत्याशी से हार गए थे। जबकि अपने भतीजे को पार्षद बनाने में सफल हो गए थे।

### अवैध पिस्तौल समेत एक काबू

**जींद (अप्रस/नीरज सिंगला)।** डिटेक्टिव स्टाफ ने एक युवक को अवैध पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है। थाना शहर जींद पुलिस ने शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि एक नौजवान लड़का रोहतक रोड़ पर आटो स्टैंड के पास अवैध पिस्तौल लिये हुए खड़ा है। अगर फौरी रेड की जावे तो अवैध पिस्तौल सहित मौका पर काबू आ सकता है। जब पुलिस रोहतक रोड़ आटो स्टैंड के पास पहुंची तो एक नवयुवक खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस की गाड़ी देखकर एकदम तेज-तेज कदमों से रोहतक की तरफ चलने लगा जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम तुषार कौशिक वासी न्यू कृष्णा कालोनी जींद बतलाया जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्तौल देशी 32 बोर बरामद हुआ जिसको खोलकर चैक किया तो एक जिन्दा कारतूस भी मिला। पुलिस ने तुषार के खिलाफ शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया है।

# बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव : अश्वनी बावा



अर्थ प्रकाश/सुशील

**नारायणगढ़, 28 अप्रैल।** भगवान परशुराम सेवादल नारायणगढ़ के प्रधान अश्वनी बावा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा भक्ति से भगवान परशुराम मंदिर नारायणगढ़ में मनाया जाएगा। उन्होंने यह बात गांव बड़ी बस्सी के ब्राह्मण समाज को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के निमंत्रण पत्र देते हुए कही। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में जन्मोत्सव पर्व का उल्लास है। ब्राह्मणों को उनके घर घर जाकर निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है।

बावा ने कहा कि हर वर्ष गांव स्तर पर भी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जानें लगा है,यह सर्व ब्राह्मण समाज के लिए गौरव का विषय है। वह चाहते हैं कि गांव गांव घर घर जन्मोत्सव मनाया जाये इससे समाज में एकता का संचार होता है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 मई दिन बुधवार को बाद दोपहर भगवान परशुराम चौक से एक विशाल शौभायात्रा निकाली जायेगी तथा 10 मई दिन शुक्रवार को जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# युवा पीढ़ी को सनातन धर्म की मूल संस्कृति से अवगत करवाना होगाः महंत राजेंद्र पुरी

**कुरुक्षेत्र (कुलतार)।** कुरुक्षेत्र में विशेषकर युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी पहुंचे। उनका अशोक गर्ग, राजीव कुमार, मनोज, तेजेन्द्र सिंह, मंजीत व दीपेंद्र कुमार इत्यादि ने स्वागत एवं सम्मान किया। महंत राजेंद्र पुरी ने इस मौके पर माता सती अनुसूया जयंती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु श्री राम ने सीता माता को अनसूया द्वारा जीवन के ज्ञान-विज्ञान से परिचित कराया था। माता अनुसूया से प्रेरणा लेने का यह भी कारण है कि माता अनुसूया के उच्च आदर्शों, संस्कारों, जीवनशैली के आगे साक्षात ब्रह्मा, विष्णु, महेश को भी आम बालक बन जाना पड़ा था। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि युवा पीढ़ी को भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति से जोड़ने के लिए जग ज्योति दरबार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

# भाजपा के पास नहीं अपनी पार्टी के उम्मीदवार : वरुण चौधरी

## कांग्रेस- आप कार्यकर्ताओं ने एक साथ मंच किया सांझा, अम्बाला से बड़ी जीत का किया दावा

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 28 अप्रैल।** अम्बाला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी ने रविवार को पंचकूला, कालका में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी के प्रत्याशियों का हर जगह तिरस्कार हो रहा है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण लोग भाजपा नेताओं को गांव में घुसने तक नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कुनितियो के कारण आम जन दुखी हैं और यही कारण हैं कि आज भाजपा प्रत्याशियों का हर जगह विरोध हो रहा हैं। उन्होंने कहा की मुलाना विधानसभा से विधायक बनने के बाद मैंने 200 के करीब प्रश्न लगाए, ध्यानकर्षण प्रस्ताव लगाए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जनता को आश्वासन देता हूं जब अम्बाला लोकसभा की जनता, अम्बाला लोकसभा के वासी मुझे जीत दिलाकर लोकसभा में भेजेंगे तो उनकी आवाज को लोकसभा में पुरजोर तरीके से बुलंद करूंगा। उन्होंने कहा पिछले दस साल में लोकसभा में अम्बाला क्षेत्र की कोई आवाज सुनाई नही दी। उन्होंने कहा की पिछले 10 साल से लोकसभा में अम्बाला की तरफ से मौन धारण रहा जो अब जनता कांग्रेस को जीत दिलवाकर तोड़ने जा रही हैं।

वरुण चौधरी ने कहा की पांच सप्ताह पहले भाजपा की सूची जारी हो गई थी जिसमे देखने को मिला की उनके पास अपनी पार्टी के उम्मीदवार नही थे। उन्होंने भाजपा के चुनाव प्रचार पर बोलते हुए कहा कि भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार आज के समय झाग की तरफ बैठ गया हैं। उन्होंने कहा की हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अम्बाला लोकसभा के अधिकतम विधानसभा क्षेत्रों में रैलीयां की जो फेल साबित हुई हैं। भाजपा ने रायपुर रानी, अम्बाला, बराड़ा में से रैली में कुर्सियां खाली मिली हैं। उन्होंने कहा जनता जुमलेबाजी के खिलाफ मन बना चुकी हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी को वोट देने का मन जन जन बना चुका हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी पत्रकारों के द्वारा घोषणा पत्र पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा पार्टी को कांग्रेस का घोषणा पत्र अच्छा नही लग रहा क्योंकि कांग्रेस का घोषणा जनता के हित में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है कर के दिखाया हैं। किसानों के बीच जाने के सवाल का जवाब देते हुए वरुण चौधरी ने कहा की जब किसान आंदोलन शुरू हुआ था तो मैं एकमात्र विधायक था जो वहा पहुंचा था और किसान आंदोलन को संबोधित किया था।

# गांव गोयला से अधमी तक सड़क निर्माण कार्य शुरू

## 1 करोड़ 33 लाख लगी लागत, बीजेपी नेता संजय छौक्कर ने किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 28 अप्रैल।** हल्के के गांव गोयला से अधमी तक सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सास ली। इस दौरान चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने बीजेपी नेता संजय छौक्कर ने गांव का दौरा किया। गांव वासियों से निर्माण कार्य शुरू होने की खुशी में संजय छौक्कर को लड्डू खिलाकर आभार प्रकट करते हुए ग्रामीणों में लड्डू बांट कर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय छौक्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से ग्रामीणों की मांग पर 26 नवम्बर को अनाज मंडी समालखा में बीजेपी की रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस रोड निर्माण की घोषणा की थी। अब सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और संजय छौक्कर का आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेता छौक्कर ने बताया कि सड़क निर्माण में करीब एक करोड़ 32 लाख की लागत आएगी। जिससे दोनों गांव के ग्रामीणों को आवाजाही में आसानी रहेंगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों से ही यह संभव हो पाया है।

इस अवसर पर सरपंच अनिल गोस्वामी, श्रीपाल रावल, सोनू रावल, प्रयास रावल, बिट्टू प्रजापत, सोनू गौड़, शमेदिन, नफे सिंह दहिया, जितेंद्र दहिया, सतीश दहिया, प्रकाश चंद व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में एक मरा

**जींद (अप्रस)।** बीबीपुर गांव के पास बाइक सवार दो दोस्तों को कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में राजपुरा भैण गांव निवासी मोहित की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। मनोज को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को दी शिकायत में राजपुरा भैण गांव निवासी सुभाष ने बताया कि उनके भतीजे मोहित की दोस्ती सरसोद बिचपड़ी निवासी मनोज के साथ थी। मोहित अपने मामा के गांव में गेहूं कटवाने के लिए गया हुआ था। वहां पर उसका दोस्त मनोज कंबाइन लेकर गया हुआ था। सुभाष ने बताया कि मोहित वहां से अपने घर राजपुरा भैण आता-जाता था। 26 अप्रैल की शाम 7 बजे मोहित और मनोज बाइक पर तालू गांव जा रहे थे। बाइक मोहित चला रहा था।

# भारत निर्वाचन आयोग हर नागरिक को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनाने के लिए कृत संकल्प

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 28 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग 18वें लोकसभा आम चुनाव में देश के हर योग्य नागरिक को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनाने के लिए कृतसंकल्प है, जिसके लिए विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि कोई भी योग्य पात्र व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे, जिसके लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान प्रकिया में सहभागी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत रखने वाले दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने के लिए फार्म 12 डी भरकर अपनी सहमति देते हुए अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांगता प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करवानी होगी। बीएलओ मतदाताओं के घर से फार्म-12 डी प्राप्त करेगा। उम्मीदवारों को ऐसे निर्वाचकों की एक सूची भी प्रदान की जाएगी, यदि वे प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करना चाहते हैं। मतदान अधिकारियों की टीम मतदाता का वोट लेने के लिए उसके पते पर पहुंचेगी।

# कॉलेज के विद्यार्थियों को साईबर क्राइम की जानकारी दे किया जागरुक

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन

**यमुनानगर, 28 अप्रैल।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने सेठ जय प्रकाश मुकंद लाल इंस्टिटयूट ऑफ इंजीनियरिंग टैक्नोलोजी कॉलेज रादौर में साईबर क्राइम के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी लड़के या लड़कियों से छेड़-छाड़ की घटना होती है तो उसकी शिकायत हरियाणा महिला आयोग को कर सकते है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर 8 वीं कक्षा से 12 वीं कक्षा तक के लड़के-लड़कियों के साथ ऐसी घटनाए होती है। कानून सबके लिए सामान है चाहे वो लड़का हो या लड़की। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लड़कियां ये सोचती है कि हम इस तरह की छेड़-छाड़ की घटना के बारे में किसी को बताएगें तो हमारा स्कूल व कॉलेज जाना बंद कर दिया जाएगा, जबकि ऐसा नहीं है। आप अगर इस तरह की घटना को समय पर हरियाणा महिला साईबर क्राइम को बताते है तो इस तरह की समस्या का हल हो जाता है। स्कूल व कॉलेजों में लड़के-लड़कियां दोस्ती का मिसयूज करते है तो यह क्राइम साईबर क्राइम बन जाता है। दोस्ती को दोस्ती तक ही रखें। साईबर क्राइम होने पर डरने की जरूरत नहीं है, अक्सर लड़के मूर्ख बनाते है और वीडियो वायरल की धमकी देते है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर बिना डरे महिला आयोग साईबर क्राइम को सूचित करें ताकि उसका तुरंत समाधान किया जा सकें। एस. आई. विशाल सैनी ने बताया कि अगर आपके साथ साईबर क्राइम होता है तो आप हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर डायल करके शिकायत कर सकते है तथा यमुनानगर के सैक्टर-17 साईबर क्राइम ऑफिस में भी इस तरह की शिकायत कर सकते है। इसी कड़ी में हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने जिला जेल का दौरा किया और वहां पर कैदियों से बातचीत की।

# लोकसभा चुनाव के सफलता के लिए अधिकारी को किया जा रहा प्रशिक्षित

चुनाव की बारिकियों को समझा जा रहा है सी. ई. ओ.

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 28 अप्रैल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए चारों विधान सभा क्षेत्रों में नियुक्त किए जाने वाले पीठसीन अधिकारियों व सहायक पीठसीन अधिकारियों को ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है ताकि सभी को चुनाव प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी हो। सी. ई. ओ. जिला परिषद पंकज सेतिया ने सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगाधरी के सभागार में पीठसीन अधिकारियों व सहायक पीठसीन अधिकारियों को चुनाव सम्बंधी प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग एजेंटों के सामने मॉक पोल करवाकर एजेंटों की संतुष्टि करवाना व उनके हस्ताक्षर करवाकर मतदान की प्रक्रिया शुरू करवानी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अनुसार किसी मतदान केन्द्र पर मॉक पोल नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में मतदान नहीं माना जाएगा और वहां रि.पोल होगा। मॉक पोल की प्रक्रिया अमल में लाने के बाद पीठासीन अधिकारी को इसका सर्टिफिकेट भी देना अनिवार्य है। सभी पीठासीन अधिकारी चुनाव से एक दिन पहले अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर बूथ को स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए एक दिन पूर्व यानी 24 मई को सभी पीठासीन अधिकारी अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर इसकी सूचना सम्बंधित ए. आर. ओ. को देंगे। उन्होंने कहा कि 24 मई को ही चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा भरकर पोलिंग एजेंट्स के आवेदन पर उनकी नियुक्ति सुनिश्चित करें। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि 25 मई को चुनाव शुरू होने से पहले प्रातः 6 बजे पोलिंग एजेंट के समक्ष मॉक पोल करवाना सुनिश्चित करना है। चुनाव आयोग की हिदायतानुसार मॉक पोल के दौरान कम से कम 50 बार वोट करना आवश्यक है। मॉक पोल के दौरान किए गए वोट और वी. वी. पैट से निकलने वाली पर्चियों व कंट्रोल यूनिट में कुल वोट के मिलान होने पर होने पर, पोलिंग एजेंट के हस्ताक्षर अवश्य करें तथा मॉक पोल उपरांत इसका रिकॉर्ड रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मॉक पोल के दौरान नोटा सहित प्रत्येक उम्मीदवार के सामने का बटन दबाकर कम से कम एक वोट डालना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मॉक पोल के बाद ई. वी. एम. को क्लीयर करने व ई. वी. एम. को सील करने की प्रक्रिया पूरी करें तथा ई. वी. एम. को वोटिंग के लिए तैयार करें। इसके बाद पोलिंग एजेंट्स के समक्ष मतदान शुरू करवाने की घोषणा करनी होगी। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के लिए पी. ओ. डायरी महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट है, जिसमें चुनाव के दौरान होने वाले पूरा घटनाक्रम को अंकित करना आवश्यक है। इस डायरी में कुल मतदाताओं, पुरुष मतदाताओं तथा महिला मतदाताओं से जुड़ी पूरी जानकारी चुनाव शुरू होने से पहले दर्ज हो। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में प्रयोग होने वाली सामग्री को टैग, सील व स्ट्रिप सील करने की भी जानकारी दी तथा क्लासीफाईड सर्विस वोटर के बारे में भी बताया।

# मोहनलाल बड़ौली के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सभी चर्चाओं पर विराम लग गया: मनोहर लाल

> राहुल गांधी को अकल नहीं समझ नहीं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



मुरथल में बीजेपी की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल

**सोनीपत।** मुरथल में आयोजित विजय संकल्प रैली में पहुंचे हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का जोरदार स्वागत हुआ मनोहर लाल खट्टर मंच से संबोधित करते हुए बोले और कहा आज सोनीपत लोकसभा राई क्षेत्र का कार्यक्रम आनंद देने वाला है,एक सभा में कहा कांग्रेस का प्रत्याशी न आने के चलते 2 दिन पहले तक चुनावी कुश्ती में आनंद नहीं आ रहा था।लेकिन दो दिन से आनंद आ रहा है। हुड्डा पर निशाना साधते कहा किलोई को कुछ लोग उसे अपनी रियासत और गढ़ मानते हैं। किलोई में भी भारी संख्या में बड़ी रैली करके आया हूं और यह भ्रम खत्म हो जाएगा। हरियाणा में गढ़ खत्म हो जाएगा,मोहनलाल बड़ौली के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सारी चर्चाओं को विराम मिल गया हैंजाति देखनी है तो मोदी परिवार को देख लो, मनोहर ने कहा 25 को छठे फेस का चुनाव है,भाजपा की 40 विधानसभा की रैली हो चुकी है और 50 रैलिया बाकी हैं, मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा लोकसभा की 10 की 10 सीट मोदी की झोली में डालेंगे,आज विपक्ष में हार की बोखलाहट है,दो दिन पहले ही कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित हुए हैं, घर में बहुत ज्यादा झगड़ा हैं और नेता बहुत है.कांग्रेस में सौदेबाजी हो रही है कि पार्टी का खर्चा कौन देगा

सौदेबाजी सेट हुई है तो तब जाकर प्रत्याशियों की घोषणा हुई है,कांग्रेस में प्रत्याशी घोषित करने को लेकर 20 मीटिंग की है,कांग्रेस में दूसरी बोखलाहट ये हैं कि मोदी ने 10 साल में काम कर दिखाया और कांग्रेस 60 साल में भी नहीं कर पाई, 20 करोड लोगों को बीपीएल से बाहर निकाला है मनोहर लाल खट्टर ने मंच से संबोधित करते हुए यह भी कहा आज गरीब परिवार को सबसे बड़ा सुख है आयुष्मान कार्ड है.भाजपा के संकल्प पत्र में भी आया है कि 70 साल से ऊपर की उम्र के बुजुर्गों के इलाज के लिए 5 लख रुपए तक का कोई भी खर्च नहीं करना पड़ेगा कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा ,मैं मेरा बेटा और भाई भतीजावाद बाद कांग्रेस में रहा है 130 करोड़ का मोदी का परिवार हैं कांग्रेस का लूट खसोट का अनुभव रहा है नॉर्थ ईस्ट में राष्ट्रवाद का नारा चल रहा है, लेकिन कांग्रेस परेशान हो गई है।

हरियाणा में हर वर्ग के लिए समस्याएं दूर की है हरियाणा में 14 फसल एम एसपी पर खरीद की गई है नौकरी के लिए बच्चों को नेताओं के बस्ते नहीं उठाने पड़ते कांग्रेस के नेताओं की नियत, नीति और दिशा कुछ भी स्पष्ट नहीकांग्रेस पर लगातार निशाना साधते हुए यह भी कहा पहला श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देता हूं और दूसरा राहुल गांधी को देता हूं..राहुल गांधी को अकल नहीं है, समझ नहीं है मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस एक घोषणा पत्र को लेकर निशाना साधते कहा कमा कर खाएगा स्वाभिमान बनेगा मुफ्त का खाएगा तो निकम्मा हो जाएगा कांग्रेस के लोग गरीबी नहीं हटाएंगे वोट के नाते वोट बनाएंगे ओबीसी कमजोर वर्ग को दिया जाता है सभी जाति को देंगे तो गरीब का हक कट जाएगा कांग्रेस के लोगों को उनके बुजुर्गों ने ना संस्कार और न शिक्षा दी है।

# ट्रैफिक पुलिस ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानदारों को दी हिदायत



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** शहर के व्यस्त रेलवे रोड़ पर जाम की समस्या को लेकर आखिरकार रविवार को यातायात पुलिस हरकत में दिखी। यातायात पुलिस ने शहर के व्यस्तम बाजार में कार्रवाई कर अस्थाई अतिक्रमण हटाया और आड़े-तिरछे वाहन खड़ा करने वाले चालकों के चालान काटे। यातायात पुलिस ने रविवार को प्रभारी रामकुमार के नेतृत्व में रेलवे रोड़ पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। ट्रैफिक पुलिस ने रेलवे रोड़ व फ्लाई ओवर को चिह्नित कर अभियान चलाया। हाथ ठेले वाले व दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी। गौरतलब रहे कि बाजार में जाम की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जिससे राहगीरों का निकलना मुश्किल हो रहा है। जाम की समस्या से आए दिन झगड़े भी सामने आ रहे हैं। जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। शहर में प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा।

ट्रैफिक इंचार्ज रामकुमार ने बताया कि शहर में बार बार जाम की समस्या से स्थानीय निवासियों के द्वारा अवगत करवाया जा रहा है। शहर का भ्रमण करने के दौरान पता चला कि बाजारों में दुकानदारों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण कर लिया जाता है। जिसके चलते बाजारों में हर समय जाम लगा रहता है। उन्होंने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी से शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान रेलवे रोड़, फ्लाई ओवर के नीचे तक चलाया गया। इस दौरान दुकानों के सामने रखे बोर्ड और अस्थाई सामान को दुकानदार से कहकर हटवा दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने दुकानदारों को कड़े शब्दों में दुकानों के बाहर सामान ना रखने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि अगर इस पर भी दुकानदार नहीं मानते हैं तो नियम पूर्वक कार्रवाई करते हुए समान जब्त या जुर्माना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जाम की समस्या के लिए जिम्मेदार रिक्शा संचालकों को उचित दिशा निर्देश दिए जाएंगे। जिससे शहर के लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

# गांव ऐंचरा कलां में खरीद केंद्र होने के बावजूद भी खेतों में रखा जा रहा गेंहू



अर्थ प्रकाश/विशाल

**सफीदों।** उपमंडल के गांव ऐंचरा कलां में खरीद केंद्र होने के बावजूद भी खेतों में गेंहू डालने जाने का मामला सामने आया है। खेतों में गेंहू डालने के साथ-साथ उन्हे भरकर किसी प्राईवेट संस्थान में लगाया जा रहा है। यह स्थिति तब है जब सरकार के द्वारा गांव ऐंचरा कलां में गेंहू खरीद केंद्र बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव ऐंचरा कलां के खेतों में आढ़तियों के द्वारा खुले में खेतों के अंदर गेंहू डलवाया जा रहा है और उसे सरकारी बारदाने में भरकर किसी प्राईवेट संस्थान में लगवाया जा रहा है। गेंहू को इस बुरी हालत में खेतों में डलवाया जा रहा है कि गेंहू के ढेर की नीचे कोई तिरपाल इत्यादि भी नहीं लगाया गया है और गेंहू को सरकारी बारदाने में भरते वक्त कहीं ना कहीं खेत की मिट्टी भी उसके अंदर भरी जा रही है। इसके अलावा खेत में सरकारी बारदाने की कई गांठे भी पड़ी हुई है। बता दें कि गांव ऐंचरा कलां में मार्किटिंग बोर्ड के द्वारा खरीद केंद्र बनाया गया है। उसके बावजूद भी यह गेंहू खेतों में डलवाकर तोला जा रहा है।

गेंहू को तोल रहीं लेबर रंजित ने बताया कि सैंटर में जगह नहीं बचा है और वे पिछले कई दिनों से आढ़ती के कहने पर यहां पर गेंहू को तोल रहे हैं। इस मामले में मार्किट कमेटी सफीदों सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है और वे इस मामले की जाकर जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि गेंहू का सीजन जोरों पर है और एकदम से किसानों का गेंहू आने के कारण खरीद केंद्र फुल हो चुके है। हो सकता है कि किसी ने जगह के अभाव में वहां पर गेंहू डलवाकर तुलवा दिया हो। बारदाना सरकार का है और सारा माल सरकार को जा रहा है। फिर भी वे इस मामले की जांच करेंगे।

# भगवान श्रीराम की पूजा करने के लिए भाजपा या आरएसएस से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: कुमारी सैलजा

> न्याय और संविधान को बचाने की लड़ाई का समय आ गया है, सबको एक साथ मिलकर लड़ना होगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि पूजा आस्था से जुड़ी है हमें पूजा करनी है जिसकी पूजा करनी है इसके लिए भाजपा या आरएसएस से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वालों को तो श्रीराम भी कभी माफ नहीं करेंगे। भगवान श्रीराम थे है और सदा रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है पर ये जनता सब जानती है और बार भाजपा से हिसाब करके रहेगी।

वे रविवार को डबवाली में एक जनसभा को संबोधित कर रही थी। सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार डबवाली पहुंची जहां पर उन्होंने चुनाव कार्यालय का उदघाटन भी किया। यह आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. के वी सिंह और उनके विधायक पुत्र अमित सिहाग की देखरेख में हुआ।



इस मौके पर आप और वामदलों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद थे। उनका डबवाली नगर में जोरदार स्वागत हुआ। गुरुद्वारा साहिब में उन्होंने जाकर शीश नवाया। इस मौके पर सिरसा से वर्ष 1988 से शुरू किए गए राजनीतिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और याद दिलाया कि यहां के लोगों ने उन्हें सदैव प्रेम प्यार और समर्थन दिया है जिसकी बदौलत दो बार सांसद चुनी गई और बाद में पार्टी के आदेश पर अंबाला में चुनाव लड़ा और वहां भी दो बार जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि समय का चक्र है समय करवट लेता है हालात बदले है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका होती है, नेशनल मीडिया सच दिखाना चाहता पर उनके मालिक नहीं चाहते, उनके पास जो पर्ची जाती है उसी के अनुसार दिखाया जाता है, मणिपुर जल रहा था पर मीडिया मौन रखा मीडिया केवल विदेशी यात्राएं दिखा रहा था। उन्होंने कहा कि आज सच के लिए फिरकापरस्त ताकतों से लड़ाई है व्यक्तिगत लड़ाई नहीं हैं लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, पीछे खड़े हुए मजदूर को आगे लाने की लड़ाई है, गरीबों, किसानों , युवाओं के लिए लड़ाई है। किसान केवल एमएसपी तो मांग रहा है पर सरकार ने किसान आंदोलन के बीच डबवाली में ऐसे हालात पैदा कर दिए जैसे भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर होते है।

# अवैध शराब बेचने के 19 आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने अलग-अलग मामलों में अवैध रूप से शराब बेचने के 19 आरोपियों को किया काबू । पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देशानुसार दिनांक 27 अप्रैल 2024 को जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसते हुए स्पैशल अभियान के तहत 19 मामलों में 19 आरोपियों को गिरफ्तार करके 158 बोतल ठेका शराब, 2 लीटर नाजायज शराब व 20 किलोग्राम लाहन बरामद करने में सफलता हासिल की । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि दिनांक 27 अप्रैल 2024 को पुलिस अधीक्षक के आदेशों के पालना करते हुए जिला पुलिस अलग-अलग टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रो में अवैध रूप से शराब बेचने वालो पर शिकंजा कसा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना लाडवा ने 3 मामले दर्ज कर में 3 आरोपियों से 24 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की, थाना केयूके पुलिस ने 3 मामले दर्ज कर में 3 आरोपियों से 25 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की, एंटी नारकोटिक सैल टीम ने 2 मामले दर्ज कर 2 आरोपियों से 19 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की, थाना शाहबाद पुलिस ने 02 मामले दर्ज कर 02 आरोपियों से 31 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की।

## सफीदों के नागरिक अस्पताल की बदहाल व्यवस्था

# डेडबॉडी शवगृह का फ्रीज खराब, शव से आ रही बदबू

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों।** सफीदों के नागरिक अस्पताल की बदहाल व्यवस्था का दिल दहला देने वाला दृश्य उस वक्त सामने आया जब एक मृतक की डेडबॉडी शवगृह का फ्रीज खराब हो जाने के कारण फटकर सडांध मारने लगी और उसमें कीड़े पड़ गए। इस मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब परिवार के लोग पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे और जैसे ही शवगृह का फ्रीज खुला ओर उसमें से भयंकर बदबू आई और शव को देखा तो मृतक के मुंह से कीड़े निकलते पाए गए। अस्पताल की इस बदइंतजामी के कारण ग्रामीणों व परिवार के लोगों में भारी रोष देखने को मिला और इसके लिए अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार बताया। बता दें कि गांव रत्ताखेड़ा निवासी जसमेर पिछले कुछ महीनों से अपने परिवार के साथ निकटवर्ती गांव खेड़ा खेमावती में रहने लगा था। वह किन्ही कारणों से मानसिक रूप से परेशान रहता था और उसने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सफीदों के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया था। किन्ही कारणों से शनिवार को पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था और अस्पताल प्रशासन द्वारा रविवार को पोस्टमार्टम किए जाने की बात कहीं गई थी। रविवार सुबह काफी तादाद में ग्रामीण व परिवार के लोग शव का पोस्टमॉर्टम करवाने सफीदों के सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रशासन पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में पहुंचे और शव को फ्रीज से बाहर निकाला तो उसमें से भयंकर बदबू उठी और डेडबॉडी कई स्थानों से खराब हो गई थी। परिजन भी जब अंदर गए तो पाया कि डेडबॉडी कई स्थानों से फूली व खराब हुई पड़ी थी। शव में से भयंकर बदबू आ रही थी और मुंह में से कीड़े निकल रहे थे। यह सबकुछ देखकर ग्रामीण व परिवार दंग रह गया और उनके दुख की कोई सीमा नहीं रही। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल प्रशासन की वजह से जसमेर के शव की यह दुर्गती हुई है। अस्पताल प्रशासन ने एक बार भी उन्हे यह नहीं बताया कि अस्पताल के फ्रीज खराब हैं। अगर अस्पताल प्रशासन पहले बता देता तो वे कोई डीफ्रीज या बर्फ का इंतजाम करते। इस सारे मामले में अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है और उनके लिए इंसान की कोई कीमत नहीं है। परिजनों ने बताया कि जब वे शव को देखने के लिए गए तो उनसे शव को देखा नहीं गया। शव से भयंकर बदबू आ रही थी व बॉड़ी फट गई थी। मृत्तक का मुंह काला पड़ा हुआ था और उसके मुंह से कीड़े निकल रहे थे। परिजनों के अनुसार शव की हालत इस कदर खराब हो गई थी कि डाक्टरों ने उसका पोस्टमार्टम करने तक से हाथ खड़े कर दिए थे। जब उन्होंने डाक्टरों ने बात की तो उन्होंने इस मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनकी कोई जिम्मेवारी नहीं है, यह व्यवस्था तो स्टाफ को देखनी होती है। परिजनों का कहना है कि शव की हालत इतनी खराब है कि मृत्तक की पत्नी, बच्चे व परिवारजन भी उसके अंतिम दर्शन तक नहीं कर पाएंगे और शव को सीधे श्मशान घाट ले जाकर उसका अंतिम संस्कार करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना था कि वे इस मामले की शिकायत केंद्र व राज्य सरकार व उच्चाधिकारियों को करेंगे ताकि अन्य किसी के साथ ऐसा घटनाक्रम ना हो। इस मामले में नागरिक अस्पताल में एसएमओ जेपी चहल का कहना है कि 4 में से 3 फ्रीज कल ही खराब हो गए थे। केवल एक ही फ्रीज से काम कर रहा था। कल तीन डैड बॉडी आ गई थी, जिसकी वजह से ऐसा हादसा हुआ है। उन्होंने पुलिस व परिजनों को बर्फ इत्यादि लगाने के बोला था लेकिन उन्होंने लगाई नहीं होगी।

## सार्वजनिक नोटिस

मैं, उमेश पत्नी नरेंद्र संपत्ति के संबंध में, मकान/प्लॉट जिसकी संपत्ति आईडी संख्या - 3DVB61C6, असर का हिस्सा खेवट संख्या - 2605, खतौनी संख्या - 2772, पतंग - 3, तदादी - 12K-10M, माप 0K-6M (175 वर्ग गज), दादरी, तहसील और जिला चरखी दादरी में स्थित है। मैंने सेल डीड नंबर - 8591 दिनांक 02.02.2012 चरखी दादरी में कहीं खो दिया है। एक डीडीआर चरखी दादरी में भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी लिमिट या ओडी लिमिट नहीं लिया है। यदि किसी को इस संपति के बारे में कोई जानकारी मिले या कोई चिंता हो तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर संपर्क करें।

एडवोकेट भूपेन्दर कुमार, मो. 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार

AP-671


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98140-19928
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**ऋण**

Equitas Small Finance Bank Solution Limited
(1995 से आपके सेवा में )
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 - 95 लाख तक
घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी , महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिविल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675


## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** संगीता सैनी पत्नी विजय बहादुर वासी मकान नं. 4013, नजदीक पुलिस स्टेशन, मलोया कोलोनी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर संगीता सैनी से संगीता रखा है।

**मैं,** मनीषा कौर पत्नी हरविंदर सिंह वासी मकान नं. 128, गांव और डाकघर दरार, जिला करनाल ब्यान करती हूं की मेरा नाम मनीषा और उपनाम कौर है।

**मैं,** जसविंदर कौर पत्नी बूटा सिंह वासी मकान नं. 128, गांव और डाकघर दरार, जिला करनाल ब्यान करती हूं की मेरा नाम जसविंदर और उपनाम कौर है।

**मैं,** Bhawna भास्कर उर्फ Bhawna शर्मा पत्नी प्रशांत शर्मा वासी 102, GH-52, सैक्टर 20, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Bhavna शर्मा रखा है।

**मैं,** दीपक पुत्र शिव चरण वासी मकान नं. 3166 भास्कर कोलोनी सैक्टर 25 चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर प्रदीप कुमार रखा है।
एपी-667

**मैं,** गोदाम्बरी देवी पत्नी सोहन सिंह बड़थ्वाल निवासी #145, गांव खुड्डा जस्सू चंडीगढ़ ने मेरा नाम गोदाम्बरी देवी से बदलकर सुनीता देवी रख लिया है।
एपी-668

**मैं,** रमेश कुमार शर्मा पुत्र भगवान दत्त शर्मा निवासी गांव पाडला जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम रमेश कुमार शर्मा पुत्र भगवान दत्त शर्मा से बदलकर रमेश कुमार पुत्र भगवान दत्त रखता हूं। सम्बन्धित कृपया नोट करें।
एपी-669

**मैं,** आर्मी नंबर 3935089एम पूर्व एनके/एनए इंदर सिंह मलिक पुत्र धर्म सिंह गांव और डाकघर पौली तहसील जुलाना जिला जींद हरियाणा ने मेरी पत्नी का नाम धनपति देवी से बदलकर धनपति कर दिया है और जन्म तिथि 01.07.1957 से बदलक्कर 01.01.1953 कर दी है।
एपी-670

**मैं,** कर्मबीर सिंह सुपुत्र श्री रत्न सिंह निवासी ट्यूबवेल जी-20 सैक्टर-14 पंचकूला हरियाणा ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र मनीष कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मै इसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं भविष्य में इससे लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होगे।

**मैं,** डेचन चोस्किट सेना संख्या-9928477पी, रैंक- नायक, नाम-नवांग स्टांटार की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हु, जो यूनिट- 3 लद्दाख स्काउट्स सी/ओ 56 एपीओ, चंडीमंदिर कैंट, पंचकुला, हरियाणा में तैनात है, मैंने अपना नाम डेचन चोस्किट से बदलकर डैचेन चोस्किट कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-52एए 913477, दिनांक 15.04.2024

**मैं,** नंबर 9929136W, रैंक- हवलदार थेनलास थुल्टसेम पुत्र श्री त्सेरिंग नोरफेल, निवासी 3 लद्दाख स्काउट्स सी/ओ 56 एपीओ, चंडीमंदिर कैंट पंचकुला, हरियाणा मेंने अपनी माँ का नाम त्सेरिंग पुतित से बदलकर त्सेरिंग बुटीट कर दिया है।

**मैं,** जेसी नं. 589279वाई, रैंक- नायब/सूबेदार स्टैनज़नि रबगियास पुत्र एस. सोनम दोर्जे निवासी 3 लद्दाख स्काउट्स सी/ओ 56 एपीओ, चंडीमंदिर कैंट पंचकुला, हरियाणा मेंने अपनी पत्नी का नाम थुक्जे कुन्जेस से बदलकर थुक्जे कुन्जेस कर दिया है।

**मैं,** Dimple पत्नी श्री Tarsem Singh निवासी मकान न. 622, Huda Plots, सैक्टर 19, पंचकूला ने अपना नाम Dimpal से बदलकर Dimple रख लिया है।
एपी-671

I Darshan Pal Kaur W/o Sangat Singh , House No. 2346, First Floor, Sector 22-C, Chandigarh inadvertently in my Son i.e Barinder Sing, Passport my name has written Gurcharan Kaur. I have never Changed my Name in my lifetime and my correct name is Darshan Pal Kaur and Barinder Singh is my Son.
AP-672

**मैं,** तनवीन पुत्री रतनदीप सिंह निवासी मकान नंबर 2030, जल वायु विहार, सेक्टर-67, एसएएस नगर मोहाली ने अपना नाम बदलकर तनवीन कौर रख लिया है।
एपी-671

**मैं,** मीनू पत्नी रजत कुमार अग्गरवाल निवासी 23, मंदिर के पास, सैक्टर 20, हुडा कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम मीनू से बदल कर मीनू अग्गरवाल रखती हूँ। सम्बंधित कृपया नोट करें ।
एपी-674

**मैं,** रामपाल सिंह पुत्र नाथू निवासी अमिया पटी, नजदीक दादा खेड़ा, पाई जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम रामपाल सिंह से बदलकर रामपाल रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** बजिन्द्र सिंह पुत्र रामपाल निवासी मकान न. 2265 , गांव पाई जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम बजिन्द्र सिंह से बदलकर बजिन्द्र रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** कुलविन्द्र कौर पत्नी हरजिन्द्र सिंह निवासी डेरा नत्था सिंह , सीवन जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम कुलविन्द्र कौर से बदलकर कुलविन्द्र (नाम) कौर (उपनाम) रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-675

**मैं,** प्रियंका गुप्ता पत्नी श्री पंकज गुप्ता निवासी मोहल्ला कटला, तहसील महेंद्रगढ़, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) हल्फ से बयान करती हूं कि मेरे दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रियंका मित्तल अंकित है। जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम प्रियंका गुप्ता दर्ज है, जो कि दोनों एक ही व्यक्ति है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे प्रियंका गुप्ता के नाम से जाना जाये।
एपी-676

**मैं,** राजेंद्र कुमार आधार नंबर 887 16609 0943 मोबाइल नंबर 94684-45632 सुपुत्र श्री सरदारी लाल निवासी बरवाला जिला हिसार (हरियाणा)-125121 प्रमाणित शपथ पत्र से यह बयान करता हूं कि प्रॉपर्टी नंबर 1816 वाका मौजा वार्ड नंबर 3 मेन बाजार बरवाला जिला हिसार में स्थित है। यह कि मेरे पिता श्री सरदारी लाल का 6 जनवरी 2018 को स्वर्गवास हो जाने उपरांत उपरोक्त प्रॉपर्टी के हम निम्न वारसान राजेंद्र कुमार, रमेश कुमार, सुरेश कुमार पुत्रान श्री सरदारी लाल और बिमला देवी, उषा रानी, कृष्णा देवी, राजबाला, कविता रानी पुत्रियान श्री सरदारी लाल है। अगर अन्य कोई भी वारसान दावेदार बनकर उपरोक्त प्रॉपर्टी बाबत कोई एतराज व दावा आदि करता है तो उसकी हर प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी। इस बारे में जिसको कोई आपत्ति हो तो वो नगरपालिका बरवाला में 15 दिन के अन्दर-अन्दन अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। शपथकार

**मैं,** रोहित आधार नंबर 7214 9480 2501 मोबाइल नंबर 98130-70700 सुपुत्र श्री कृष्ण चंद्र निवासी बरवाला जिला हिसार (हरियाणा)-125121 प्रमाणित शपथ पत्र से यह बयान करता हूं कि प्रॉपर्टी आईडी नंबर 6 डीएचटी एमयूआर 5 वाका मौजा बरवाला जिला हिसार में स्थित है। यह है कि मेरे पिता श्री कृष्ण का 15 अप्रैल 2017 को स्वर्गवास हो जाने उपरांत उपरोक्त प्रॉपर्टी के हम निम्न वारसान सुनीता रानी विधवा श्री कृष्ण चन्द्र और रोहित सुपुत्र श्री कृष्ण चन्द्र तथा रिया सुपुत्री श्री कृष्ण चंद्र है। अगर अन्य कोई भी वारसान दावेदार बनकर उपरोक्त प्रॉपर्टी बाबत कोई ऐतराज व दावा आदि करता है तो उसकी हर प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी। इस बारे में जिसको कोई आपत्ति हो तो वो नगरपालिका बरवाला में 15 दिन के अंदर-अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। शपथकार
एपी-677

## बेदखली सूचना

हम Fattu Ram और चांद कौर निवासी # 1361 सिंघा देवी कॉलोनी नयागांव मोहाली पंजाब 160103, हम घोषणा करते हैं कि हमने अपने बेटे विजय कुमार और पत्नी परमजीत राणा और उनके बेटे विराट और वंश को हमारी चल और अचल संपत्ति से वंचित/बेदखल कर दिया है हमारे नियंत्रण से बाहर है यदि कोई उनके साथ वित्तीय लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-668

**मैं,** धर्मेन्द्र पुत्र हजारी जाति धानक निवासी गांव मदीना, गोहाना,सोनीपत अपने लड़के सूरज जोकि अविवाहित है, को अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ क्योंकि ये मेरे कहने सुनने से बाहर है। भविष्य में इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होंगे ।
एपी-671

**मैं,** राजकुमार पुत्र श्री दीनानाथ निवासी मकान नंबर 56 रामनगर,तहसील जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरे पिता श्री दीनानाथ पुत्र श्री रोशन लाल की मृत्यु दिनांक 26/05/2023 को हो चुकी है व मेरी माता श्रीमती परमेश्रवरी देवी की मृत्यु दिनांक 12/05/2015 को हो चुकी है। प्रार्थी के पिता की मृत्यु उपरांत उनके वारिस इस प्रकार हैं 1 राजकुमार पुत्र 2 मधुबाला 3 पुष्पा उर्फ भारती 4 ज्योति वर्मा पुत्रीयान लेट श्री दीनानाथ कुल 4 वारसान है। इसमें कुछ भी वारिस/वारसान को छुपाया नहीं गया है,अगर कोई वारिस/वारसान गलत पाया जाता है तो मैं स्वयं जिम्मेवार होगा। राजकुमार

**मैं,** इन्दु बाला पत्नी लेट श्री पवन कुमार निवासी मकान नंबर 2062, शोभा डेजी, सरजपुर आउटर रिंग रोड बेल्लान्दुर, बैंगलुरु कर्नाटक 560103 बयान करती हूं कि मेरे पति श्री पवन कुमार पुत्र श्री सुमेर चंद का देहांत दिनांक 4/05/2021 को हो गया है। मेरे पति के देहांत के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस है1 इन्दु बाला विधवा2 अंशु गर्ग 3 अनु गुप्ता 4 ललित कुमार वारिस है इसके कुल 4 वारसान है। इसमें कुछ भी वारिस/वारसान को छुपाया नहीं गया है, अगर कोई वारिस/वारसान गलत पाया जाता है तो मैं उसकी स्वयं जिम्मेवार होगी। इन्दु बाला
एपी-673

▲ अधिकतम 36 डिग्री से.
डिग्री से. 23 न्यूनतम ▼
सूर्यादय 5.42 बजे
सूर्यास्त 6.59 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,805.00 |
| सैंसेक्स | 73,730.16 |
| अमेरिका | 83.40 |
| कैनेडियन | 60.69 |
| आस्ट्रेलिन | 54.50 |

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले मे दो आरोपियों को किया काबू

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले मे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान मौली कांप्लेक्स के रहने वाले 24 वर्षीय विशाल और 19 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि थाना पुलिस की टीम 27 अप्रैल को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पैट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मौली जगरा स्थित विकास नगर टी प्वॉइंट के नजदीक पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर दोनो आरोपियो को रोककर पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपियों के कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### एयर फोर्स से रिटायर्ड कर्मी से 90 लाख से अधिक ठगे

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। यूटी पुलिस के थाना साइबर सैल पुलिस ने धोखाधड़ी के मामला में शिकायतकर्ता राजवीर सिंह की शिकातय पर मामला दर्ज किया है शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह एयर फोर्स से रिटायर्ड है। 17 अप्रैल 2024 को उसके मोबाइल पर कॉल आई। और उसने कहा कि वह बैंक से बोल रहा है। पीड़ित के क्रेडिट कार्ड पर 7500 रूपए इंटरनेशनल ट्रैवलर चार्ज लगने वाला है। और उसे बोला गया कि अगर वह बंद करवाते हैं तो बंद कर देते। पीड़ित उनके झांसे में आ गया। अज्ञात ने उसे एपीके फाइल भेजी। और एप डाउनलोड करवाई। कुछ समय बाद पीड़ित के खाते से कुल एक लाख 90 हजार 762 रूपए निकल गए। जब उसे पता चला की उनके खाते से पैसे निकले तो जिसकी शिकायत तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बैंक मैनेजर से 74 लाख से अधिक की ठगी

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की वह बैक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। ऋषिकेश में होटल की बुकिंग के लिए ऑनलाइन देख रही थी। जब इसकी बुकिंग नहीं हुई तो उसे कुछ देर बाद एक अज्ञात शख्स ने कॉल किया। और उसने पीड़िता को झांसे में लिया। पीड़िता ने एक हजार रुपए सेंड कर दिए। और उसके कार्ड की डिटेल मांगी। जेसे ही उसने दी तो पीड़िता के खाते से कुल 74 हजार 578 रूपए निकल गए। जब उसे पता चला की खाते से पैसे निकल गए। जिसकी शिकायत थाना साइबर सेल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डंपिंग ग्राउंड को हिलाने में केंद्र और प्रशासक की कोशिशें भी विफल

- नंदिता हुड्डा व अनिका तिवारी ने भाजपा से पूछा किस हक से मांग रही वोट
- विकास के नाम पर ऐसे प्लांट लगाने के प्रोजेक्ट का समर्थन किया जो सेहत के लिहाज से सही नहीं
- डड्डूमाजरा में जनसभा में बबीता चंडियाला ने सांसद किरण खेर को घेरा





अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 28 अप्रैल। डड्डूमाजरा कॉलोनी में कांग्रेस महिला मोर्चा चुनावी संग्राम के दौरान डंपिंग ग्राउंड को लेकर भाजपा पर बार बार हमला बोल रहा है। एक जनसभा में डड्डूमाजरा की महिलाओं ने भाजपा शासन को डंपिंग ग्राउंड से बिगड़े हालात का जिम्मेदार भाजपा को ठहाया है। कार्यक्रम में नवनियुक्त महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नंदिता हुड्डा व मनीष तिवारी की बेटी इनिका तिवारी ने भाजपा को डंपिंग ग्राउंड के मुद्दे पर बार बार घेरा।

नंदिता हुड्डा व अनिका तिवारी ने बीजेपी प्रत्याशी संजय टंडन को घेरते हुए सवाल किया कि आप के बीजेपी शासित निगम ने सिर्फ सब्जबाग ही दिखाए हैं। बीजेपी और आप किस आधार पर यहां कि जनता से वोट मांग रहे हैं। बीजेपी ने यहां विकास के नाम पर कई ऐसे प्लांट लगाने के प्रोजेक्ट का समर्थन किया जो सेहत के लिहाज से सही नहीं था। मरे हुए जानवर का प्लांट 25 और कॉलोनी के मध्य लगाने के प्रस्ताव को बीजेपी ने समर्थन किया था। डंपिंग ग्राउंड को हिलाने में केंद्र और प्रशासक की कोशिशें भी विफल साबित हुई। कोई भी योजना सिरे नहीं चढ़ सकी। आज भी लोग डंपिंग ग्राउंड का दर्द झेल रहे हैं। बबिता चंडियाला ने कहा कि डड्डूमाजरा में पिछले 10 साल भाजपा की सरकार रही और नगर निगम में लगातार भाजपा का महापौर रहा लेकिन इसके बाद भी डंपिंग ग्राउंड की समस्या का आज तक कोई समाधान नही हुआ। बबिता चंडालिया ने कहा कि हर सेक्टर कॉलोनी व सेक्टरों की एंट्री का मुख्य द्वार फूल बगीचों से सुसज्जित होती है। लेकिन डडडूमाजरा कॉलोनी के मुख्य द्वार पर शिमला से भी बड़े बड़े बदबू दार व दुर्गन्ध से सुसज्जित पहाड़ बने हुए है। इनसे निकलने वाली दुर्गंध ने कॉलोनी के लोगो के जीना मुहाल कर रखा है।

बबिता ने बताया कि जब भाजपा की सांसद किरण खैर यहां चुनाव लड़ने आयी थी तो उन्होंने कहा था कि वह चंडीगढ़ की बेटी हैं और कॉलोनी निवासियों ने खैर के चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लियाए क्योंकि सांसद ने कहा था कि वह डंपिंग ग्राउंड से निजात दिलवाएगी लेकिन 10 साल सांसद रही और नतीजा जीरो रहा। डडडूमाजरा में रहने वाली बेटियो के रिश्ते लेने को कोई तैयार नही और तो और इस कॉलोनी में कोई अपनी बेटी भी देने को तैयार नही है। अपने आप को चंडीगढ़ की बेटी कहने वाली सांसद आज तक डंपिंग ग्राउंड की सुध नहीं ली और न ही इस और कभी मुड़कर देखा। डडडूमाजरा कॉलोनी के लोगो को बीमारियों से लड़ने और मारने के लिए छोड़ दिया। इस कार्यक्रम में अनिता शर्मा पूर्व महिला अध्यक्ष चंडीगढ़ प्रदेश कमला देवी, बाला देवी, ललिता देवी, सतीश मंचलए भुसरा अंसारी, ललित, मोना सिधू, अमरजीत कौर, भावना, हरजिंदर सिंह, विनोद, आदि शमिल हुए।

### कोई यह नहीं कहता कि कचरे के नए ढेर भी बन चुके हैं

30 अप्रैल तक डंपिंग ग्राउंड से नया और पुराना सभी कचरे के ढेर समाप्त हो जाएंगे। मगर कुछ नहीं हुआ अब डंपिंग ग्राउंड के आसपास बसे दर्जनों सेक्टरों के लोग आने वाले वक्त में और गंभीर समस्याओं से प्रभावित हो जाएंगे क्योंकि चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी द्वारा मारे हुए जानवरों को जलने का प्लांट भी डंपिंग ग्राउंड के आसपास ही लगाया जाएगा। इस एजेंडे को नगर निगम में मिली भगत से पास करवा लिया गया था। डंपिंग ग्राउंड ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष दयाल कृष्ण ने चंडीगढ़ से लोकसभा के दोनों पार्टियों के कैंडिडेट से प्रार्थना की है कि वह डड्डूमाजरा कॉलोनी में मकान नंबर 1818 के पास आकर जरा देख लें कि कचरा समाप्त हुआ है या नहीं और लोग यहां पर किस तरह से रहते हैं तब उन्हें पता लग जाएगा कि चंडीगढ़ की जो सबसे बड़ी समस्या है वह डंपिंग ग्राउंड है। यहां का जल वायु दोनों दुष्ट हो गया है मगर अफसोस किसी के मेनिफेस्टो में इस बात का जिक्र नहीं है हर कोई कहता कि कचरा उठ गया है मगर यह नहीं कहता कि कचरे नए ढेर भी बन चुके हैं।

# अभी तक तीन कांग्रेसी पहुंचे भाजपा की गोद में 'टॉफी चूसने'

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल


सुखपाल


परीक्षित राणा


प्रवीण नारंग बंटी

चंडीगढ़, 28 अप्रैल। चंडीगढ़ संसदीय सीट से मनीष तिवारी की टिकट अनाउंस होते ही मानो कांग्रेस की साढ़ेसती राहु, केतु की वक्री चाल के साथ शुरु हो गई। जैसे ही मनीष तिवारी के कदम चंडीगढ़ में पड़े प्रदेश कांग्रेस के पितामह पवन बंसल की हालत घर के उस मुखिया जैसी हो गई जो चाहते हुए भी बच्चों की दबंगई रोक ना पा रहा हो प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा दुबे के इस्तीफे से शुरू हुई ये दास्तां रोज़ नया अध्याय लिख रही है। दीपा दुबे का साथ देने कांग्रेस के छोटे बड़े वर्करों की गिनती 600 पार हो चुकी थी। ये सिलसिला अभी जारी है हद तो तब हो गई ज़ब यूथ कांग्रेस के युवा नेताओं ने एक-एक कर इस्तीफा तो दिया ही, साथ ही प्रदेश भाजपा ज्वाइन करके अध्यक्ष जीतेन्द्र पाल मल्होत्रा का कद भी ऊँचा करने लगे। ऐसे में मल्होत्रा के वो कथन सत्य होते दिखाई दें रहे है कि जो भी कांग्रेसी रोता हुआ आएगा उसे टॉफी देकर चुप करवाएंगे। 24 अप्रैल को अपना इस्तीफा देते हुए कांग्रेस प्रदेश सचिव रामेश्वर गिरी ने भी चुपचाप अपना इस्तीफा कांग्रेस आला कमान को भेजा। अर्थ प्रकाश संवाददाता से बात करते हुए गिरी का दर्द उस वक्त छलक आया ज़ब भारी मन और गीली आँखों से उन्होंने ने बताया कि बयालीस साल का साथ कोई कम अरसा नहीं होता। मैंने अपनी जवानी कांग्रेस को दी है, पर बदले में स्थानीय अध्यक्ष द्वारा अनदेखी अपमान और विश्वासघात के सिवा कुछ ना मिला।

भारी मन से गिरी ने बताया वार्ड नंबर छः से 2016 में भाजपा के टिकट पर जगतार सिंह जग्गा रमेश गोयल कांग्रेस को 80900 वोटो के अंतर से हरा कर निगम हाउस पहुंचे थे बाद में वो डिप्टी मेयर भी बने वहीं 2021 निगम चुनाव में मेरी पुत्रवधु ममता गिरी को कांग्रेस ने टिकट दिया तो हमने सरबजीत कौर भाजपा से मात्र 500 वोटो के करीब से शिकस्त खाई थी हमें हराने वाले भी कांग्रेस पार्टी के वर्कर ही थे। मैंने हमारे अध्यक्ष हारमोहिंदर लक्की से शिकायत भी की थी तो अध्यक्ष ने इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेना तो दूर उन लोगों को जिला अध्यक्ष, यूथ प्रेजिडेंट के पदों से नवाज़ा मेरा दिल टूट गया परसों 27 अप्रैल को मेरी पुत्रवधु ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

महिला कांग्रेस की महासचिव ज्योति हंस ने पिछले हफ्ते अपनी टीम सहित इस्तीफा देते हुए कहा था बस अब और नहीं उनके साथ सचिन अनुपम सैनी, ब्लॉक 16 अध्यक्ष अनीता लोहते, ब्लॉक इंचार्ज मीनू मलिक, पूजा रानी, कमला देवी, कोमल देवी आरजू, महक इनके साथ जिला नंबर 2 के उपाध्यक्ष नफे सिंह दिलोद , विनोद लोहोट उपाध्यक्ष एस सी डिपामेंट चंडीगढ़ कांग्रेस, मुकस्शिद अहमद ब्लॉक 16 उपाध्यक्ष चंद्र, सुनील बौद्ध, ने कांग्रेस के पदों से इस्तीफा दिया था।

कांग्रेस के पदों से अपना इस्तीफा देते हुए इन सभी ने एक स्वर में कहा कि पिछले 6 महीने से कांग्रेस कार्यालय में यही नहीं कई घटनाक्रम के दौरान आलाकमान द्वारा नेताओं का चरित्र हनन भी किया जाता रहा है। कार्यकर्ताओं से मारपीट की घटनाएं आम सी है। जिसके कारण आम कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय जाना बंद कर दिया। यह सभी कार्यकर्ता एक आम कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह पार्टी के लिए वफादारी से काम करेंगे। ऐसे में लगभग पंद्रह दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी वायरल हो रही थी जिस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ये कहते हुए दिखाई दिए थे जो भी कोंग्रेसी रोता हुआ आएगा उसे टॉफी दें कर चुप कराएंगे।

अभी तक जो देखने में आया है जो तीन कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी ज्वाइन की है उन्हें टॉफी ही थमाई गई है कोई पद नही साधारण कार्यकर्ता बाकी अंदरखाते कुछ हुआ हो तो वो भगवान जाने।

24 अप्रैल को मनीमाजरा से कांग्रेस के पूर्व जिला सेक्रेटरी सुखपाल अपने सौ समर्थको सहित कांग्रेस छोड़ कर भाजपा ज्वाइन कर चुके बिना किसी पद बिना को ग्रहण किए यही नही इतवार का दिन कांग्रेस के लिए और भारी पड़ा ज़ब जिला नंबर तीन के अध्यक्ष प्रवीन नारंग उर्फ़ बंटी बिना किसी शर्त बिना किसी पद के समर्पण भाव से कांग्रेस छोड़ कमल को थाम कर संजय टडन के लिए भाजपा की गोद में बैठ गए ये खबर अभी ठण्डी नही पड़ी थी कि कांग्रेस के और युवा नेता परीक्षित राणा यूथ वाईस प्रेजिडेंट ने भी कांग्रेस छोड़ बिना किसी शर्त के भाजपा का दामन थाम लिया ऐसे में कांग्रेस ने भी प्रवीण नारंग का पद खाली होते ही शहर के कारोबारी युवा विपिनजोत सिंह अमन को जिला नंबर तीन का अध्यक्ष बनाने में देर नही लगाई।

> ज़ब से लकी जी प्रधान बने है स्थानीय कांग्रेस पतन की राह पर चल पड़ी है हमारी बात ना सुन ना हमें हर मौके पर अनदेखा करना हमें ही नही सभी छोटे वर्करो को वो कुछ समझते ही नही इस लिए दिया इस्तीफा
> **-सुखपाल पूर्व जिला सचिव**

> किसी से कोई गिला नही पूरी मेहनत से कांग्रेसउ की सेवा की 252 सफल कार्यक्रम अपने अकेले के दम पर करवा चूका हूँ अब दम घुटने लगा था।
> **-प्रवीण नारंग बंटी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जिला नंबर तीन**

> अब और नही सहा जा रहा था, हर वर्कर को अनदेखा करना ये गलत है कांग्रेस आला कमान का कोई कसूर यदि है तो एक ही है वर्कर पर भरोसा ना करके सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष की बात सुनना।
> **-परीक्षित राणा यूथ वाईस प्रेजिडेंट चंडीगढ़ कांग्रेस**

> पार्टी से गद्दारी करने वालों को हमारे प्रधान लकी जी बड़े बड़े ओहदे बाँट रहे है हमारे जैसे लोग जिन्होंने अपना जीवन कांग्रेस के नाम किया उनकी अनदेखी हो रही है
> **-रामेश्वर गिरी प्रदेश सचिव कांग्रेस**

### बंद पड़े घर से नकदी, ज्वैलरी का सामान व जरूरी कागजात चोरी

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना 39 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत बंद पड़े घर को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए घर से नकदी कुछ ज्वैलरी का सामान और जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अमरीक सिंह ने पुलिस को बताया की वह सेक्टर 39 में परिवार सहित रहते हैं। 26 अप्रैल से 27 अप्रैल के बीच घर को ताला लगाकर किसी काम से गए थे। जब वापिस आए तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ है। सारा समान बिखरा हुआ है। घर से 15 हजार रुपए की नकदी,एक गोल्ड चैन,एक गोल्ड रिंग, कुछ कपड़े और जरुरी कागजात गायब थे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। थाना 39 पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

# चंडीगढ़ सूद सभा देगी भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन को समर्थन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



चंडीगढ़, 28 अप्रैल। रविवार को सूद-भवन सेक्टर 44-ए चंडीगढ़ में आयोजित एक भव्य समारोह में सूद सभा चंडीगढ़ के अध्यक्ष अश्वनी सूद ने बिरादरी की तरफ से चंडीगढ़ भजापा प्रत्याशी संजय टंडन को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। सूद सभा के प्रेस सैककरेट्री सचिन सूद तथा ज्वाइंट प्रेस सेक्रेटरी मुकेश सूद ने बताया कि इस अवसर पर सूद सभा के जनरल सेक्रेटरी सुधीर सूद, फाइनेंस सेक्रेटरी खुशविंदर सूद, सभी पेट्रन्स तथा सभा के सभी पदाधिकारी के साथ बिरादरी के करीब 300 लोगों को मिलाकर कुल 500 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा स्टेट प्रेसिडेंट कुलभूषण गोयल मेयर पंचकूला श्री उमेश सूद एक्स चेयरमैन जिला परिषद, श्री मोहित सूद कन्वीनर बीजेपी स्टेट, श्री जसमनप्रीत म्युनिसिपल काउंसिलर सेक्टर 44 ए चंडीगढ़ ने भी इस समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर हिमाचल सभा, उत्तराखंड समाज, राधा कृष्ण मंदिर, मार्केट एसोसिएशन सेक्टर 44-डी, चैंबर ऑफ़ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज़, मनीमाजरा व्यापार मंडल, हिम एकता वेलफेयर महासंघ ने भी संजय टंडन को आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 44 ए चंडीगढ़ तथा गुरुद्वारा सेक्टर 44 ए के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीन नारंग जी (बिट्टू) ने संजय टंडन की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया।

# दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय अपने कार्यों को बताए भाजपा : मनीष तिवारी

- कहा-कुछ अवसरों को छोड़कर कभी लोगों को दिखीं तक नहीं किरण खेर; अलग-अलग इलाकों में जनसभाओं को किया संबोधित



अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 28 अप्रैल। सीनियर कांग्रेसी नेता और इंडिया गठबंधन के चंडीगढ़ लोकसभा सीट से सांझे उम्मीदवार मनीष तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी से दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय बीते 10 सालों के दौरान किए गए कार्यों का बयोरा देने को कहा है। उन्होंने कहा कि सांसद किरण खेर वोट हासिल करने के बाद कुछ अवसरों को छोड़कर कभी लोगों को नहीं दिखीं।

इस दौरान चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की, आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के सह प्रभारी डॉ एस.एस अहलूवालिया की उपस्थिति में अलग-अलग इलाकों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए, तिवारी ने कहा कि भाजपा ने लोगों के साथ किए गए वादे तो क्या पूरे करने थे, इनके सांसद ने लोगों की सुध तक नहीं ली। कुछ अवसरों को छोड़कर किरण खेर कभी लोगों को दिखीं तक नहीं। अब भाजपा दूसरे दलों के खिलाफ झूठ फैला रही है। लेकिन झूठ ज्यादा दिनों तक टिक नहीं सकता और लोगों को हर बार धोखा नहीं दिया जा सकता।

तिवारी ने लोगों की समस्याओं को जाना और उनका हल करने हेतु कदम उठाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद शहर में रुके हुए विकास के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा और नए प्रोजेक्ट भी लाए जाएंगे।

इन अवसरों पर पूर्व मेयर सुरिंदर सिंह, हरमीत सिंह को-इंचार्ज चंडीगढ़ आम आदमी पार्टी, सुरजीत सिंह ढिल्हों प्रधान जिला कांग्रेस मनीमाजरा, जसबीर सिंह बंटी पार्षद, विजय राणा, नछत्तर सिंह अध्यक्ष गुज्जर समाज, जसवीर सिंह अध्यक्ष रामगढिया समाज, सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, सोमनाथ प्रधान वाल्मिकी समाज, निर्मल सिंह राणा, अमन राणा, अशोक शर्मा, सुच्चा सिंह संधू, रमेश चंद, प्रिंसिपल रणजीत सिंह सैनी, परशुराम जी, रंजोत सिंह महासचिव युवा कांग्रेस चंडीगढ़ भी मौजूद रहे।

### हेरोइन सप्लाई करने के आरोपी काबू, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



चंडीगढ़, 28 अप्रैल। यूटी साउथ/वेस्ट डिविजन की आईएसबीटी सेक्टर 43 पुलिस चौकी को उसे वक्त एक बड़ी सफलता मिली। जब पुलिस ने नाके के दौरान हेरोइन की सप्लाई करने वाले एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के जिला तरनतारन के रहने वाले 28 वर्षीय मलकीत सिंह के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने रविवार को जिला अदालत के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। अदालत ने आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।रिमांड के दौरान पुलिस ने मामले को लेकर कई अहम जानकारियां हासिल करनी है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर और एसपी सिटी मृदुल के दिशा निर्देशों के चलते आईएसबीटी सेक्टर 43 पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ आगामी लोकसभा इलेक्शनों को मद्देनजर को रखते हुए शनिवार को सैक्टर 43 स्थित सीटीयू टर्न के पास नाका लगा रखा था। नाके के दौरान पुलिस आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक शख्स आया।और पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उसे रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को पॉलिथीन बैग चैक करने पर पता चला और उसके पास से 61 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# नगर निगम ने फायर कर्मियों की सुरक्षा के लिए 50 लाख की लागत से खरीदे पायरोलीन स्पेशल सूट

- फायर कर्मियों को आग में फैयरफिटर्स तक पहुंचना होगा आसान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 28 अप्रैल। अक्सर आग लगने के बाद दमकल कर्मचारी घर या किसी फैक्ट्री में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम तक नहीं पहुंच पाते और तब तक आग विकराल रूप ले चुकी होती है। इन हालात को देखते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने फायर कर्मियों के जीवन की सुरक्षा के उद्देश्य से 28 पायरोलीन स्पलैश टाइट सूट के साथ-साथ 14 केमिकल गैस टाइट सूट खरीदे हैं ताकि फायरफाइटर्स की सुरक्षा में मदद मिल सके।

ऐसा पहली बार है जब नगर निगम के आपातकालीन विभाग ने अपने फायर कर्मी के लिए आग से जीवन की सुरक्षा के लिए इस तरह के उपकरण खरीदे हैं। इन व्यक्तिगत सुरक्षा गियर की खरीद के लिए निगम की अनुमानित राशि लगभग 51 लाख रुपए आई है।

अधिकारी के मुताबिक निगम का फायर कर्मियों के लिए यह प्रयास मील का पत्थर है। आपातकालीन स्थिति का जवाब देते समय अग्निशामकों को अत्याधुनिक सुरक्षात्मक गियर प्रदान करके आपातकालीन तैयारियों में सबसे आगे रहने में एमसी चंडीगढ़ के अटूट समर्पण का उदाहरण देता है जो अत्यधिक आत्मविश्वास और दक्षता के साथ जटिल चुनौतियों को संभालने की उनकी क्षमता को बढ़ाएगा। स्पेशल सूट पहना होने के साथ मूल्यवान जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम किया जा सकेगा।

अधिकारी ने कहा कि यह कदम शहर में अग्नि तैयारियों को सुनिश्चित करने के नगर निगम के मिशन का हिस्सा है। एमसी ने हाल ही में संकरी गलियों में अग्निशमन के लिए विशेष एफएफ का उपयोग करके 7 बुलेट मोटर साइकिल और 14 वॉटर मिस्ट और सीएएफ हाई प्रेशर को जोड़ा है। इसके अलावा, एमसीसी ने नैरो में अग्निशमन के लिए मिनी वाटर टेंडर के साथ टाटा 407 चेसिस बनवाया एल है। गलियों और वीवीआईपी क्षेत्र के लिए और अग्निशमन कर्तव्यों के लिए वाटर टेंडर के साथ टाटा 1613 चेसिस का बनाया गया। इसके अतिरिक्त, संकरी गलियों में अग्निशमन के लिए वाटर मिस्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित मिनी वाटर टेंडर के साथ 4 टाटा ज़ेनॉन वाहनों का निर्माण किया गया है।

### इन्फ्लेटेबल आपातकालीन लाइट टावर भी खरीदा

एमसीसी ने इन्फ्लेटेबल आपातकालीन लाइट टावर भी खरीदा है। इन्फ्लेटेबल आपातकालीन प्रकाश टावर का उपयोग इमारत ढहने, आग की घटना और रात के दौरान बचाव कार्यों जैसी प्रमुख आपदाओं के समय किया जाता है।घंटे। कम दृश्यता वाले धुएं/धुआं क्षेत्रों में पता लगाने के लिए 5 थर्मल इमेजिंग डिटेक्टर भी खरीदे गए हैं और 28 फायर प्रॉक्सिमिटी सूट खरीदे गए हैं जो दुनिया भर में अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) में से एक है। विभाग ने 30 की खरीदारी कर ली है।

### 6000 इमारतों को आग संबंधी एडवाइजरी जारी

इसके अलावा, सभी वाणिज्यिक/सरकारी का अग्नि सुरक्षा ऑडिट। शहर की स्थापनाओं का काम पूरा हो चुका है और अब तक बची हुई आवश्यकताओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए लगभग 6000 इमारतों को आग संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फायर ऑपरेशन के दौरान काम करने के लिए सेंट्रल टच वाले फायर हेलमेट हाथों से मुक्त और खरीदे गए 03 वाटर टेंडर (टाइप-एक्स), 56 ब्रीदिंग अप्लायंस सेट, बचाव कार्यों के लिए 24 विशेष उपकरण/कॉम्बी टूल, 3 ब्रीथिंग एयर कंप्रेसर यानी दो विद्युत मोटर चालित और एक पेट्रोल चालित और 5 वाटर टेंडर (टाइप-बी)। इसके अतिरिक्त, 2 हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म-सह-टर्न टेबल सीढ़ी के सुपरस्ट्रक्चर/चेसिस के नवीनीकरण/प्रतिस्थापन का आदेश दिया गया है और स्टैंडबाय ड्यूटी के लिए 7 पीने योग्य टेंट खरीदे गए हैं। को मजबूत करने के लिएविभाग, एमसीसी ने वर्ष 2022 में नियमित भर्ती के माध्यम से 245 फायरमैन और 35 ड्राइवरों की नियुक्ति की है।

# संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस को वोट दें : दीपेंद्र ढिल्लों

**कांग्रेस पार्टी के हलका प्रभारी दीपेंद्र ढिल्लों ने की जीरकपुर के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा**

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 28 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी पार्टियों के नेता तथा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय हो रहे हैं। इसी तरह कांग्रेस पार्टी के डेराबस्सी के हल्का प्रभारी दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने हल्का डेराबस्सी में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की जा रही है। इसी के चलते आज जीरकपुर के एक निजी होटल में जीरकपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की तथा आने वाले लोकसभा चुनाव के संबंधी रणनीति पर चर्चा की। इस मीटिंग में करीब 600 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीपेंद्र ढिल्लों ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने वार्ड तथा बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए कहा तथा कांग्रेस पार्टी को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। इस मीटिंग दौरान दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने कहा की देश में आने वाली सरकार इंडिया गठबंधन की बन रही है और 400 सीटों का दावा करने वाली भाजपा मात्र 150 सीट पर ही सिमट कर रह जाएगी, क्योंकि यह सरकार लोगों में अपना आधार गंवा चुकी है। इस मौजूदा भाजपा सरकार के दौरान देश का संविधान तथा लोकतंत्र खतरे में है और भाजपा हमेशा धर्म की राजनीति करती आई है। लोगों को हमेशा हिंदू मुस्लिम में ही बांटती आई है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि इस देश में सभी धर्म का बराबर अधिकार है । इस समय देश में बेरोजगारी चरम पर है और देश की वित्तीय स्थिति बहुत खराब हो रही है और देश कर्ज में डूब चुका है। इस सरकार द्वारा लोगों को जात-पात के आधार पर बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए मेनिफेस्टो में कहीं भी जात-पात के आधार पर भेदभाव की कोई बात नहीं की गई, जब कि भाजपा द्वारा इसको लेकर गलत प्रचार किया जा रहा है।

### डेराबस्सी से धर्मवीर गांधी को जिताकर भेजेंगे लोकसभा

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि हलका लोकसभा पटियाला से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर धर्मवीर गांधी को डेराबस्सी हलके से अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजेंगे ताकि वह अपने हलके की आवाज बनकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। इस मीटिंग में नवतेज नवी पार्षद, शिवानी गोयल पार्षद, सुखबीर सिंह लवली, परमजीत सिंह पम्मी बलटाना, हरजिंदर सिंह हर्ष ऋषि ब्लॉक अध्यक्ष शहरी, चरणजीत सिंह चन्नी, अवतार सिंह लोहागढ़, सुखदेव सिंह, ललितपुरी, तरण बेदी, हरदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह मंटू, पवन नेहरू, निर्मल सिंह छत, बुधराम धीमान आदि उपस्थित थे, जिन्होंने दीपेंद्र सिंह ढिल्लों को विश्वास दिलाया कि वह बूथ स्तर पर मेहनत करके डॉक्टर धर्मवीर गांधी को पंजाब में सबसे अधिक मतों से विजई बनाएंगे।

दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने कहा के पंजाब में भाजपा की हालत ऐसी है कि वह किसी भी मुकाबले से बाहर हो चुकी है। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि जिस बदलाव के नाम पर लोगों ने आम आदमी पार्टी को वोट डाले थे वह सब हवा हो गए क्योंकि जीरकपुर क्षेत्र में हल्का डेराबस्सी के विधायक नजर ही नहीं आते, लोग अपने काम करवाने के लिए उनको ढूंढते ही रहते हैं।

पंजाब में ईमानदारी का नारा देकर आई आम आदमी पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है के पैसे के बिना किसी भी व्यक्ति का काम नहीं होता।

इसी तरह उन्होंने अकाली दल बादल के प्रत्याशी तथा पूर्व विधायक एनके शर्मा पर हमला करते हुए कहा कि पंजाब में अकाली दल बिल्कुल खत्म हो चुका है, जिसका कोई वजूद नहीं है और अकाली दल के उम्मीदवार जो कि 10 साल इस हल्के के विधायक भी रहे हैं के गांव में हर गली में बारिश के बाद बरसात का पानी भर जाता है और किसी भी तरफ आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं रहता। इसीलिए देश का संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताना बहुत जरूरी है ।

# पंजाब की महिलाओं को आज भी इंतजार है एक हजार रुपये मासिक भत्ते का : एन के शर्मा

**अकाली दल प्रत्याशी ने जीरकपुर के एक दर्जन गांवों चलाया जनसंपर्क अभियान**

**कर्ज लेकर कर्ज उतार रही है पंजाब सरकार**

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 28 अप्रैल।** पटियाला लोकसभा हलके से शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी एन.के.शर्मा ने आम आदमी पार्टी को पंजाब वासियों की गद्दार पार्टी करार देते हुए कहा है कि पंजाब की महिलाएं आज भी एक-एक हजार रुपये का मासिक भत्ते का इंतजार कर रही हैं। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की लाखों महिलाओं के साथ धोखा किया है।

एन.के.शर्मा रविवार को चुनाव प्रचार अभियान के विक्टोरिया सिटी, जरनैल एन्कलेव, भुड्डा पैलेस, गांव छत्त, हाईलैंड पार्क, रविंद्रा एन्कलेव, गोल्डन एन्कलेव, यमुना एन्कलेव, ढकौली तथा सैनी विहार में जनसभाओं को संबोधित किया। गांव भबात में जनसभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि उन्होंने हमेशा इस हलके को अपने परिवार की तरह माना है। उनके लिए हमेशा पार्टी तथा हलका सबसे आगे रहा है। शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने प्रारंभिक शिक्षा गांव भबात के स्कूल में हासिल की है। यहां के लोगों के साथ उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। हमेशा यहां के लोगों के दुख-सुख में खड़े रहने का प्रयास किया है।

एन.के.शर्मा ने कहा कि यह चुनाव उनका नहीं बल्कि जीरकपुर समेत समूचे डेराबस्सी हलके के लोगों का है। इलाके के लोग खुद इस चुनाव के प्रचार की कमान संभालते हुए उन्हें लोकसभा में पहुंचाने का काम करें। पार्टी ने एक छोटे से कार्यकर्ता को लोकसभा की टिकट देकर बड़ा सम्मान दिया है।

शर्मा ने पंजाब में फैले भ्रष्टाचार व कर्ज के मुद्दे पर आप सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज जीरकपुर समेत समूचे पंजाब के हालात यह हो गए हैं कि तहसीलों में पैसे दिए बगैर कोई काम नहीं होता है। पंजाब सरकार कर्ज लेकर कर्ज की राशि पर ब्याज की अदायगी कर रही है। पिछले दो सालों में एक लाख करोड़ से अधिक का कर्ज लिया जा चुका है। इन दिनों पंजाब के लोग चुनावों में व्यस्त हैं और आप सरकार ने चुनाव के दौरान ही 2500 करोड़ का कर्ज लिया है।

इस अवसर पर अकाली नेता जसपाल सिंह सरपंच, नछत्र सिंह, हरबंस सिंह, गुरमेल सिंह, स्वर्ण सिंह समेत कई अकाली नेताओं ने एन.के.शर्मा को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# महारानी प्रणीत कौर के प्रति दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा लोगों का स्नेह: संधू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर, 28 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा पटियाला से प्रत्याशी महारानी प्रणीत कौर के पक्ष में डेराबस्सी हलके के चुनाव प्रभारी एसएमएस संधू द्वारा पूरे हलके में बैठकें की जा रही हैं। वे जीरकपुर में जनसभाएं कर बीजेपी में शामिल होने वालों का स्वागत भी कर रहे हैं। संधू प्रतिदिन निर्वाचन क्षेत्र में धार्मिक और विवाह समारोहों में भाग लेते हैं और प्रत्येक समाज के निवासियों से भी मिलते हैं और उनकी समस्याएं सुनते हैं।

संधू ने ग्रीन फील्ड होम्स, हरमिलाप नगर 2, एकेएस कॉलोनी समेत विभिन्न सोसायटियों में बैठकें कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, महारानी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ता जा रहा है। लोगों की तरफ से कमल का बटन दबाने का आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महारानी की ईमानदार छवि से लोग भलीभांति परिचित हैं। संधू ने कहा कि वह जीरकपुर के साथ-साथ डेराबस्सी, लालड़ू और हंडेसरा हलकों में भी संपर्क बनाए हुए हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में महारानी के पक्ष में आवाजें उठ रही हैं। उन्होंने कहा कि हलके में महिलाएं भाजपा की जीत के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रही हैं और मंडल प्रधानो का काम भी सराहनीय है।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एकता नागपाल, अंकुश उप्पल, मंडल अध्यक्ष सुरेश खटकड़, दीपक, नेगी, मनीष, प्रतिभा सिंह, सुनीता शेखर, मधु जसवाल, अनिता रावत, गिन्नी, मोनिका त्यागी, प्रियंका, नेहा, प्रीति आदि मौजूद रहे एवं समर्थक उपस्थित थे।

# पांचवें मतदाता पंजीकरण शिविर में 47 प्रवासी मजदूरों ने कराया पंजीकरण

**सोशल लाइफ एंड हेल्प केयर फाउंडेशन और डिस्ट्रिक्ट स्वीप टीम ने जीरकपुर लेवर चौक पर लगाया कैंप**

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग




**जीरकपुर, 28 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त आशिका जैन के नेतृत्व में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों की पहचान कर निरंतर स्वीप गतिविधियां संचालित की गई। जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर के पिछले चुनावों की ड्राइंग बनाई जा रही है।

इस संबंध में जिला स्वीप टीम द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से बूथ स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत 80त्न से अधिक हो सके। आज जिला नोडल अधिकारी स्वीप प्रोफेसर गुरबख्शीश सिंह अंटाल और चुनाव तहसीलदार संजय कुमार वल्लन ने सोशल लाइफ हेल्प एंड केयर फाउंडेशन के सहयोग से लेबर चौक के पास, बस स्टैंड, जीरकपुर में पांचवां मतदाता पंजीकरण और मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान जिला नोडल अधिकारी स्वीप प्रो. गुरबख्शीश सिंह ने चुनाव संबंधी विभिन्न मोबाइल एप (वोटर हेल्पलाइन एप, दिव्यांगों के लिए सक्षम एप तथा जागरूक एवं जागरुक मतदाताओं के लिए सीविसल एप) के बारे में जानकारी दी और बताया कि जिले में एन.जी.ओ. की मदद से (एनजीओ) प्रवासी श्रमिकों और विकलांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए शिक्षित करने के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित कर रहे हैं। डॉ। करण कामरा, अध्यक्ष सोशल लाइफ एंड हेल्प केयर फाउंडेशन और उनकी पत्नी बबीता ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित यह पांचवां शिविर है और आज 47 नए वोट/वोट ट्रांसफर फॉर्म प्राप्त हुए।

डॉ. राशि अय्यर ने बताया कि इस शिविर के दौरान जिन दिहाड़ी मजदूर की वोट नहीं बनी थी, उनकी पहचान कर वोट बनवाया गया। इस मौके पर रेहड़ी फड़ी लगाने वालों की भी वोट बनाई गई। इस शिविर के दौरान मतदाता के रूप में पंजीकृत योग्य मतदाताओं को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कार्यालय की टोपियां और चाबियां के छल्ले भी वितरित किए गए।

शिविर के दौरान सोशल लाइफ हेल्प केयर फाउंडेशन के पदाधिकारी गगनदीप, कावेरी सुनीता, गगनदीप क्वात्रा, बबीता और मोहित कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई और प्रवासी श्रमिकों तक पहुंचकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में चुनाव तहसीलदार संजय कुमार तथा चुनाव कानूनगो सुरिंदर कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# सिद्धू मूसेवाला के पिता को मनाने में लगी कांग्रेस

**पिता बलकौर सिंह से मिलेंगे प्रताप सिंह बाजवा, बठिंडा से चुनाव लड़ने पर चर्चा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जालंधर, 28 अप्रैल।** पंजाबी सिंगर दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह द्वारा आजाद लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा के बीच सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा उनके घर जाएंगे। सूत्रों के अनुसार बाजवा बलकौर सिंह को मनाने के लिए उनके घर जा रहे हैं। बीते दिन चर्चा शुरू हुई थी कि बलकौर सिंह कांग्रेस से नहीं बल्कि आजाद चुनाव लड़ेंगे।

आजाद चुनाव लड़ने की चर्चा के बाद से कांग्रेस उन्हें मनाने में लगी हुई थी। चर्चा यह भी है कि कांग्रेस बलकौर सिंह को बठिंडा से टिकट दे सकती है। हालांकि चुनाव लड़ने को लेकर बलकौर सिंह ने बीते दिनों अपनी हवेली में लोगों से बातचीत करते हुए भी राजनीति में उतरने की बात कही थी। जानकारी के अनुसार अब जब सिद्धू मूसेवाला का छोटा भाई दुनिया में आ चुका है और चरण कौर को भी छुट्टी हो चुकी है तो बलकौर सिंह चुनावी सफर शुरू करने के लिए तैयार हो गए हैं।

### पिता ने कहा था कि बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए चुनाव लड़ेंगे

बीते दिन सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने राजनीति में आने की बात कही थी। उन्होंने हवेली में मूसेवाला के फैंस को संबोधित करते हुए कहा था-''अगर हम राजनीति में आ गए तो फिर कहेंगे कि सिद्धू मूसेवाला के पिता राजनीति करते हैं। मगर राजनीति करने वाले और आम व्यक्ति में यही फर्क है कि मुख्यमंत्री बेअंत सिंह को बम से उड़ा दिया गया था और मेरे बेटे का एके-47 से कत्ल कर दिया गया। पूर्व सीएम का पोता सांसद था, उन्होंने सजा भी पूरी कराई, साजिश करने वाले भी पकड़े और अदालतों ने उन्हें सजा भी दी। जितनी सजा दी, वह उतनी काट चुके हैं, अब दोगुनी भुगत चुके हैं, लेकिन रिहाई फिर भी नहीं हो रही। फिर हम भी राजनीति में क्यों न आएं और अपने बेटे के इंसाफ दिलाने के लिए हर प्रयास करेंगे।''

### मानसा से चुनाव हार गया था सिंगर मूसेवाला

दिवंगत सिद्धू मूसेवाला ने भी 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ा था। वह मानसा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार थे, लेकिन आम आदमी पार्टी (क्क) की लहर के आगे हार गए। उन्हें आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. विजय सिंगला ने हरा दिया। मूसेवाला का यह पहला ही चुनाव था। इसके बाद परिवार ने खुलासा किया था कि मूसेवाला को खतरे का पता था। इसीलिए वह स्रूबनना चाहता था ताकि लोगों के लिए काम करने के साथ उसे परमानेंट सिक्योरिटी भी मिल सके।

# हिमाचली कल्याणकारी सभा डेरा बस्सी के श्री राम मंदिर डेराबस्सी में शिविर में 56 ने किया रक्तदान

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेरा बस्सी, 28 अप्रैल।** हिमाचली कल्याणकारी सभा डेराबस्सी द्वारा भा श्री राम मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सभा के जनरल सेक्रेटरी ओम प्रकाश ने बताया की हमारी सभा पिछले कई वर्षो से डेरा बस्सी शहर में रक्त दान शिविर का आयोजन करती रही है। यह रक्त दान शिविर गवर्नमेंट मैडिकल कॉलेज सैक्टर 32 चंडीगढ़ टीम के सहयोग से 56 यूनिट्स रक्त इकठ्ठा किया गया। सभा के प्रधान मनीष अरोड़ा ने बताया कि हमारी सभा पिछले 6-7 सालों से डेरा बस्सी शहर में धार्मिक और सामाजिक कार्य करने का कार्य करती आ रही है। हिमाचली सभा की टीम के सभी सद्स्यों का ये बहुत ही सराहनीय कार्य है।

इस दौरान उपस्थित सदस्य उप प्रधान दलजीत शर्मा, संजीव गुप्ता, दलेर सिंह, शशि शर्मा, विजय वर्मा, बलबीर पटियाल, मदन शर्मा, मदन ठाकुर, संजय शर्मा, संदीप पंत, गोपाल चौहान, कौशल राणा, राजेश शर्मा, सुनील गौतम सभा की पूरी टीम हिमाचली लोगों ने इस कार्य को सफल बनाने में सहयोग किया।

# डॉ. बलबीर सिंह को जिताने के लिए लोग 'आप' से जुड़ रहे: रंधावा

**रामपुर सैनिया गांव के सैकड़ों लोक आप में शामिल हुए**

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 28 अप्रैल।** डेराबस्सी हलके में आम आदमी पार्टी को उस समय बड़ा बल मिला जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के काम से खुश होकर गांव रामपुर सैनिया के सैकड़ों लोग विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। विधायक रंधावा ने नंबरदार करनैल सिंह, अमित सिंह, रजत कुमार, हर्ष सैनी, जसवीर सिंह, करमजीत कौर पंच, विनोद सैनी, गोल्डी सैनी, अमनदीप सिंह, करण सिंह, लजिंदर सिंह का साथियों सहित पार्टी में स्वागत किया और उनका हर प्रकार से सम्मान का आश्वासन दिया । इस मौके पर पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की नीतियों को देखकर और हलके में चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर वे विभिन्न पारंपरिक पार्टियों को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

इस मौके पर विधायक रंधावा ने बातचीत के दौरान कहा कि आप प्रत्याशी डॉ. बलबीर सिंह को जितने के लिए लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी में अपना उज्ज्वल भविष्य देख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश के मतदाता एक तरफ होकर 13 की 13 सीटें मुख्यमंत्री भगवंत मान की पार्टी को जिताकर इतिहास रचेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में आप नेता और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# पंजाब में अकाली वर्करों में मारपीट, एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी

**रिजॉर्ट में अफरातफरी, नेताओं को सुरक्षाकर्मियों ने बचाया; हरसिमरत बादल ने दौरा रद्द किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 28 अप्रैल।** पंजाब के बठिंडा में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के एक प्रोग्राम के दौरान पार्टी वर्कर आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि उन्होंने आपस में एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। यह कार्यक्रम एक निजी रिजॉर्ट में रखा गया था।

इस घटना के कुछ वीडियो और फोटो सामने आए हैं, जिनमें पार्टी वर्कर एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। घटना के बाद पूरे रिजॉर्ट में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह नेताओं को बाहर निकाला।

जांच के लिए बठिंडा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में कुछ ही देर बाद बठिंडा से पार्टी की घोषित उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल आने वाली थीं। उनके आने से पहले ही यह विवाद हो गया, जिसके चलते कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, शिअद के यूथ विंग के नेताओं ने उक्त रैली का आयोजन किया था। इसमें वह शिअद उम्मीदवार हरसिमरत कौर के लिए कैंपेनिंग कर रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि स्टेज के पास मौजूद कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे। हालांकि, विवाद के समय कोई मुख्य नेता मौके पर मौजूद नहीं था। जब विवाद की जानकारी नेताओं को हुई तो उन्होंने कार्यक्रम की स्थगित कर दिया।

# कपूरथला में 70 वर्षीय वृद्ध ने किया नाबालिग लड़की से रेप

**कपूरथला, 28 अप्रैल (अप्रस)।** कपूरथला की सबडिवीजन फगवाड़ा के गांव बलालों में एक व्यक्ति पर गांव निवासियों ने गांव की ही एक 14 वर्षीय बालिका के साथ जबरन बलात्कार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं तथा थाना सदर पुलिस को सूचना दी है। वहीं पीड़ित बालिका को गंभीर अवस्था में स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए गांव निवासियों ने बताया कि गांव का एक लगभग 70 वर्षीय व्यक्ति रमेश गांव की ही एक 14 वर्षीय लड़की को पिछले कई दिनों से बहला फुसला कर खेतों में ले जाता था तथा उसके साथ गलत काम करता था। गांव निवासियों ने बताया कि जब उक्त बालिका की हालत बिगड़ गई तो उसके परिजनों तथा गांव निवासियों को मालूम पड़ा और वे उसे सिविल अस्पताल ले आए तथा घटना की सूचना थाना सदर पुलिस को दी।

# फतेहगढ़ साहिब में अकाली नेता पर हमला, 3 लोगों ने सिर पर मारी लोहे की रॉड, लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खन्ना, 28 अप्रैल।** फतेहगढ़ साहिब के बस्सी पठाना में एक अकाली नेता पर हमला किया गया। सिर में लोहे की रॉड मारकर लहूलुहान कर दिया गया। जिसके बाद घायल मलकीत सिंह मठारू को फतेहगढ़ साहिब के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलकीत सिंह अकाली दल बीसी विंग के जिलाध्यक्ष हैं। मलकीत सिंह ने बताया कि वह बस्सी पठाना नामदेव मंदिर के पास जा रहा था तो तीन युवकों ने उस पर हमला कर दिया। उसे बोला गया कि आज सबक सिखाएंगे। हमलावरों ने उसे पीटते हुए नीचे गिरा दिया और लोहे की रॉड से सिर में हमला कर दिया गया। तभी हमलावर फरार हो गए। उन्होंने पुलिस से इंसाफ मांगा। इस घटना के बाद अकाली दल के कई सीनियर नेता सिविल अस्पताल पहुंचे और घायल का हाल जाना। बस्सी पठाना से हलका इंचार्ज दरबारा सिंह गुरु ने कहा कि इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए। वे सच्चाई का पता लगाकर रहेंगे।

# कोई व्यक्ति अपनी मंजिल को प्राप्त करना चाहता है तो सबसे पहले उसे अपना लक्ष्य बनाना होगा: आचार्यश्री सुबल सागर जी महाराज



परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज का मंगल विहार पटपड़ गंज से बिहारी कालोनी दिल्ली की तरफ हुआ धर्म सभा को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा हे प्यारे बंधुओं लक्ष्य जो होता है वह मंजिल की प्राप्ति के लिए सहायक होता है। कोई व्यक्ति अपनी मंजिल को प्राप्त करना चाहता है तो उसके पहले उसे अपना लक्ष्य बनाना होता है जब तक लक्ष्य नहीं बनाया जाता है तब तक मंजिल की प्राप्ति संभव नहीं है। मंजिल क्या? लक्ष्य क्या? यह हमें ज्ञान होना चाहिए, कि हमारी मंजिल क्या है।

संसार में देखा जाए तो सबकी अपनी-अपनी मंजिल है, सब लोग अपनी-अपनी मंजिल प्राप्ति के लिए प्यास का उद्यमशील बने हुए है कोई संसार में का जीवन यापन करना ही अपना लक्ष्य समझता है कोई छोटा बच्चा भी विचार करता है अपने भविष्य का कि मुझे क्या बनना है और उस प्रकार से वह अपना समय का नियोजन करता है और एक समय ऐसा आता है कि वह सफल हो जाता है, इसमें भी कोई कम सफल होता है कोई ज्यादा सफल होता है और कोई सफल भी नहीं होता है जब तक किसी वस्तु से एकाकार नहीं होगा जब तक उपलब्धियां फलती नहीं है उपलब्धि तभी होगी जब हम अपने लक्ष्य से, मंजिल से वा वस्तु से एकाकार करेंगे।

जब तक हमारा मन अलग-अलग वस्तुओं में अलग-अलग लक्ष्य में जाएगा तब तक सफलता नहीं मिल सकती है। भाई आपके घर पर टीवी है उस टीवी पर तरह तरह प्रकार के चैनल चलते है हम टीवी देखने बैठते है रिमोड हमारे हाथ में है हम एक चैनल खोलते है तुरन्त ही दूसरा चैनल पलटते है फिर जस्ट ही तीसरा तो क्या हमें टीवी देखने वा आनंद का आनंद आ पाएगा। हमारी स्थिरता बन पाएगी नहीं क्योंकि कुछ भी प्राप्त करने के लिए हमें अपने मन को स्थिर करना पड़ता है तब कभी उपलब्धि संभव है। इसी प्रकार अपनी स्थिरता को स्थिर रखने के लिए मन को एकाग्र करने के लिए मंजिल की प्राप्ति के लिए सफलता की प्राप्ति के लिए हम अपनी बुद्धि को स्थिर कर सकें।

बुद्धि की स्थिरता के साथ ही, कार्य की सफलता होती है। जब तक संकल्प नहीं होगा तब तक कार्य की सिद्धि नहीं होती, क्योंकि कहा जाता है कि संकल्प से ही कार्य की सिद्धि होती है। संकल्प करने वाला व्यक्ति धैर्यवान, साहसी, उद्यमी, विवेकवान वा समझदार होता है वह ही समय का नियोजन कर अपने को समय के साथ समय को प्राप्त कर लेता है।

लक्ष्य को जिसने प्राप्त किया है वह व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति के बीच में कई बार सफलता और असफलता की सीढ़ियों को चढ़ता वा उतरता है सफलता प्राप्त होने पर ज्यादा खुश नहीं होता है जब तक मंजिल प्राप्ति नहीं हुई और असफलता प्राप्त होने पर निराश वा उदास भी नहीं होता, सहज रहकर अपनी आत्मा के लक्ष्य को निहारता रहता है तब तक कि मोक्ष प्राप्ति नहीं होती है।

मंजिल तो बहुत अच्छी है लेकिन रास्ता ऊबर-खाबड़ है चलने में कष्ट है फिर भी शनै-शनै अपने मंजिल तक चलने वाला व्यक्ति ही उत्कृष्टा वा सफलता को प्राप्त करता है। हम सभी लोग भी अपनी आत्मा में लगे दोषों को दूर कर उन्हें गुणों में परिवर्तन कर उनमें स्थिर हो सके। यह जानकारी बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

# कुंडली में कमजोर है चंद्रमा तो सोमवार को करें ये उपाय, मिलेगी मानसिक तनाव से मुक्ति

हिंदू धर्म में सोमवार के दिन का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान शिव शंकर और चंद्रदेव की पूजा की जाती है। मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त सोमवार के दिन भक्ति में लीन होकर पूजा करते हैं, उनको जल्द ही अद्भुत परिणाम देखने को मिलता है।

बता दें कि जिन जातकों की कुंडली में चंद्रमा की स्थिति खराब है, तो उन जातकों को सोमवार के दिन जल में दूध मिलाकर चंद्रदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इसके साथ ही चंद्रदेव के 108 नामों का जाप करना चाहिए।

**चंद्र देव के 108 नाम**

1. ऊँ द्युतिलकाय नमः, 2. ऊँ द्विजराजाय नमः, 3. ऊँ ग्रहाधिपाय नमः, 4. ऊँ ग्रसितार्काय नमः, 5. ऊँ ग्रहमंडलमध्यस्थाय नमः, 6. ऊँ मेरुगोत्रप्रदक्षिणाय नमः, 7. ऊँ दांताय नमः, 8. ऊँ महेश्वरप्रियाय नमः, 9. ऊँ वसुसमृद्धिदाय नमः, 10. ऊँ विवस्वन्मंडलाग्नेयवासाय नमः, 11. ऊँ दिव्यवाहनाय नमः, 12. ऊँ चतुराय नमः, 13. ऊँ चतुरश्रासनारूढाय नमः, 14. ऊँ अव्ययाय नमः, 15. ऊँ कर्कटप्रभुवे नमः, 16. ऊँ करुणारससंपूर्णाय नमः, 17. ऊँ प्रियदायकाय नमः, 18. ऊँ अत्यंतविनयाय नमः, 19. ऊँ आत्रेयगोत्रजाय नमः, 20. ऊँ नयनाब्जसमुद्भवाय नमः, 21. ऊँ कुंदपुष्पोज्वलाकाराय नमः, 22. ऊँ धनुर्धराय नमः, 23. ऊँ दंडपाणये नमः, 24. ऊँ दशाश्वरथसंरूढाय नमः, 25. ऊँ श्वेतगंधानुलेपनाय नमः, 26. ऊँ श्वेतमाल्यांबरधराय नमः, 27. ऊँ सितभूषणाय नमः, 28. ऊँ सितांगाय नमः, 29. ऊँ सितच्छत्रध्वजोपेताय नमः, 30. ऊँ सनकादिमुनिस्तुताय नमः, 31. ऊँ सर्वज्ञाय नमः, 32. ऊँ सर्वागमज्ञाय नमः, 33. ऊँ साधुवंदिताय नमः, 34. ऊँ स्यजनकाय नमः, 35. ऊँ सकलार्तिहराय नमः, 36. ऊँ भुवनप्रतिपालकाय नमः, 37. ऊँ भव्याय नमः, 38. ऊँ भूच्छायाच्छादिताय नमः, 39. ऊँ निरामयाय नमः, 40. ऊँ निर्विकाराय नमः, 41. ऊँ निराहाराय नमः, 42. ऊँ निस्सपत्नाय नमः, 43. ऊँ जगदानंदकारणाय नमः, 44. ऊँ जगत्प्रकाशकिरणाय नमः, 45. ऊँ भवबंधविमोचनाय नमः, 46. ऊँ भक्तिगम्याय नमः, 47. ऊँ भायांतकृते नमः, 48. ऊँ सागरोद्भवाय नमः, 49. ऊँ सर्वरक्षकाय नमः, 50. ऊँ सामगानप्रियाय नमः, 51. ऊँ भक्तदारिद्र्यभंजनाय नमः, 52. ऊँ भद्राय नमः, 53. ऊँ मुक्तिदाय नमः, 54. ऊँ भुक्तिदाय नमः, 55. ऊँ मुक्तिदाय नमः, 56. ऊँ भक्तानामिष्टदायकाय नमः, 57. ऊँ सुरस्वामिने नमः, 58. ऊँ सुधामयाय नमः, 59. ऊँ जयफलप्रदाय नमः, 60. ऊँ जयिने नमः, 61. ऊँ शुभ्राय नमः, 62. ऊँ शुचये नमः, 63. ऊँ क्षयवृद्धिसमन्विताय नमः, 64. ऊँ क्षीणपापाय नमः, 65. ऊँ क्षपाकराय नमः, 66. ऊँ नित्यानुष्ठानदाय नमः, 67. ऊँ अमर्त्याय नमः, 68. ऊँ मृत्युसंहारकाय नमः, 69. ऊँ कामदायकाय नमः, 70. ऊँ कामकृताय नमः, 71. ऊँ कालहेतवे नमः, 72. ऊँ कळाधराय नमः, 73. ऊँ देवभोजनाय नमः, 74. ऊँ द्युचराय नमः, 75. ऊँ प्राकाशात्मने नमः, 76. ऊँ स्वप्राकाशाय नमः, 77. ऊँ अष्टदारुकुठारकाय नमः, 78. ऊँ अनंताय नमः, 79. ऊँ अष्टमूर्तिप्रियाय नमः, 80. ऊँ शिष्टपालकाय नमः, 81. ऊँ पुष्टिमते नमः, 82. ऊँ दुष्टदूराय नमः, 83. ऊँ दोषाकराय नमः, 84. ऊँ विदुषांपतये नमः, 85. ऊँ विश्वेशाय नमः, 86. ऊँ वीराय नमः, 87. ऊँ विकर्तनानुजाय नमः, 88. ऊँ ज्योतिश्चक्रप्रवर्तकाय नमः, 89. ऊँ जयोद्योगाय नमः, 90. ऊँ जितेंद्रियाय नमः, 91. ऊँ साधुपूजिताय नमः, 92. ऊँ सत्पतये नमः, 93. ऊँ सदाराध्याय नमः, 94. ऊँ सुधानिधये नमः, 95. ऊँ निशाकराय नमः, 96. ऊँ ताराधीशाय नमः, 97. ऊँ चंद्राय नमः, 98. ऊँ शशिधराय नमः, 99. ऊँ श्रीमते नमः, 100. ऊँ द्विभुजाय नमः, 101. ऊँ औदुंबरनागवासाय नमः, 102. ऊँ उदाराय नमः, 103. ऊँ रोहिणीपतये नमः, 104. ऊँ नित्योदयाय नमः,105. ऊँ मुनिस्तुत्याय नमः, 106. ऊँ नित्यानंदफलप्रदाय नमः, 107. ऊँ सकलाह्लादनकराय नमः, 108. ऊँ पलाशसमिधप्रियाय नमः।

# चिंता के बजाय परमात्मा का चिंतन करें: स्वामी रसिक महाराज



सिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर सभा सैक्टर 31की ओर से ज्ञान की पयस्विनी श्रीमद्भागवत पंचदिवसीय कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिवस में नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने प्रहलाद प्रसंग के माध्यम से भक्त और भगवान के संबंध का मार्मिक चित्रण किया। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यिप के द्वारा उसे पहाड़ की चोटी से नीचे फेंका गया, विषपान करवाया, मस्त हाथी के आगे डाला गया। परंतु भक्त प्रहलाद भक्तिमार्ग से विचलित न हुए। परंतु भक्त प्रहलाद भक्तिमार्ग से विचलित न हुए। विपदा या मुसीबत भक्त के जीवन को निखारने के लिए आते हैं। जिस प्रकार से सोना आग की भट्टी में तप कर ही कुंदन बनता है। ठीक वैसे ही भक्ति की चमक विपदाओं के आने पर ही देदीप्यमान होती है। दूसरी बात यह कि जो भीतर की शक्ति को नहीं जानता, वह इनसे घबराते हैं। आज समाज में अनेक किताबें है जो विपरीत परिस्थितियों में साहस न छोड़ने की प्रेरणा देती है। पर उन में लिखे शब्द हमारी बारी में ही स्थान पाते हैं, कर्म में नहीं। क्योंकि जिस आत्मविश्वास की खोज हम कर रहे हैं वह आत्मा को जानने पर ही प्राप्त होगा। कहा भी गया है कि पृथ्वी पर सशक्त हथियार आत्म जागृति है। सद्गुरू की शरण में जाने पर आत्मज्ञान को प्राप्त करने के बाद ही हमारा स्वयं पर और परमात्मा पर विश्वास स्थिर होता है। फिर इस साहस से उपजता है अदम्य साहस जो हमें असंभव को संभव करने की शक्ति देता है। इसलिये जिस भी सफलता को हम प्राप्त करना चाहते हैं, उसका आधर है आत्मविश्वास, वह केवल आत्मज्ञान से ही संभव है। तदुपरांत होलिका प्रहलाद को क्षति पहुंचाने का प्रयास करती है।

अग्नि में बैठे भक्त की प्रभु ने रक्षा की। होलिका जल कर राख हो गयी। आज भी होलिका दहन का प्रचलन है। होली जिन रंगों से खेली जाती है। वे रंग तो पानी से धुल जाते हैं परंतु जो ईश्वर दर्शन कर भीतरी जगत में भक्ति के रंगों से होली मनाता है- वह विचित्र है। क्योंकि वे रंग और प्रगाढ़ हो जाते हैं। जन्मों-जन्म के लिये भगवान से संबंध स्थापित होता है। होली उत्सव कथा में मनाया गया। उसके पश्चात् भक्त की रक्षा करने प्रभ स्तम्भ में से प्रकट होते हैं। नरसिंह अवतार धरण कर उन्होने अधर्म और अन्याय को समाप्त कर सत्य की पताका को फहराया।चिंता के बजाय परमात्मा का चिंतन करें।

# मन निर्मल करने के लिए सत्संग जरूरी

महापुरुष अपने जीवन में हर पल साध संगत को महत्ता देते हैं। कोइ भी मौका हो, आपके लिए सबसे पहले साध-संगत का सहारा ही है, साध संगत का मिलाप ही है जो जीवन की नैया को डोलने से बचाता है। निरन्तर गुरुमुख महापुरुष इस साध संगत की अपने मन में कदर बना कर रखते हैं। कदर वही जान सकता है, जिसको इस चीज की कीमत का पता हो। जिसको कीमत का पता नहीं, वह कदर भी नहीं कर सकता। महापुरुषों को यह कद्र है, इसलिए इसकी कीमत भी जानते हैं, कीमत डालते हैं। इसलिए कहीं पर भी साध संगत हो, भाग-भाग करउसमें अपना पूर्ण योगदान देते हैं। यही सन्तों का कर्म हुआ करता है। कुछ लोग कहते हैं कि अब ज्ञान तो हो ही गया है, रोज-रोजी सत्संग की क्या जरुरत है? लेकिन वे ऐसा क्यों नहीं सोचते कि दो दिन पहल तो मैं नहाया ही था, आम मुझे क्यों नहाना है? जीवन में जितने भी सुख साधन, जितनी भी स्वच्छता है, उसके लिए हम कभी किसी को नहीं कहते कि अभी तो किया है, थोड़े दिनों के बाद कर लूंगा। हम जानते हैं कि भोजन अगर नहीं किया तो यह तन निर्बल होना शुरु हो जाएगा, कमजोर पड़ जाएगा। अगर हम नहीं नहाते, तो शरीर से बदबू आना शुरु हो जाएगी, इस गन्दगी के कारण शरीर को रोग लग सकता है।

इसी तरह मन को अगर निर्मल करना है, तो साध संगत का सहारा, गुरुमुख-महापुरुष का सहारा लेना पड़ता है। सन्तों की संगति प्राप्त करके ही मन निर्मल होता है और एक सहज अवस्था प्राप्त हो जाती है। साध संगत की महत्ता तभी है, जब मन से विनम्र बन के संगत की जाती है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

ऐसी भावना से साध संगत करके ही हमें गुण प्राप्त होते हैं, विश्वास प्राप्त होता है। अगर कहीं पर भी हम अभिमानी हो जाएं, हम अपने आप को सम्पूर्ण मान बैठें, तो सीखने की भावना समाप्त हो जाती है। जहां पर यह मान लिया कि मैं तो पूर्ण हो गया हूँ, वहां पर रुकावट आ जाती है, आगे बढ़ने के अवसर खत्म हो जाते हैं।

और उसके बाद इन्सान का पतन शुरु हो जाता है।

संगत के बिना कभी इस मन को विवेक नहीं मिल सकता, यह विवेक-बुद्धि बन नहीं सकती है, यह मन इस प्रभु के साथ जुड़ नहीं सकता है। यह हमेशा दुलायमान रहेगा और संसार की तरफ भाग खड़ा होगा। इस मन को इस आधार के साथ जब मनुष्य जोड़ देता है तो हमेशा उसके जीवन में एक सहज अवस्था बनी रहती है। उसका एक सरल जीवन बना रहता है। वह उस केन्द्र (परमात्मा) पर अपना निश्चय पूरा करके हमेशा आगे से आगे बढ़ता जाता है।

## पंचांग

सोमवार, 29 अप्रैल, 2024, सूर्योदयः 05:42 ए एम, सूर्यास्तः 06:55 पी एम, चन्द्रोदयः 12:17 ए एम, अप्रैल 30, चन्द्रास्तः 09:28 ए एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः पञ्चमी - 07:57 ए एम तक, नक्षत्रः पूर्वाषाढा - 04:42 ए एम, अप्रैल 30 तक, योगः सिद्ध - 12:26 ए एम, अप्रैल 30 तक, करणः तैतिल - 07:57 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 07:34 पी एम तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः धनु, राहुकालः 07:21 ए एम से 09:00 ए एम, गुलिक कालः 01:58 पी एम से 03:37 पी एम, यमगण्डः 10:39 ए एम से 12:19 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:52 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:45 पी एम से 01:38 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:24 पी एम से 04:17 पी एम, अमृत कालः 11:56 पी एम से 01:31 ए एम, अप्रैल 30, वर्ज्यः 02:22 पी एम से 03:58 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। जीवनसाथी से झगड़ा मानसिक तनाव की ओर ले जा सकता है। बेकार का तनाव लेने की जरूरत नहीं है।

**वृषः** आज आपका दिन बेहद अनुकूल रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापार में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुनः** ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। ऑफिस या फिल्ड में एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कर्कः** अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल किसी मुश्किल में फँसे इंसान की मदद करने के लिए करें। जीवनसाथी के साथ खरीदारी मजेदार रहेगी।

**सिंहः** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो रूके हुए काम में सहयोगी से मदद मिल सकती है।

**कन्याः** नौकरीपेशा लोग और बिजनेस वालों के लिए दिन शुभ है। दोस्तों की मदद से आपको धन लाभ हो सकता है।

**तुलाः** कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के जरिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है।

**वृश्चिकः** आज थोड़ी-सी मेहनत से बड़ा मुनाफा मिलेगा। आज आप समाज के कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**धनुः** कामकाज में मेहनत से फायदा होगा। लंबे समय तक चलने वाली योजना बन सकती है। पैसों और नौकरी के सवालों पर आपको उपयोगी और महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है।

**मकरः** अपने खर्चों पर काबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें। जब निवेश करने का सवाल आपके सामने हो, तो स्वतन्त्र बनें और अपने फैसले खुद लें।

**कुंभः** आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा।

**मीनः** कार्यक्षेत्र और बिजनेस में फायदा हो सकता है। आप योजनाबद्ध तरीके से चलेंगे, तो आपके लिए दिन शुभ रहेगा।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।**

# चुनाव को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर भाजपा ने की बैठक



अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

**नरवाना।** रविवार को शहर के भाजपा चुनावी कार्यलय में समस्त धमतान मंडल कार्यकारिणी की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनदीप चहल ने की। बैठक में चुनाव को जमीनी स्तर पर मजबूत करने व 30 अप्रैल को लोकसभा प्रत्याशी डॉ.अशोक तंवर धमतान मंडल के गांवों के कार्यक्रम को सफल करने व 4 मई के नामंकन के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेने व 8 मई को मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली को लेकर नरवाना विधानसभा के सभी गांवों से समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन को रैली में लेकर आने पर विचार विमर्श हुआ।

इस मौके पर भगवान दास, जोरा सिंह, सुरेश दनौदा, बलदेव वाल्मीकि, विजेंद्र शर्मा, जयदेव जुलेहड़ा, राजेंद्र नैंन, रणधीर नैंन, जैरनल सिंह, गगनदीप रसीदें व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहें।

# प्रीमियम दोपहिया वाहनों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर एथर एनर्जी के सीईओ ने भारत के बाजार की गतिशीलता में बदलाव पर प्रकाश डाला

**चंडीगढ़।** एथर एनर्जी के को फाउंडर और सीईओ, तरुण मेहता ने भारत के दोपहिया बाजार में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति पर प्रकाश डालने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने प्रीमियम मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर जोर दिया, प्रीमियमीकरण की ओर बदलाव गति पकड़ रहा है, प्रवेश स्तर के मॉडल को धीरे-धीरे उच्च-स्तरीय विकल्पों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है।मेहता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 110सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली प्रीमियम बाइक की ओर बदलाव कुछ समय से जारी है, स्कूटर में बदलाव विशेष रूप से तेजी से हुआ है। पिछले पांच वर्षों में, 110सीसी बाइक की हिस्सेदारी 43प्रतिशत से बढ़कर 52प्रतिशत हो गई है, और स्कूटर के लिए, यह 25प्रतिशत से बढ़कर 47प्रतिशत हो गई है। यह बदलाव केवल आईसीई संचालित वाहनों के बारे में नहीं है; इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भी शामिल हैं। विशेष रूप से, 2डब्ल्यू ईवी स्कूटर की बहुत सारी बिक्री अब प्रीमियम बाज़ार से होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे-जैसे भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़ती जा रही है।

**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी**

# लू से बचाव के लिए सतर्कता व जागरूकता ही बेहतर उपाय: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़ते हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, विशेषकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी इलाज से बचाव बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

उपायुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचें रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें,



टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

उपायुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

**अपने जानवरों का लू से कैसे करें बचाव**

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सड़क, गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

# मोटरसाईकिल चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार, 4 मोटरसाईकिल बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में विजय कुमार पुत्र संतोष वासी बहरोली थाना मीरगंज जिला बरेली यूपी हाल वासी मच्छीमार मोहल्ला मोहन नगर कुरुक्षेत्र व आकाश पुत्र छवि राम वासी शास्त्री नगर थानेसर को गिरफ्तार करके 04 चोरीशुदा मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को थाना कृष्णा गेट में दी अपनी शिकायत में सुधीर कुमार पुत्र ओमप्रकाश प्रकाश वासी गणेश कालोनी खेडी ब्राहमण ने बताया कि उसका आफिस दिव्या मिडिया सोल्यूशन नजदीक नागपाल नर्सिग होम रेड रोड पर है। सुबह करीब 11 बजे उसने अपनी मोटरसाईकिल एचआर-07-एइ-1927 को अपने ऑफिस के पास खडी की थी तथा गलती से चाबी बाईक मे ही रह गई थी। करीब 20 मिनट बाद जब वह बाहर आया तो उसको उसकी मोटरसाईकिल नही मिली। जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच सुभाष मंडी के हैड कांस्टेबल कृष्णा कुमार को दी गई। बाद में मामलों की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट को दी गई। दिनांक 27 अप्रैल को एंटी व्हीकल थेफ्ट कुरुक्षेत्र प्रभारी निरीक्षक जगदीश टामक के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरिक्षक जोगिन्द्र सिंह व हैड कांस्टेबल प्रवीन कुमार की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में विजय कुमार पुत्र संतोष वासी बहरोली थाना मीरगंज जिला बरेली यूपी हाल वासी मच्छीमार मोहल्ला मोहननगर कुरुक्षेत्र व आकाश पुत्र छवि राम वासी शास्त्री नगर थानेसर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से चोरीशुदा 3 मोटरसाईकिल व 1 स्कूटी बरामद की गई।

# पुलिस ने एक सप्ताह में साइबर अपराध के 11 मुकदमों में 21 आरोपी गिरफ्तार कर 24.71 लाख किए बरामद



अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए तीनों जोन की साइबर थाना की टीमो ने कार्रवाई करते हुए 21 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियो में राजस्थान के फरीदाबाद निवासी वारिस, पानीपत निवासी मोनू, गुरुग्राम निवासी विनोद कुमार उर्फ सरवन तथा विकास कुमार, भिवानी निवासी शिवम, फतेहाबाद निवासी सुमित कुमार, उत्तराखंड निवासी अंकित, दिल्ली निवासी मनमोहन रोशन व राजेश, बीकानेर निवासी राहुल, कैलाश, इंद्रजीत, रिंकू, जोधपुर निवासी महेंद्र, दिनेश, महेंद्र, गुजरात के सूरत निवासी विशाल, उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी समीम, बुलंदशहर निवासी सौरभ, गाजियाबाद निवासी दीपेंद्र, का नाम शामिल है जिन्हें दिल्ली एनसीआर, यूपी, गुजरात इत्यादि स्थानों से गिरफ्तार किया गया है।

**ऐसे होता है साइबर ठगी का खेल:** हम इंटरनेट पर किसी वेबसाइट को खोलते हैं तो वहां पर ऑनलाइन जॉब से संबंधित बहुत सारे विज्ञापन दिखाई देते हैं जिसमें प्रति महीने हजारों रूपए मात्र 3 या 4 घंटे का काम रोजाना करके कमाने का लालच दिया जाता है। इस प्रकार के विज्ञापन आमजन को लुभाने के लिए दिया जाते हैं ताकि रोजगार की तलाश में व्यक्ति उनसे संपर्क करें और वह सुनहरी नौकरी का लालच देकर उनसे पैसे ऐंठ सकें। कुछ आरोपी शेयर मार्किट में पैसे लगाकर मोटे मुनाफे की गारंटी देते है और फर्जी एप के माध्यम से पैसे लगवा देते है, जिस एप में शेयर डाउन ही नही होता और पीडित अधिक पैसे लगा ता जाता है जब पीडित पैसे निकालता है तो पैसे निकलते ही नही है। जब पीडित को समझ आता है जब तक उसके साथ फ्रॉड हो चुका होता है। कुछ सरकारी नौकरी और अच्छी कम्पनी में नौकरी के नाम पर भी ठगी करते है। साइबर ठगी के लिए साइबर अपराधी लोगों को विभिन्न प्रकार से लालच देते हैं, जिनमें से कुछ बड़े प्रकार टेलीग्राम टास्क फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, कस्टमर केयर अधिकारी बनकर फ्रॉड, लोन फ्रॉड, अश्लील वीडियों बनाकर ब्लैकमेल करके, क्यूआर, यूपीआई ,लोगों के खाते में बहाने से पैसे डलवाने का लालच देना, बैक अधिकारी बनकर ओटीपी प्राप्त करना प्रमुख है।

# पंचकूला में कांग्रेस और राहुल पर गरजे सीएम सैनी

# दादी ने नारा दिया था गरीबी हटाएंगे लेकिन गरीब और गरीब होता चला गया

कहा- पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश में बनाए 60 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप

जनता रहे सवधान हरियाणा में चल रहा घमंडी गठबंधन का खेल





अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला, 28 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 सीटों के संकल्प को साकार करने को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी प्रदेश में तबातोड़ रैलियां कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को पंचकूला पहुंचे श्री सैनी अंबाला लोकसभा सीट की प्रत्याशी बंतो कटारिया की चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर बरसे। उन्होंने देश की जनता को घमंडी गठबंधन द्वारा भ्रमित करने का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ राहुल गांधी पर भी जमकर बरसे। भाजपा की रैली में सीएम सैनी ने प्रदेश की जनता के समक्ष पिछले दस वर्षो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में हुई उपलब्धियों को गिनाया और साथ ही कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के स्पीकर एवं स्थानीय विधायक ज्ञानचंद गुप्ता, कैबिनेट मंत्री असीम गोयल व जिला भाजपा के अधिकारी एवं मेयर कुलभूषण गोयल मौजूद थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में हर काम देश के हित के लिए किया है। लोगों को सुविधाएं पहुंचाने का काम इस दस वर्षों में किया गया है। इन दस वर्षों के अंदर गरीब, महिलाओं को सशक्त करने, किसान की आय को दोगुना करने और गरीब को सशक्त करने का काम किया है। ये काम हर वर्ग के लोग के हित में किए गएं। वहीं विपक्षी गठबंधन नई नई चालें चल रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों आवाहन किया है कि वे खुद इन चालों से बचें और दूसरे को भी इन चालों से बचना है। उन्होंने कहा कि आज कल ये झूठ का सहारा लेकर लोगों में भ्रम पैदा करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान में लोगों को बोला था कि वो वोट दें वह किसानों का कर्जा माफ कर दूंगा। लेकिन पांच वर्षो में किसी ने कर्ज लिया और कोई कर्ज में दबा रहा; चार हजार किसानों ने आत्मया कर ली।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के किसानों को यह समझना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के अंदर झूठ का सहारा लेकर बात करते हैं। दिल्ली के अंदर प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि गरीबी को एक झटके में समाप्त कर दूंगा। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि उनके पास कौन सा अलादीन का चिराग है। आपके पूर्वजों ने 55 साल तक देश में राज किया। 1970 में दादी ने नारा दिया गरीबी हटाएंगे। मगर गरीब और गरीब होता चला गया। उन्होंने राहुल गांधी पर कई और कटाक्ष भी किए। नायब सैनी ने कहा कि देश में गरीबी हटाने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया। प्रधानमंत्री ऐसी योजनाएं लेकर आए जिसके आधार पर गरीबी से मजबूत होकर लड़ने का काम किया है। उन्हें गर्व है कि गरीब लोगों को पांच लाख रुपए का आज निशुल्क इलाज दिया जा रहा है। गरीब को चिंता रहती थी कि पैसा कहां से आएगा। उन्हें इस बात की खुशी है मोदी सरकार ने माताओं-बहनों को गैस का सिलेंडर देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश में चाहे वैश्विक संकट आया हो उसे भी मजबूती से लड़ा गया। कोरोना काल में मोदी सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों को आज भी राशन पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना के अंदर रेहड़ी फड़ी वालों को दस हजार रुपए खाते में पहुंचाने का काम भी मोदी सरकार ने किया है। मोदी ने देश की माता बहनों को आज सशक्त किया है। यही नहीं देख में देश में सेल्फ हेल्प ग्रुप से मोदी ने सशक्त किया है। आज देश में नरेंद्र मोदी की सरकार नें 60 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप बना कर महिलाओं को और सशक्त किया है। मोदी सरकार में महिलाओं को जो सशक्त किया है और देश को भी सुरक्षित किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर फिर निशाना साधकर कहा कि राहुल गांधी और प्रवक्ता प्रेस के अंदर घोषणा पत्र में बताते हैं कि वे न्याय देंगे। पिछले साठ वर्षों में लोगों को क्या न्याय मिल पाया है यह जनता भी देख ले। उन्होंने कहा कि उनकी नीति और नेतृत्व में अंतर है। उनकी लड़ाई भ्रष्टाचारियों को बचाने की है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अंबाला लोकसभा सीट की प्रत्याशी बंतो कटारिया को बहुमत से जिता कर नरेंद्र मोदी के 400 सीटों के संकल्प को साकार करें। उन्होंने कहा कि उत्साह और जोश के साथ आए युवाओं उसी जोश के साथ बंतो कटारिया को चुनाव में सफल बनाना है।

# हरियाणा पुलिस के एसपीओ की हत्या मामले में दो आरोपी युवक गिरफ्तार

4 दिन में सुलझाई हत्या की गुथी, पकड़े गए दोनो आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

आरोपियो के कब्जे से मृतक का बाइक, मोबाइल, खून से सने कपड़े और अन्य सामान बरामद किया



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़। यूटी पुलिस ने हरियाणा पुलिस के एसपीओ की हत्या के मामले में दो आरोपी युवक गिरफ्तार कर 4 दिनों में हत्या की गुथी को सुलझा लिया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान पंजाब के जिला पटियाला के रहने वाले 22 वर्षीय जसविंदर सिंह और 19 वर्षीय रोहन सिंह के रूप में हुई है। पकड़े के दोनों आरोपियों को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया।अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

रिमांड के दौरान पुलिस ने मामले में और भी कई अहम जानकारियां हासिल करनी है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि साउथ वेस्ट पुलिस को गुप्त सूचना टेक्निकल तकनीक के जरिए पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपियों की कब्जे से मृतक अजीत का बाइक, उसका मोबाइल फोन,आरोपियों के खून से लथपथ कपड़े और अन्य सामान बरामद किया।

## क्या था मामला

जानकारी के मुताबिक पुलिस को 23 अप्रैल को लगभग 7 बजकर 25 मिनट पर चंडीगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम से एक वायरलेस संदेश प्राप्त हुआ था कि मलोया स्थित मन्दिर के नज़दीक पलसोरा चौकी के सामने झाड़ियों में खून से लथपथ एक अज्ञात व्यक्ति जिसने पुलिस की वर्दी डाल रखी है। उसका शव पड़ा है। मामले की सूचना पाते ही यूटी पुलिस की क्राइम ब्रांच, डिस्ट्रिक क्राइम सैल पुलिस और अन्य पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच पड़ताल के दौरान पता चला की यह शव जुझार नगर जिला मोहाली के रहने वाले अजीत सिंह का है। जो की हरियाणा पुलिस के एसपीओ के पद पर कार्यरत था। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे ट्रेन से चंडीगढ़ आए थे।और शहर से अच्छी तरह वाकिफ नहीं थे और जब वे सेक्टर-17 के पास एक सड़क पर खड़े थे। और सेक्टर-16 गार्डन की ओर जा रहे थे। तो उन्होंने एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। हरियाणा पुलिस की वर्दी पहने मोटरसाइकिल सवार ने उनके बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वे आनंदपुर साहिब से पटियाला जाना चाहते थे।लेकिन ट्रेन फतेहगढ़ साहिब में नहीं रुकी। इसलिए वे चंडीगढ़ में उतर गए।मोटरसाइकिल सवार/एसपीओ ने उनके अनुरोध पर उन्हें गुरुद्वारा साहिब सोहाना में छोड़ने के लिए सहमति जताई। लेकिन मोटरसाइकिल सवार उन्हें गुरुद्वारा साहिब फेज-6 मोहाली ले गया और अपनी मोटरसाइकिल पार्किंग एरिया में खड़ी कर दी। और उन्हें मंदिर सेक्टर-56 के पास जंगल एरिया में ले गया और उनसे आग्रह किया कि वह उनसे किसी गुप्त मुद्दे पर बात करना चाहता है। हालांकि उक्त स्थान पर मृतक और आरोपी के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों आरोपियों ने मृतक को दबोच लिया। उन्होंने लाठी-नुकीली चीज का भी इस्तेमाल किया जो उन्होंने आनंदपुर साहिब से खरीदा था। इस दौरान उन्होंने उस पर पत्थरो से भी हमला किया।जिससे वह गिर गया। इसके बाद वे उसका सामान यानी पर्स,मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। मोटरसाइकिल पार्किंग लेकर फरार हो गए थे।

# अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई जारी, 258 बोतलें जब्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, आबकारी एवं कराधान विभाग ने शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ अपनी निरंतर कार्रवाई जारी रखी है। पिछले सप्ताह के दौरान, विभागीय अधिकारियों ने कठोर निरीक्षण किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 88,000 रुपये मूल्य की 258 बोतलें जब्त की गई हैं। जब्त की गई शराब में विदेशी और घरेलू दोनों तरह की शराब शामिल है। आबकारी एवं कराधान आयुक्त श्री रूपेश कुमार, ने आबकारी नीति और आबकारी अधिनियम 1914 के साथ-साथ इससे संबंधित नियमों को लागू करने पर विभाग के अडिग रुख को दोहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्थापित कानूनी ढांचे से विचलन के लिए कोई जगह नहीं छोड़ते हुए सख्त सतर्कता उपाय जारी रहेंगे।

# जरूरतमंदों को उनके घरों पर ही कानूनी सेवा व स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने में जुटी सेवा दा पार्टनर वेलफेयर सोसायटी



दर्जनो कैंप आयोजित करके किया जा चुका है लोगों के स्वास्थय का चेकअप

पंचकूला। सेवा दा पार्टनर वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिला के गांव किशनगढ़ और आशियाना निवास सेक्टर 26 में सेवा निवृत डा. निखिल वर्मा ने लोगों के स्वास्थय की जांच करके निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इसके अलावा कानून सेवा बारे भी जानकारी दी गई। उन्होंने इस दौरान कई मरीजों को देखा और कहा कि संस्था का मुव्य उदेश्य लोगों विशेषकर जरूरतमंदों की सेवा करना है। यह संस्था काफी समय से लोगों की सेवा में कार्यरत है। सस्था की महासचिव कामिनी ने उपरोक्त जानकारी सांझा करते हुए कहा कि सेवा का यह कार्य संस्था द्वारा समय समय पर जारी रहेगा।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालका में एल्यूमिनी मीट मिलाप -2024 का आयोजन



अर्थ प्रकाश/कोमल रमोला

कालका। श्रीमती अरुणा आसिफ अली राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालका में प्राचार्या प्रोमिला मलिक के नेतृत्व में एल्यूमिनी मीट मिलाप 2024 का रंगारंग आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय कालका से पढ़ी हुई जस्टिस राज राहुल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

एलुमनी मीट में पास आउट विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादें व अनुभवों को सांझा किया। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा आयोजित एलुमनी मीट की प्रशंसा की। सभी ने कहा कि यह सिर्फ हमारा कॉलेज ही नहीं, हमारा परिवार है, यहीं से शिक्षा और संस्कार प्राप्त करके हम जीवन में सफल हो पाए हैं। यहां के पूर्व विद्यार्थी विभिन्न पदों पर आसीन है। कुछ विद्यार्थी फिल्मी दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।

प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज हमेशा अपने पूर्व विद्यार्थियों को याद करता रहेगा तथा यह आशा भी व्यक्त की सभी पूर्व विद्यार्थी तन व मन से सहयोग करते रहेंगे।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी हार्दिक, नेहा, काजल, रवि और बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी शुभम ने हे राम और हरे रामा हरे कृष्णा धुन पर समूह सितार वादन प्रस्तुत किया। बीए प्रथम वर्ष की चासना ने सालोना सा सज्जन है एक मैं हूं गायन गाया। डॉ पूनम रानी और प्रोफेसर जगपाल के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

प्रस्तुत कार्यक्रम एल्यूमिनी मीट की आयोजन कमेटी डॉक्टर गीतांजलि, डॉक्टर नीरू शर्मा, प्रोफ़ेसर गीता, प्रोफेसर सोनू , प्रोफेसर डॉक्टर नवनीत नैंसी, असिस्टेंट प्रोफेसर सविता, डॉक्टर शबनम अरोड़ा के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। एलुमनी मीट के सदस्य एडवोकेट विजय बंसल, हरमेल सिंह, जितेंद्र, अरुण कुमार, संजीव बंसल और डॉक्टर रामचंद्र हैं। समस्त महाविद्यालय का वातावरण बहुत उत्साह पूर्ण रहा।

# संसद में अंबाला निर्वाचन क्षेत्र का किसी ने नहीं उठाया मुद्दा, हमेशा रही चुप्पी : वरुण चौधरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। किसी ने भी संसद में अंबाला निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की मांगों और चिंताओं को नहीं उठाया है। पिछले 10 वर्षो से संसद में अंबाला निर्वाचन क्षेत्र पर पूरी तरह से चुप्पी थी। अंबाला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी ने रविवार को पंचकूला में आयोजित पत्रकार वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। कांग्रेस नेता के साथ पंचकूला शहर में पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन, नगर निगम पार्षद सलीम डबकौरी, पंचकूला नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र अहलूवालिया भी शामिल हुए। कालका के विधायक प्रदीप चौधरी भी कालका में उनके साथ शामिल हुए। यह पूछे जाने पर कि इंडिया ब्लॉक में गठबंधन में होने के बावजूद कांग्रेस के कार्यक्रमों में आम आदमी पार्टी के नेताओं का कोई संकेत नहीं था, उन्होंने कहा कि आप के वरिष्ठ नेता कल यमुनानगर और जगाधरी में हमारे अभियान के दौरान हमारे साथ शामिल हुए थे। संपत्तियों के पुनर्वितरण और अन्य को लेकर कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर भाजपा नेताओं के आरोपों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आरोप मामूली हैं। उन्होंने कहा कि वह उन पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहते क्योंकि किसी को भी इतने निचले स्तर पर बयान जारी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात लोगों की सरकार चुनना है, जिसे भाजपा चला रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी दोषपूर्ण नीतियों के कारण लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के कारण भाजपा जहां भी जा रही है। उसे लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। उनकी रैलियां विभिन्न मामलों में विफल रही हैं। वे लोगों की मदद करने में विफल रहे हैं, लेकिन वे लोगों को झूठी गारंटी दे रहे हैं। निर्वाचन क्षेत्र के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी ने भी संसद में अंबाला निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की मांगों और चिंताओं को नहीं उठाया है। यहां तक कि पिछले 10 वर्षो से ना कोई पंचकूला की जनता में गया और ना ही संसद में अंबाला निर्वाचन क्षेत्र पर कोई चर्चा हुई। किसी ने जनता की आवाज नहीं उठाई लेकिन वह लोगों के मामलों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कुछ ही दिनों में अपना पंचकूला कार्यालय खोलेगी। चौधरी दो मई को चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही विधान सभा में एक विधायक के रूप में किया है, जिससे लोगों के हित में कई बदलाव आए हैं।

प्रेस वार्ता से पूर्व वरुण चौधरी ने सेक्टर 15 में बिश्नोई भवन में आयोजित एक जनसभा में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर में वह खान भी जा रहे हैं लोगों में मायूसी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में किसान, कर्मचारी और यहां तक कि सरपंचों को भी दबाया गया। वरुण चौधरी मुलाना ने भाजपा को अग्निवीर योजना पर भी कटाक्ष किया और कहा कि युवाओं के भविष्य बनाने की योजना बनाते समय युवाओं के जीवन भर की कमाई को सिर्फ चार साल में समेट दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस के लिए मतदान करने की अपील करें। वे लोगों की मूलभूत समस्याओं को भी जाने।

# राज्यपाल ईद समारोह में हुए शामिल, एकता व भाईचारे का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता




चंडीगढ़। चंडीगढ़ सेक्टर 17 स्थित होटल हयात में आयोजित ईद मिलन समारोह में सांप्रदायिक सौहार्द और उत्सव की भावना की झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक की गरिमामयी उपस्थिति से सुशोभित यह कार्यक्रम समुदायों के बीच एकता और भाईचारे का प्रमाण था।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने 'ईद-उल-फितर' या 'ईद' के अवसर पर हार्दिक बधाई दी और भारत के धर्मो, समुदायों और जातियों की समृद्ध परंपरा और विविधता में एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने में त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला और ईद-उल-फितर' को भारत और दुनिया भर में भक्ति और खुशी के साथ मनाए जाने वाले एक प्रमुख उदाहरण के रूप में उद्धृत किया।

मुख्य अतिथि ने मुस्लिम समुदाय के लिए रमज़ान के महीने के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया, जिसमें उपवास के माध्यम से आत्म-शुद्धि और आत्म-नियंत्रण और मन की शुद्धता के विकास पर जोर दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईद प्रेम, करुणा और स्नेह फैलाने का त्योहार है, जहाँ मुसलमान नमाज़ अदा करने और अपने और अपने प्रियजनों के लिए अल्लाह से क्षमा माँगने के लिए एक साथ आते हैं।

ईद के उत्सव की आधारशिला, दान को सभी धर्मों में एक सार्वभौमिक गुण के रूप में उजागर किया गया। सिख धर्म, हिंदू धर्म और कुरान की शिक्षाओं की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हुए, कम भाग्यशाली लोगों को वापस देने के महत्व पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि ने पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं और ईश्वर की सेवा के रूप में 'मानवता की सेवा' के लोकाचार को दोहराते हुए, गरीबों और कमजोरों का समर्थन करने के लिए संपन्न लोगों के कर्तव्य पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा इमाम संगठन के अध्यक्ष मौलाना अशरुद्दीन, हरियाणा राज्य हज समिति, हरियाणा के अध्यक्ष मोहसिन चौधरी और पंजाब के पूर्व मंत्री नुसरत अली खान सहित अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।

# एसीजी चंडीगढ़ के ब्रांड एंबेसडर बने पैरा क्रिकेटर आमिर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर से अपनी दोस्ती को लेकर जेके पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन इन दिनों सुर्खियों में हैं। इतना ही नहीं, सबसे अमीर भारतीय बिजनेस हाउस अडानी ग्रुप ने भी ट्वीट कर आमिर की क्रिकेट के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की है। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. अंशू कटारिया ने कहा कि वह भारत के युवाओं के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। हम पिछले कुछ वर्षो से उनके संपर्क में हैं और आखिरकार, हमने उन्हें आर्यन्स ग्रुप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का फैसला किया है।

आमिर ने डॉ. अंशू कटारिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले एक दशक से कई मीडिया प्लेटफॉर्म से गुजरते हुए उन्हें आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके क्षेत्र अनंतनाग, जेके के कई छात्र यहां आर्यन्स में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे हैं। जब आर्यन्स ग्रुप ने मुझे ब्रांड एंबेसडर बनने की पेशकश की तो मुझे खुशी हुई। अब यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं कश्मीर के बाहर भी जेके युवाओं से जुड़ा रहूंगा।

आपको बता दें कि क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने आमिर हुसैन को इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) की पहली गेंद खेलने के लिए आमंत्रित किया है और उन्हें कई बॉलीवुड सितारों से भी मिलवाया है।

विराट कोहली, हरभजन सिंह, नवजोत सिद्धू, आशीष चोपड़ा, अजय जड़ेजा ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्रिकेट के प्रति उनके जुनून की सराहना की है। क्रिकेटर खेलने की शैली अनोखी है। वह अपने पैरों का उपयोग करके गेंदबाजी करते हैं और अपने कंधे और गर्दन का उपयोग करके बल्लेबाजी करते हैं।

# राज्यपाल ने लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट की रजत जयंती ट्रॉफी का किया अनावरण

चंडीमंदिर छावनी में तीसरी बटालियन ने अपनी रजत जयंती बड़ी भव्यता के साथ मनाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। चंडीमंदिर छावनी में तीसरी बटालियन , लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट, जिसे ज़ेडांग सुम्पा के नाम से भी जाना जाता है, ने अपनी रजत जयंती बड़ी भव्यता के साथ मनाई। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लेफ्टिनेंट जनरल एमकेएस कटियार, एवीएसएम जीओसी-इन-सी मुख्यालय पश्चिमी कमान के साथ बटालियन की रजत जयंती ट्रॉफी का अनावरण किया। तीसरी बटालियन, लद्दाख स्काउट्स को मूल रूप से 1948 में नुब्रा गार्ड्स के रूप में स्थापित किया गया था, बटालियन वर्ष 2000 में अपने वर्तमान स्वरूप में आई, तब से यह इकाई भारतीय सेना की बेहतरीन पर्वतीय युद्ध विशेषज्ञ इकाइयों में से एक बन गई है। पिछले ढाई दशकों में, यूनिट ने सीमाओं और भीतरी इलाकों में विभिन्न अभियानों के दौरान सिविल अथॉरिटी के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता के रूप में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम के दौरान तीसरी बटालियन , स्काउट्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आशीष मोहंती और पश्चिमी कमान में नागरिक सैन्य मामलों के सलाहकार कर्नल जसदीप संधू ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय का गर्मजोशी से स्वागत किया। सेना कमांडर मुख्यालय पश्चिमी कमान ने यूनिट की सराहना की और इसके भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं ।

# अनुसूचित जातियों में एक ही जाति विशेष को प्राथमिकता देना कांग्रेस को पड़ेगा भारी : एडवोकेट राकेश करोतिया

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अवाम के प्रवक्ता एडवोकेट राकेश करोतिया ने बताया की कांग्रेस शुरू से ही अनुसूचित जातियों के एक वर्ग जो की कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी माना जाता है, को नजर अंदाज करती आई है जबकि यह वर्ग अनुसूचित जातियों में पचास प्रतिशत वोट बैंक का मालिक है , लेकिन उसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी इस वर्ग के साथ कभी भी न्याय नहीं कर पाई ,और इस वर्ग के आरक्षण के अधिकार को भी समाप्त करने का श्रेय कांग्रेस को ही जाता है वर्ष 2019 के संसदीय चुनाव में भी कांग्रेस ने हरियाणा की दोनो आरक्षित सीटों पर अनुसूचित जाति की एक ही जाति विशेष को टिकट दी थी जिसमे अंबाला से देश की बड़ी दलित नेता कुमारी शैलजा को मुंह की खानी पड़ी थी ज्ञात रहे उस वक्त कुमारी शैलजा के जीजा पूर्व आई ए एस अधिकारी श्री आर के रंगा ने भी 2019 के संसदीय चुनाव में अनुसूचित जाति के नाराज वर्ग को मनाने के लिए तीन बार जिसमे से दो बार पिंजौर गार्डन वा एक बार अपने निवास पंचकुला पर गोलमेज कांफ्रेंस की थी जिसमे श्री रंगा विफल रहे थे और कांग्रेस पार्टी ने अब 2024 के संसदीय चुनाव में भी वो ही गलती दोहराई है जो कांग्रेस के लिए घातक सिद्ध होगी क्योंकि इस समय अनुसूचित जाति वर्ग ए कांग्रेस से भयंकर नाराज है जिसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर युवा नेता एडवोकेट विनोद गौरी , एड. राज गौरी,एड. गोपाल चंदेल, एड.सतबीर राणा, एड.वीरेंद्र धीमान , एड. शिव कुमार ,एड.बलबीर ठाकुर, एड. विशाल गोयल, राजेश कुमार, पूर्व पार्षद कृष्ण चंद, पूर्व पार्षद सोम नाथ वरिष्ठ वाल्मीकि नेता सुरिंदर चौहान ने भी बाबा साहेब को अपनी श्रद्धांजलि दी।




Bathinda: Santi 9780809351, Ludhiana 1: Raj 9814688000, Ludhiana 2: D.L Medical 9855603111, Sangrur 1: Ambay 9463559867, Sangrur 2: Rama 7696897760, Batala: Anmol 9464731685, Rampura: Deepak 9478759676, Rajpura: Deepak 9872213317, Jagron: Dr. Gupta 9417086337, Amritsar 1: G.S Medicine 9888453620, Amritsar 2: Khushab 7837215211, Amritsar 3: New Punjab 9876050155, Ferozpur 1: Ganpati 9463427229, Ferozpur 2: Parwaz 9417380555, Barnala 1: Garg 9815143319, Barnala 2 : Krishna 9815014111, Barnala 3: Om Prakesh 8146947152, Rahon: Gee Medical 9814940353, Tapa: Gill Medical: 9417638448, Hoshiarpur: Gokal 9814093906, Mansa 1: Goyal 9815563046, Mansa 2: Durga 9815131467, Kharar 1: Jain 9988378785, Kharar 2: P.C Jain 9988389896, Pathankot: Khanduja 9814133798, Jalandhar 1: Maddan 9815200866, Jalandhar 2: SR. Agencies 9815011423, Kotakpura: Mahadev 9872761234, Abohar: Mohit 9464205979, Nabha: Jain 9815251507, Moga: Romy 9417231231, Patiala: Raman 9888941352, Mour Mandi: SR. Agencies 9417581575, Kapurthala: SK. Traders 9417313133, Rama Mandi: SS. Pharma 9988224445, Malerkotla: Sher Trading 9814446658, Patiala: Shivom 9463074891, Bhagta: Yash 9815958279, Muktsar: Avinash 9814913366, Mansa: Satish 9878956037, Nawashehr: Friends 9815990901, Samana: Arora 9855710052, Tarantaran: Anmol 9256156672, Firozpur Cantt: Shiva 9855243377, Firozpur City 1: Varinda 9417448148, Firozpur City 2: Kamal 9877186485, Khanna: Gill 9872482735, Khanna: Vishal 9329800007, Rampura Phul 1: Panna Lal 9317557705, Rampura Phul 2: Prem Kumar 9815771690, Rampura Phul 3: Bharat 9876540399, Rampura Phul 4 : Deepak 9478459676, Faridkot 2: Labha Ram 8556800090, Faridkot 3: Kanshi Ram 8054270764, Ambala: Ram Kishan 9255151333, Fatehbaad 3: Rameshwer 9812490666, Rohtak: Jaswant 9996797007




# समाज में जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है जैन समाज सदैव आगे रहकर मदद करता है: बंडारू दत्तात्रेय



कहा- जैन धर्म शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देने वाला अनोखा धर्म

अर्थ प्रकाश संवाददाता




### महिलाओं का आगे बढ़ना गर्व की बात

राज्यपाल ने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और और समाज व राष्ट्र का नाम रोशन कर रही हैं। हमें महिलाओं को अभी और आगे लाने के लिए तेजी से प्रयास करने हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता पूर्व सांसद सत्यपाल जैन और जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सुखराज नाहर ने राज्यपाल हरियाणा का अभिनंदन करते हुए उनकी कार्यशैली और व्यक्तित्व की सराहना की।







**चंडीगढ़, 28 अप्रैल।** हमारे देश में जैन धर्म के अनुयाई अल्पसंख्यक समुदाय में छठे नंबर पर होने के बावजूद भी उद्योग शिक्षा स्वास्थ्य समाज कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और समाज को नई दिशा देने में सदैव अग्रणी रहा है। ये उदगार हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जैन समाज को और जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन ; जीतो को बधाई देते हुए व्यक्त किए। राज्यपाल शनिवार रात को जीरकपुर में होटल रमाडा प्लाजा में आयोजित जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन के 70वें चैप्टर की स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम का संचालन रमन जैन और उनकी टीम की देखरेख में हुआ।

इस अवसर पर सत्यपाल जैन अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं पूर्व सांसद जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सुखराज नाहर अध्यक्ष कांतिलाल ओसवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन व कुशल जैन, महासचिव मनोज मेहता, विक्रम जैन व तरूण जैन निदेशक अपैक्स, हरीश जैन चेयरमैन जेपीएफ अपैक्स, मयूर जैन चेयरमैन नई दिल्ली, राजकुमार जैन नार्थ दिल्ली, राजीव जैन चेयरमैन लुधियाना, प्रवीन चेयरमैन फरीदाबाद, चीफ सेक्रेटरी सुयेश, संजय चीफ सेक्रेटरी गुरूगाम, अश्वनी चीफ सेक्रेटरी नोएडा, पवन चीफ सेक्रेटरी लुधियाना, मिनाक्षी लेडी विंग नई दिल्ली, कुसुम लेडी विंग फरीदाबाद, मंजू लेडी विंग लुधियाना, प्रदीप जैन कंट्री इन, विनय जैन एमएलएम इंडिया व नॉर्थ जोन के अध्यक्ष बजरंग बोथरा केएलजे ग्रुप के हेमंत जैन लेडीज विंग की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता लालवानी और चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष लोकेश जैनए वाइस चेयरमैन धर्म बहादुर जैन, महावीर जैन, मुख्य सचिव सुनील जैन, मुख्य कैशियर सुधीर जैन, सलाहकार एडवोकेट अजय जैन, भूपिंदर जैन सहित अन्य जैन बंधु उपस्थित थे। इसके अलावा इस चेप्टर की शुरूआत करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले रमन जैन, संजय जैन, सेलेष जैन, हेमंत जैन, विकास जैन, मनीष जैन व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। राज्यपाल हरियाणा ने अंतरराष्ट्रीय संगठन जीतो को हृदय से मुबारकबाद देते हुए कहा कि समाज में जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है जैन समाज सदैव आगे रहकर मदद करता है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि जैन धर्म शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देने वाला अनोखा धर्म है।

राज्यपाल हरियाणा ने कहा कि जैन समुदाय के आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज आचार्य श्री महाश्रमण जी आचार्य डॉक्टर शिव मुनि जी आचार्य श्री नित्यानंद जी महाराज प्रमुख उद्योगपति श्री मोतीलाल ओसवाल जी गणपत जी चौधरी अशोका बिल्डकॉन कन्हैया लाल जैन जी इत्यादि अनेकों महान स्वतंत्रता सेनानियों आध्यात्मिक गुरु साधु साधुओं शिक्षाविदों उद्योगपतियों खिलाड़ियों एवं अन्य विद्वानों ने समर्पित भाव से राष्ट्र की सेवा करके देश व समाज में अपनी अलग.अलग पहचान बनाई है जिसके लिए समस्त जैन समुदाय बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म हम सबको सिखाता है कि जियो और जीने दो एवं अहिंसा परमो धर्म जैसे मूल्यों को हम सब अपने जीवन में धारण करें और अपने और समाज में शांति का प्रचार प्रसार करें। वर्तमान में दुनिया के हमास ईरान इजरायल यूक्रेन रूस जैसे विभिन्न देशों में हो रहे इस युद्ध के समय में हम सबको भगवान महावीर के दिखाए रास्ते पर चलने की बेहद जरूरत है तभी हम सब दुनिया के लोग आपस में सुख शांति आपसी सद्भाव एवं भाईचारे की भावना से रह पाएंगे।

## समारोह में जैन समाज से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग



जीतो के 70वें चैप्टर के पदाधिकारियों ने ली शपथ

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 अप्रैल।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के 70 चैप्टर जीतो के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ली। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन चंडीगढ़ चैप्टर का शनिवार को इंस्टॉलेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान संस्था के चयनित किए गए पदाधिकारियों ने शपथ ली और जीतो को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जीतो चंडीगढ़ चैप्टर के चेयरमैन के तौर पर लोकेश जैन धर्म बहादुर और महावीर जैन ने वाइस चेयरमैन चीफ सेक्रेटरी के तौर पर एडवोकेट सुनील जैन भूपिंदर जैन और अजय जैन ने एडवाइजर सुधीर जैन ने कोषाध्यक्ष और राजीव जैन ने मेंटर के तौर पर शपथ ली। जीतो नॉर्थ जोन के चेयरमैन बजरंग बोथरा जीतो एपेक्स के वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान के प्रिंसिपल सेक्रेटरी हिमांशु जैन भाजपा चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष कैलाश जैन पूर्व एस डी एम हरीश जैन रविंद्र जैन इत्यादि मौजूद रहे।

जीतो के लेडीज विंग की चेयरपर्सन के तौर पर आशिमा जैन वाइस चेयरपर्सन आरजू जैन पैटर्न मेंबर एमी जैन चीफ सेक्रेटरी विभा जैन मेंबर के तौर पर अंजुला जैन, अनुराधा जैन, गौरी जैन, यशिका जैन, संगीता जैन, उपासना जैन, अशमा जैन, भारती जैन चंद्रकला जैन, शिल्पा जैन, कमलेश जैन, पायल जैन, सुजाता जैन, रुचि जैन, समीरा जैन, योशिका जैन ने शपथ ली। इस दौरान जीतो एपेक्स के लेडीज विंग की चेयरपर्सन संगीता ललवानी, जीतो लेडीज विंग नॉर्थ जोन की चेयर पर्सन सोनाली जैन, जीतो एपेक्स की चीफ सेक्रेटरी संगीता जैन मौजूद रही और उन्होंने लेडीज विंग चंडीगढ़ चैप्टर के सभी पदाधिकारियों और मेंबरों का उत्साह बढ़ाया।

**जैन समुदाय से जुड़े बच्चे तेजी से कर रहे प्रगति :** जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के 70 चैप्टर की बीते दिनों चंडीगढ़ में लांचिंग हुई थी। इसके पदाधिकारी चुने गए थे उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जीतो के कई वर्टिकल्स जीतो के वर्टिकल्स को मजबूती प्रदान करने और नये वर्टिकल्स तैयार करने की दिशा में भी जीतो नार्थ जोन की टीम पूरे जोर शोर से काम कर रही है। प्रशासनिक सेवाओं से लेकर स्टार्टअप शुरू करने या विदेश जाकर पढ़ाई करने में जैन समुदाय से जुड़े बच्चे तेजी से प्रगति कर रहे हैं। जैन समुदाय के लोग आपसी व्यापार में भी जीतो की अपील के बाद एक दूसरे का समर्थन कर रहे हैं जिससे पूरा जैन समाज तरक्की की राह पर चल निकला है। जैन समुदाय देश में ज्यादा बड़ी तादाद में नहीं है लेकिन बावजूद इसके समुदाय ने अपने व्यापारिक गतिविधियों के साथ साथ हर क्षेत्र में गहरी छाप छोड़ी है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत में जैन समुदाय की गिनती महज 2 करोड़ है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था में उनकी 20 प्रतिशत योगदान है। आर्गेनाइजेशन के कई वर्टिकल्स काम कर रहे हैं।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)